विश्व जल दिवस आज

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 14, मूल्य ₹ 6.00 | वर्ष 17, अंक 246

नई दिल्ली, शुक्रवार 22 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, 2080 | 12 राज्य | 61 संस्करण



शराब घोटाला; दिल्ली के सीएम केजरीवाल गिरफ्तार; पद पर रहते पहली ऐसी कार्रवाई... सुप्रीम कोर्ट पहुंची 'आप'

आम आदमी का 'खास' भी अंदर

केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट में अपना केस खुद लड़ेंगे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में ईडी ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। देश में पहली बार सीएम पद पर रहते हुए किसी पर ऐसी कार्रवाई हुई है। इसी साल 31 जनवरी को झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था, पर उससे पहले उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। ईडी के 10 अफसरों की टीम ने केजरीवाल से दो घंटे पूछताछ के बाद रात करीब 9 बजे उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान केजरीवाल और उनके परिजनों का फोन जब्त कर लिया गया था। सीएम आवास के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचे आप कार्यकर्ताओं ने नारे भी लगाए और हंगामा किया। इससे पहले हाई कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। उन्हें गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया। ईडी शराब घोटाले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को 9 समन जारी कर चुकी है, पर वे पेश नहीं हुए। गिरफ्तारी के बाद आप के वकीलों की टीम देर रात सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार के घर पहुंची। मंत्री आतिशी मार्लेना ने कहा, वकील तत्काल सुनवाई का अनुरोध करेंगे। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को मामले की सुनवाई कर सकता है।

अंदर पढ़ें
...और फंसते चले गए आप के नेता पेज 11 पर



सिसोदिया 13 महीने व जैन 23 महीने से सलाखों में हैं...

11 साल में आप के 17 नेता जेल जा चुके...

संजय सिंहः दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी।
मनीष सिसोदियाः डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप।
सत्येंद्र जैनः स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ।
इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर सिंह, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।
(मुख्यमंत्री केजरीवाल के पास अभी कोई विभाग नहीं है।)

यूं समझें मामला... 2,873 करोड़ का नुकसान, ₹100 करोड़ 'घूस'

- शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ।
- आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ

- **2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के।** इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है।
- यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

यूं चला घटनाक्रम

- **शाम 07:00 बजे :** ईडी की टीम सीएम आवास पहुंची।
- **शाम 07:15 बजे :** सीएम आवास पर तलाशी शुरू की।
- **शाम 8:01 बजे :** सीएम आवास के बाहर मजबूत सुरक्षा इंतजाम। दिल्ली पुलिस, आरएएफ टीम और पैरा मिलट्री फोर्स तैनात हुई।
- **शाम 8:10 बजे :** सीएम के फोन को ईडी ने जब्त किया।
- **शाम 8:18 बजे :** सीएम आवास के बाहर आप कार्यकर्ता और नेता जुटने और नारेबाजी करने लगे।
- **शाम 8:29 बजे :** सीएम आवास में धारा 144 लगाई गई।
- **शाम 8:30 बजे :** ईडी ऑफिस के बाहर धारा 144 लगाई गई।
- **शाम 8:32 बजे :** ईडी ऑफिस के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई।
- **रात 9:13 बजे :** सीएम केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया।
- **रात 11:02 बजे :** सीएम को लेकर ईडी की टीम सीएम आवास से निकल गई।
- **रात 11:26 बजे :** केजरीवाल को ईडी मुख्यालय लाया गया।
- **रात 11:45 बजे :** केजरीवाल के घर से सबूत से जुड़े गैजेट्स और दस्तावेज जब्त किए गए।
- **रात 11:54 बजे :** केजरीवाल को ईडी लॉक अप में रखा गया।

ईडी के केजरीवाल से 7 सवाल?

पढ़ें : दिल्ली फ्रंट पेज

राहुल बोले- इंडिया' मुंहतोड़ जवाब देगा

डरा हुआ तानाशाह, मरा हुआ लोकतंत्र चाहता है। अकाउंट फ्रीज करना 'असुरी शक्ति' के लिए कम था, तो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करने लगे। 'इंडिया' मुंहतोड़ जवाब देगा।

कुमार विश्वास का इशारों में तंज

कुमार विश्वास ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद लिखा... 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखा। जो जस करहि सो तस फल चाखा॥'

इलेक्टोरल बॉन्ड; स्टेट बैंक ने पूरी जानकारी दी, मेघा ने भाजपा को 664 करोड़, कांग्रेस को 128 करोड़ दिए

चंदे का 'सच' बाहर

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्टेट बैंक ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा पूरा डेटा निर्वाचन आयोग को सौंप दिया। आयोग ने इसे सार्वजनिक किया है। इसमें बैंक ने बॉन्ड का अल्फा न्यूमेरिक नंबर भी बताया है, जिससे पता चल गया है कि किस कंपनी ने किस सियासी दल को कितना चुनावी चंदा दिया।

नए डेटा से खुलासा हुआ है कि भाजपा-कांग्रेस दोनों को सबसे ज्यादा चंदा एक ही कंपनी मेघा इंजी. एंड इंफ्रा और उसकी सब्सिडियरी वेस्टर्न यूपी पावर ने चंदा दिया है। इसने भाजपा को 664 करोड़ और कांग्रेस को 128 करोड़ चंदा दिया। इसी कंपनी ने केसीआर की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भी 390 करोड़ रु. चंदा दिया। कांग्रेस को दूसरा सबसे बड़ा 104 करोड़ का चंदा वेदांता ने दिया। 542 करोड़ चंदे के साथ फ्यूचर गेमिंग एंड होटल तृणमूल की सबसे बड़ी डोनर रही।

623 करोड़ गोपनीय चंदे में मिलेः बॉन्ड से 623 करोड़ गोपनीय रूप से पार्टियों को मिले। इनमें 466.31 करोड़ भाजपा व कांग्रेस को 70.77 करोड़ मिले। ये रकम अप्रैल 2019 की है, तब कंपनियां गुप्त चंदा दे सकती थीं।

यह डेटा नहीं :

इलेक्टोरल बॉन्ड की ताजा सूची में अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 तक का डेटा है। इसमें मार्च 2018 से 1 अप्रैल 2019 का डेटा नहीं है। इस दौरान 4002 करोड़ रुपए के 9159 इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे। इसकी जानकारी के लिए सुप्रीम कोर्ट में अलग से याचिका लगाई गई है।

बड़े सियासी दलों को किन कंपनियों ने दिया चंदा

टॉप 5

भाजपा

डोनर	कुल राशि करोड़
मेघा इंजी.& वेस्टर्न यूपी	664
क्विक सप्लाई चेन	375
वेदांता	226.65
भारती एयरटेल	183
मदनलाल लि.	175.50

कांग्रेस

डोनर	कुल राशि करोड़
मेघा इंजी.& वेस्टर्न यूपी	128
वेदांता	104
एमकेजे	69.35
यशोदा हॉस्पिटल	64
अवीज ट्रेडिंग	53

तृणमूल

डोनर	कुल राशि
फ्यूचर गेमिंग	542
हल्दिया एनर्जी	281
धारीवाल इंफ्रा	90
आईएफबी एग्रो	42
पीसीबीएल लि	40

बीआरएस

डोनर	कुल राशि
मेघा इंजी.&	390
यशोदा हॉस्पिटल	94
चेन्नई ग्रीन वुड्स	50
डॉ. रेड्डी	32
हेटेरो ड्रग्स	30

बीजद

डोनर	कुल राशि
एसेल माइनिंग	174.50
जिंदल स्टील	100
उत्कल एलुमिना	60
रुंगटा सन्स	50
रश्मि सीमेंट लि	45

चंदे के लेन देन की पूरी लिस्ट देखें

किस कंपनी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया, जानने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

लॉटरी किंग ने भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल, डीएमके सबको दिया

पढ़ें: पेज 05 पर

मौसम

तापमान

दिन 32^{0} अधिकतम | रात 15^{0} न्यूनतम

बादल छाए रहेंगे, तेज हवाएं चलने की उम्मीद

शहर में आज

आर्ट/ कल्चर/ रंगमंच

त्यौहारः ध्रुपद वैभवी

कहांः एनेक्सी व्याख्यान कक्ष, आईआईसी एनेक्सी, लोदी स्टेटस, नई दिल्ली, **शाम** 06.30 बजे

वार्ताः इतिहास की सीमाएं

कहांः सम्मेलन कक्ष आईआईसी मुख्य भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली, **शाम** 06.30 बजे

हाईकोर्ट में ही केजरीवाल को गिरफ्तार करने की ईडी ने तैयार कर ली थी पटकथा

7 सवालों के जवाब नहीं देने पर ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

शेखर घोष | नई दिल्ली

आबकारी घोटाले में फंसे सीएम केजरीवाल गिरफ्तारी से बचने के लिए हाई कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन ईडी ने उन्हें गिरफ्तार करने की पटकथा गुरुवार को सुनवाई के दौरान ही तय कर ली थी। इतना ही नहीं, ईडी ने उनकी गिरफ्तारी के बाद होने वाले कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन और विरोध से निपटने के लिए पुलिस के आला अधिकारियों को सूचना भी दे दी थी। पुलिस ने रैपिड एक्शन पुलिस के अलावा त्रिपुरा पुलिस की बटालियन ने पहले ही सीएम आवास को चारों तरफ से घेर लिया। इसके बाद 7 बजे ईडी सीएम आवास पहुंची। ईडी के अधिकारियों ने केजरीवाल सहित सीएम हाउस के अंदर सभी कर्मचारियों के फोन कब्जे में लेकर सीएम केजरीवाल से एक दर्जन सवालों की सूची लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इनमें से 7 सवालों के जवाब नहीं देने कारण उन्हें ईडी ने गिरफ्तार कर लिया।

ये हैं वो 7 सवाल

1 **सरकारी कंपनियों से लेकर शराब वितरण का काम प्राइवेट कंपनियों को क्यों दिया गया?**

2 आपकी मौजूदगी में शराब कमीशन को 5% से बढ़ाकर 12% किया गया या नहीं?

3 **शराब के कमीशन को होलसेलर के लिए 5% से 12% बढ़ाने का आपने विरोध क्यों नहीं किया?**

4 के. अरविंद ने शराब का कमीशन 5% बढ़ाकर 12% करने का विरोध किया, उसे हटा दिया गया क्यों?

5 **शराब कारोबारी समीर महेंद्रु को विजय नायर को माई बॉय बताकर पैसे देने का भरोसा करने के लिए फेसटाइम पर कहा या नहीं?**

6 शराब के कमीशन को रिटेलर के लिए 185% कर दिया गया, इसकी जानकारी आपको थी या नहीं?

7 **आबकारी नीति की योजना किसने तैयार की थी, यह योजना किसकी थी?**



रात 11:02 बजे सीएम केजरीवाल को उनके घर से ले गई ईडी की टीम





सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें उनके आवास से गाड़ी में ले जाते ईडी के अधिकारी। उनकी गिरफ्तारी से पहले ईडी की टीम के पहुंचने के बाद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी सीएम आवास के बाहर पहुंची और समर्थकों के साथ नजर आईं। विरोध प्रदर्शन के दौरान आप विधायक जरनैल सिंह और अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

न्यूज ब्रीफ

डिबेट के दौरान एबीवीपी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी से दुर्व्यवहार का आरोप

नई दिल्ली | एबीवीपी ने जेएनयू में गुरुवार प्रेसीडेंशियल डिबेट के प्रश्न और उत्तर सत्र के दौरान अपने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश चंद्र अजमीरा के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह आरोप जेएनयूएसयू चुनाव समिति पर लगाया है। एबीवीपी ने कहा चुनाव समिति ने वाम छात्र संगठनों के साथ मिलकर उमेश को भाषण देने से भी रोका। वहीं एबीवीपी जेएनयू इकाई के मंत्री विकास पटेल ने कहा जेएनयू में चुनाव के लिए गठित की गई चुनाव समिति द्वारा डिबेट के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश को भाषण देने से रोकना चुनाव समिति का असंवैधानिक कदम है।

जामिया के दंत चिकित्सा संकाय ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

नई दिल्ली | जामिया के दंत चिकित्सा संकाय ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी थीम एक खुश मुंह ही एक खुश शरीर है। कार्यक्रम में लगभग दंत चिकित्सा संकाय के संकाय सदस्य, गैर-शिक्षण कर्मचारी, प्रशिक्षु और छात्रों ने भाग लिया। प्रो आशु भारद्वाज, प्रभारी, पीरियडोनटोलॉजी ने सभी को मसूड़ों की बीमारियों और प्रणालीगत स्वास्थ्य के बीच संबंध को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा मसूड़ों की बीमारियां कोई अलग इकाई नहीं हैं और इन्हें हमेशा पूरे शरीर से जोड़कर देखा जाना चाहिए।

ड्रंकन ड्राइविंग को लेकर पुलिस का एक्शन, काटे 428 चालान

नई दिल्ली | ड्रंकन ड्राइविंग को लेकर ट्रैफिक पुलिस को मोड में है। बीती रात पूर्वी रेंज, सेंट्रल रेंज और उत्तरी रेंज में करीब दो घंटे तक विशेष चेकिंग अभियान चला 22 स्थानों पर 428 चालान जारी किए। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कुल 428 चालान किए गए। विशेष अभियान का मुख्य फोकस शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरलोड वाहन और दोषपूर्ण नंबर प्लेट था। दिल्ली में सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रखे जाएंगे।

बाइक पर ट्रिपलिंग कर हुड़दंग किया, सोशल मीडिया पर वायरल

नई दिल्ली | बाइक पर ट्रिपलिंग कर हाथ में बीयर की बोतल और चाकू लहराते दिखाई दिए युवकों के वायरल वीडियो पर दिल्ली पुलिस ने एक्शन लिया है। सफदरजंग अस्पताल के आसपास का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। किसी राहगीर ने यह वीडियो बना लिया था जिसके बाद साउथ वेस्ट जिले के पुलिस अधिकारियों ने वायरल वीडियो पर संज्ञान लिया। इस वीडियो के वायरल पुलिस ने बाइक के नंबर की पहचान की बाइक सवार युवकों तक पहुंच गई। साथ ही कई लोग अन्य भी उस जगह मिले जहां से उन्हें पकड़ा गया।

एम्स में ऑर्गन डोनेशन की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम

नई दिल्ली |एम्स के ऑर्गन रिट्रीवल बैंकिंग ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ओआरबीओ विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती विज के अनुसार प्रोग्राम का मकसद ऑर्गन डोनेशन की प्रक्रिया को तेज करना है ताकि सभी राज्यों से अंगदान करने वालों की संख्या में इजाफा हो। भारत में अभी भी अंगदान करने वालों की संख्या कम है। ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए ऑर्गन की बारीकियों के बारे में बताया गया। इस दौरान ब्रेन स्टेम डेथ को कैसे जांचा जाता है, सर्टिफिकेट जारी करते।

हादसा • वेलकम इलाके में देर रात अचानक ढह गई दो मंजिला इमारत

इमारत के मलबे में दबने से दो लोगों की मौत, एक घायल

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात दो मंजिला इमारत के अचानक ढहने से हड़कंप मच गया। पुलिस और दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। हादसे में मलबे में दबकर 3 लोगों को मौत हो गई, जबकि 1 व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के मुताबिक, देर रात 2:16 बजे सूचना मिली कि डी-43, गली नंबर-4 कबीर नगर, वेलकम में दो मंजिला पुरानी निर्माणाधीन इमारत ढह गई है। इस पर पुलिस और दमकल विभाग की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू का काम शुरू किया। इस दौरान मलबे में दबे 3 लोगों को अचेत हालत में बाहर निकालकर जीटीबी हॉस्पिटल ले जाया गया। इनमें से दो लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान डी ब्लॉक गली नंबर-4 कबीर नगर निवासी अरशद (30) और तौहीद (20) के तौर पर हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल रेहान (22) का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने लापरवाही से हुई घटना का मुकदमा दर्ज कर शव परिजन को सौंप दिए हैं।

इमारत 40 साल पुरानी और जर्जर हालत में थी



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पी एंड आई विभाग ने बताया कि इमारत 40 साल पुरानी थी और जर्जर हालत में थी। इमारत का मालिक इसे तुड़वा रहा था, जिस वजह से वो गिर गई। इस इमारत में कोई नया कंस्ट्रक्शन नहीं चल रहा था। एमसीडी के बिल्डिंग डिपार्टमेंट और मेंटेनेंस डिपार्टमेंट ने दावा किया है कि उन्होंने 30,74,051 में से 57 इमारतों को खतरनाक घोषित किया है, जबकि 292 को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया है और 46 इमारतों को नोटिस देकर मरम्मत कराई है। एमसीडी ने खतरनाक इमारतों में रहने वाले लोगों को तत्काल घर खाली करने के लिए कहा है। दक्षिणी जोन में 4 इमारतें मरम्मत के योग्य पाई गईं, जिनकी मरम्मत का कार्य कराया गया। पश्चिमी जोन में 26 इमारतों की मरम्मत कराकर 6 को खतरनाक घोषित किया गया। शाहदरा दक्षिण जोन में 2 इमारतें मरम्मत कर एक को खतरनाक घोषित किया, शाहदरा उत्तर और नजफगढ़ जोन में भी 1-1 इमारतें खतरनाक घोषित की गई हैं। केशवपुरम जोन में 30 इमारतें खतरनाक घोषित की गई हैं। नरेला में 3, रोहिणी में 12 और सिविल लाइंस में 3 इमारतें खतरनाक घोषित की गई हैं।

हादसे के बाद से प्रॉपर्टी मालिक फरार, पुलिस कर रही तलाश

पुलिस जांच में पता चला कि हादसे वाली जगह पर प्रॉपर्टी मालिक शाहिद के 50-50 गज के 2 मकान हैं। हादसे वाली बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर जींस की फैक्ट्री थी, जबकि पहली मंजिल खाली थी। इस बिल्डिंग के बगल में ही शाहिद के दूसरे मकान को तोड़ने का काम चल रहा था। इसका मलबा और ईंटें फैक्ट्री वाली इमारत की छत पर रखा जा रहा था। छत इस वजन को सह नहीं कर सकी, जिससे इमारत अचानक से ढह गई। हादसे के बाद से प्रॉपर्टी मालिक शाहिद फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हादसे के समय फैक्ट्री में काम कर रहा कटिंग मास्टर अरशद, उसका सहायक तौहीद और उनका दोस्त रेहान मलबे में दब गए। उन्हें कटर की मदद से लोहे के गाटर काटकर मलबे से बाहर निकाला गया और हॉस्पिटल भेजा गया। रेहान देर रात अरशद और तौहीद से मिलने फैक्ट्री आया था और वह भी हादसे की चपेट में आ गया।

पिछले पांच साल में इमारतें गिरने से 20 मरे, 28 घायल हुए

▪ 21 मार्च 2024 को कबीर नगर में इमारत गिरी, 2 की मौत, 1 घायल ▪ 26 जुलाई 2023 को पंजाबी बाग में 4 मंजिला इमारत का छज्जा गिरा, 1 महिला और 3 साल के बच्चे की मौत ▪ 10 जुलाई 2023 को बारिश के दौरान 15 इमारतें गिरीं, 2 की मौत, 7 घायल ▪ 27 दिसंबर 2022 चांदनी महल में 100 साल पुराने जर्जर मकान की छत गिरी, मां-बेटे की मौत, 6 घायल ▪ 8 अक्टूबर 2022 को फराश खाना में इमारत गिरी, 4 की मौत ▪ 9 सितंबर 2022 को आजाद मार्केट में निर्माणाधीन इमारत गिरी, 3 की मौत ▪ 24 जुलाई 2022 को मुस्तफाबाद में इमारत गिरी, 1 की मौत, 6 घायल ▪ 25 अप्रैल 2022 को सत्य निकेतन में इमारत गिरी, 5 घायल ▪ 7 अगस्त 2021 को 2 मंजिला इमारत गिरी, 3 घायल ▪ 10 जून 2021 को पंचशील पार्क में छज्जा गिरा, 1 की मौत ▪ 17 फरवरी 2020 को चितरंजन पार्क में निर्माणाधीन इमारत गिरी, 1 की मौत ▪ 2 सितंबर 2019 को सीलमपुर में 4 मंजिला इमारत गिरी, 2 की मौत।

दिल्ली से मुंबई के बीच ट्रायल इसी महीने

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में होंगी सेंसर लाइट और फ्लाइट जैसी सुविधाएं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस के कोच में यात्रियों को फ्लाइट जैसी लग्जरी सुविधाओं के साथ भारतीय रेलवे पहली बार सेंसर लाइट की सुविधा देने जा रही है। सेंसर लाइट की सुविधा का मकसद बिजली की बचत करना है। रात में यात्रियों को जरूरी स्थानों पर बेहतर रोशनी देने के लिए नीचे की ओर एलईडी लाइट स्ट्रिप्स की व्यवस्था की गई है। इनमें सेंसर लाइट होने से यात्रियों के वहां से निकलने या गुजरने पर ये लाइटें अपने आप जल जाएंगी और उनके निकलने के बाद अपने आप ही बंद भी हो जाएंगी। इसके अलावा कोच में ऑटोमैटिक डोर, लग्जरी गद्देदार बेड, आकर्षक इंटीरियर स्लीपर वंदेभारत ट्रेन की खासियत होंगी।

उत्तर रेलवे के एक बड़े अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि इस ट्रेन का ट्रायल मार्च में ही दिल्ली से मुंबई और दिल्ली से हावड़ा के बीच किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 16 कोच की होगी। इसमें 3 टियर एसी, 2 टियर एसी और फर्स्ट क्लास एसी कुल 16 कोचों में 113 टियर एसी कोच, चार 2 टियर एसी कोच और एक फर्स्ट क्लास एसी कोच हो सकते हैं।

वंदे भारत एक्सप्रेस में एक बार में 823 यात्री यात्रा कर सकते हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के इंटीरियर को क्रीम, पीले और लकड़ी के रंगों के साथ देखने में आकर्षक बनाया गया है। मिडिल और अपर बर्थ के लिए सीढ़ियों की सुविधा दी जाएगी, जिससे यात्री आराम से अपने बेड तक पहुंच सकेंगे।



ट्रेन में नहाने के लिए शावर और गर्म पानी की भी सुविधा होगी

मौजूदा वंदे भारत ट्रेन की तरह ही इसमें ऑटोमैटिक दरवाजे हैं। ये ट्रेन 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम है। सुरक्षा कारणों से ट्रेन 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ही चलेगी, लेकिन दिल्ली से झांसी के बीच इसे 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की तैयारी कर ली गई है। साथ ही हाई वैक्यूम प्रेशर बायो टॉयलेट होगा, जिसमें किसी तरह का शोर सुनाई नहीं देगा। दिव्यांगों के लिए विशेष शौचालय होगा। शौचालय में सभी वाशबेसिन इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि पानी बाहर न गिरे। सभी एसी कोचों में शौचालयों में नहाने के लिए शावर और गर्म पानी की सुविधा भी होगी।

100 होली स्पेशल ट्रेन चलाएगा दिल्ली मंडल

होली पर भीड़भाड़ को ध्यान में रखते हुए दिल्ली मंडल राजगीर, पटना, ओखा, आरा, गया, वाराणसी, छपरा, मुजफ्फरपुर, मुंबई सेंट्रल, जयनगर, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, पुरी और अन्य व्यस्त मार्गों के लिए 17 मार्च से 2 अप्रैल तक 100 स्पेशल ट्रेन चलाएगा। डीआरएम सुखविंदर सिंह के अनुसार, सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़ को रोकने के लिए अजमेरी गेट नई दिल्ली (कवर एरिया 4500 वर्ग फीट लगभग) और आनंद विहार टर्मिनल (2500 वर्ग फीट लगभग) रेलवे स्टेशनों पर "यात्री होल्डिंग एरिया" का गठन किया गया है। प्लेटफार्मों पर भीड़ को कम करने के लिए प्रस्थान प्रतीक्षा क्षेत्र, कवर टेंट, लाइटिंग, पंखे, वाटर बूथ, पोर्टेबल टॉयलेट ब्लॉक, फूड स्टॉल, पीए सिस्टम, बुकिंग काउंटर आदि की सुविधाओं को बहाल किया है। स्टेशनों पर जरूरत के अनुसार 5 अतिरिक्त पूछताछ एवं टिकट काउंटर, सभी स्टॉल पर जनता खाना, टेंट में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है।

हाई कोर्ट ने सिर्फ इमामों को वेतन देने पर दी दिल्ली सरकार और वक्फ बोर्ड को नसीहत, नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने केवल इमामों को दिए जा रहे वेतन को लेकर दायर एक याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली वक्फ बोर्ड को नसीहत देते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में सरकारी पैसों से इमामों और मुअज्जिनों को वेतन देने की नीति को चुनौती दी गई है। मामले की अब 22 जुलाई को सुनवाई होगी।

एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने कहा कि यदि एक संस्था को मदद दी जाती है तो दूसरी धार्मिक संस्थाएं भी कल आगे आ सकती हैं। ये वो लोग नहीं हैं जो राज्य के लिए काम कर रहे हैं। देश के दूसरे हिस्सों में जाइए तो आप देखेंगे कि धार्मिक संस्थाएं बड़ी भूमिकाएं निभाती हैं। यदि आप प्राचीन भारत के बारे में पढ़ेंगे, पूरी अर्थव्यवस्था मंदिरों के इर्दगिर्द घूमती है। सभी संस्थाएं समान हैं। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पक्षकार बनाया और सभी पक्षों को 4 सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

पुलिस ने 91 आपराधिक मामले सुलझाने का दावा किया

मोबाइल फोन चुराकर नेपाल भेजने वाले रैकेट का खुलासा, 5 गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने चोरी और छीने गए 473 मोबाइल फोन के साथ 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नेपाल मूल के नागरिक भी शामिल हैं। इनके पास से दो कारें भी जब्त की गई हैं। इस रैकेट के पकड़े जाने से पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में 91 आपराधिक मामले सुलझा लेने का दावा किया है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल ने बताया, आरोपियों की पहचान चंपावत (उतराखंड) निवासी पारस जोशी, नेपाल निवासी इंद्र बहादुर, मान सिंह, दिल्ली निवासी रविंद्र मदान और सतीश के तौर पर हुई। आरोपियों के पास से मिले 280 चोरी के मोबाइल दर्ज केस से कनेक्ट भी हो गए हैं। पुलिस की तहकीकात में खुलासा हुआ कि आरोपी इन मोबाइल फोन को नेपाल भेजते थे। आरोपी पिछले एक साल में दिल्ली से 5 हजार से ज्यादा मोबाइल फोन नेपाल पहुंचा चुके थे।

हर ट्रांसपोर्टेशन के बदले में दिए जाते थे 10 हजार रुपए

आरोपी पारस जोशी ने खुलासा किया वह मान सिंह के जरिए नेपाल निवासी उमेश के संपर्क में आया और चोरी के मोबाइल दिल्ली से नेपाल ले जाता था। बदले में उमेश उसे प्रति ट्रांसपोर्टेशन 10 हजार रुपए देता था। वह मान सिंह के साथ हर शनिवार को दिल्ली में इंदर से चोरी के मोबाइल फोन लेता था।

रोहिणी इलाके में रोडरेज के मामले में चाकू से हमला

रास्ता नहीं देने पर हुए विवाद में युवक की हत्या, 2 नाबालिग पकड़े

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली


रोहिणी इलाके में रास्ता नहीं देने के पीछे हुए विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राहुल (25) के तौर पर हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया। वहीं इस केस में पुलिस ने दो नाबालिगों को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया, 18 मार्च की रात 10:10 बजे बीएसए हॉस्पिटल से एक घायल को भर्ती कराए जाने की सूचना मिली थी। बाद में इस घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह शकूरपुर इलाके में रहता था। मृतक राहुल के साथ बाइक पर पीछे बैठने वाले युवक ने पुलिस को बताया सोम बाजार रोड पर रास्ता नहीं देने के विवाद में 3 लोगों ने राहुल पर चाकू से हमला किया था। पहले पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन घायल की मौत होने के बाद इस केस में हत्या की धारा को जोड़ दिया गया।

कुछ महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था राहुल

पुलिस को जांच में पता चला है कि राहुल पिछले साल अपने पिता की हत्या के जुर्म में जेल गया था और कुछ महीने पहले ही जमानत पर बाहर आया था। ये भी पता चला है कि वह कुछ हफ्ते पहले ही काम की तलाश में बिहार से दिल्ली आया था और मजदूरी का काम कर रहा था।

आज का दिन
कोरोना को रोकने जनता कर्फ्यू



2020. कोरोना महामारी को रोकने के लिए जनता कर्फ्यू लागू हुआ। इस दौरान पूरे देश में लोगों ने अपने घरों में रहने का न केवल संकल्प लिया, बल्कि उसे पूरा भी किया।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

dainikbhaskar.com | नई दिल्ली, शुक्रवार 22 मार्च, 2024 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, 2080 | 12 राज्य | 61 संस्करण

न्यूज ब्रीफ

न्यूरालिंक चिप से लकवा पीड़ित ने शतरंज खेली



सैन फ्रांसिस्को | इलॉन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक के चिप की मदद से लकवाग्रस्त शख्स ने शतरंज खेली। इसे सोशल मीडिया पर लाइवस्ट्रीम किया गया। लकवा पीड़ित नोलैंड आर्बाघ को कम्प्यूटर पर चेस और सिविलाइजेशन-4 खेलते हुए दिखाया गया। आर्बाघ ने कहा, 'इसने मेरी जिंदगी बदल दी है।'

विदेशी ऑनलाइन सट्टे के प्रचार पर सजा संभव

नई दिल्ली | सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर विज्ञापनदाताओं और इन्फ्लूएंसर्स को विदेशी ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म का प्रचार न करने की सलाह दी है। इसे लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें सलाह न मानने वाले व्यक्ति या कंपनी का अकाउंट बंद करने या सजा का भी प्रावधान है।

कर्नाटकः राज्यपाल ने मंदिर बिल वापस किया

बेंगलुरु | कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार के मंदिर बिल को मंजूरी दिए बिना लौटा दिया है। राज्यपाल ने 29 फरवरी को पारित कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) बिल 2024 पर स्पष्टीकरण मांगा है। बिल में 10 लाख रु. से अधिक सालाना आय वाले मंदिरों से धन इकट्ठा करने की बात कही गई है।

कार्ति ने चीनी कर्मियों से 50 लाख घूस लीः ईडी

नई दिल्ली | ईडी ने आरोप लगाया है कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब की बिजली कंपनी के चीनी कर्मियों के लिए वीसा की केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी दिलाने के बदले 50 लाख रु. की रिश्वत ली थी। रिश्वत करीबी के जरिए ली गई थी। वहीं, कांग्रेस सांसद कार्ति ने कहा है कि ईडी के आरोपों का कोर्ट में जवाब देंगे।

ईडी अफसरों को भेजे पुलिस नोटिस पर कोर्ट की रोक


रांची | रांची पुलिस की ओर से ईडी के अधिकारियों को पूछताछ के लिए भेजे गए नोटिस पर झारखंड हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। पुलिस ने नोटिस जारी कर ईडी के अधिक ारियों को 21 मार्च को पेश होने को कहा था। इस नोटिस के खिलाफ ईडी हाईकोर्ट पहुंचा था।

नोक-झोंक



ओह ! माय लॉर्ड

सुप्रीम कोर्ट के 3 बड़े फैसले



केस-1 : केंद्र सरकार फैक्टचेक यूनिट बंद करे...
मुद्दा क्या? ऑनलाइन कंटेंट फैक्ट चेक को केंद्र ने यूनिट बनाई। एडिटर्स गिल्ड ने 'सेंसरशिप' बताया। कोर्ट ने कहा, यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है।

केस-2 : राज्यपाल 24 घंटे में मंत्री को नियुक्ति दें...
मुद्दा क्या? तमिलनाडु के राज्यपाल ने दोषसिद्धि पर रोक के बावजूद डीएमके नेता को दोबारा मंत्री पद की शपथ लेने से इनकार कर दिया। इस पर कोर्ट ने फटकारा।

केस-3 : चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक नहीं
मुद्दा क्या? केंद्र ने कहा था, आयोग स्वतंत्र संस्था है और उसकी स्वतंत्रता किसी न्यायिक सदस्य की मौजूदगी से नहीं आती। कोर्ट बोला- कानून की वैधता जांचेंगे।

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के तहत बनी फैक्ट चेक यूनिट पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा, यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। यह यूनिट फर्जी खबरों की पहचान करने और उसे रोकने के लिए बनाई गई थी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया। बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें इस यूनिट को बनाने पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी।

यूनिट क्या करती? इसमें यह व्यवस्था थी कि अगर फैक्ट चेक यूनिट को ऐसी किसी भी ऑनलाइन पोस्ट के बारे में पता चलता है, जो फर्जी या गलत है या जिसमें सरकार के कामकाज को लेकर भ्रामक तथ्य हैं तो वह इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के पास भेज देगा। इसके बाद ऐसे कंटेंट को हटाना होगा। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अनंतनाथ ने कहा था कि यह कुछ नहीं, बल्कि सेंसरशिप है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी थी।

याचिकाकर्ताओं की दलीलें; सबके लिए स्वतंत्र फैक्ट चेक यूनिट रहनी चाहिए, जबकि केंद्र इसे सिर्फ अपने लिए ला रहा है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकती। चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में यह यूनिट केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगी, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन-सी जानकारी दी जाए।

शीर्ष कोर्ट ने कहा... मिस्टर अटॉर्नी जनरल ये हो क्या रहा है? राज्यपाल हमारे आदेश की अवहेलना कैसे कर रहे?

केस-2; कल तक नियुक्ति न दी तो हम आदेश पारित करेंगे

सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके नेता के पोनमुडी की दोषसिद्धि पर रोक लगाए जाने के बावजूद उन्हें दोबारा मंत्री बनाए जाने से इनकार करने पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को कड़ी फटकार लगाई। सीजेआई ने राज्यपाल की ओर से पेश हो रहे अटॉर्नी जनरल से कहा- ये क्या हो रहा है मिस्टर एजी? राज्यपाल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं! पोनमुडी की दोषसिद्धि पर हमने रोक लगा दी थी, तो उन्हें शपथ क्यों नहीं दिलाई जा रही? अपने गवर्नर साहब को बोल दीजिए, यह ठीक नहीं हो रहा। कल तक मंत्री नियुक्ति दें, वरना हम आदेश पारित करेंगे। जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि एक बार दोषसिद्धि पर रोक लगने के बाद, आप यह नहीं कह सकते हैं कि आप दागी हैं, इसलिए राज्यपाल का तर्क सही नहीं।

केस-3; दो घंटे में 200 नामों में 2 कैसे शॉर्टलिस्ट कैसे कर लिए

मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून पर रोक लगाने और नियुक्ति प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है। पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले कानून पर रोक लगाने से अराजकता पैदा होगी। वकील तुषार मेहता ने कहा, चयन समिति का गठन चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका नहीं है। इस पर जस्टिस दिपांकर दत्ता बोले, आप पारदर्शी हो सकते थे। मगर महज 2 घंटे में 200 नामों में से 2 को शार्टलिस्ट कैसे किया गया? न्याय केवल होना नहीं चाहिए बल्कि होते दिखना भी चाहिए। कोर्ट ने इस कानून की वैधता का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को नोटिस भेजकर 6 सप्ताह में जवाब मांगा है।

केस-4; पतंजलि ने भ्रामक विज्ञापनों पर बिना शर्त माफी मांगी

पतंजलि आयुर्वेद ने गुरुवार को भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बिना शर्त माफी मांग ली। पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कहा, उन्हें कंपनी के 'अपमानजनक वाक्यों' वाले विज्ञापन पर खेद है। कहा कि आदेश के बाद प्रकाशित कुछ विज्ञापनों में गलती से वैसे दावे लिख दिए गए, जिन्हें कोर्ट ने मना किया था। 21 नवंबर को कोर्ट ने पतंजलि से कहा था कि वह अपनी दवाओं से गंभीर बीमारियों का स्थायी इलाज होने और एलोपैथी को खराब बताने वाले विज्ञापन रोक दे। इसके बावजूद भ्रामक विज्ञापनों का सिलसिला जारी रहा। इस पर, कोर्ट ने 2 अप्रैल को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को अदालत में पेश होने के लिए कहा था।

सोना पहली बार 66,000 रु. पार

66,914 रु. प्रति 10 ग्राम

भास्कर न्यूज | मुंबई

सोना पहली बार 66,000 रुपए से ऊपर निकल कर 67 हजार रु. के करीब पहुंच गया। पिछले कुछ दिनों से इसकी कीमतों में तेजी बनी हुई है। गुरुवार सुबह शुद्ध सोना (24 कैरेट) बुधवार की तुलना में 1,225 रु. महंगा होकर रिकॉर्ड 66,914 रु. प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक, जेवराती सोना (22 कैरेट) 1122 रु. महंगा होकर 61,293 रु. के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दूसरी ओर, चांदी 1159 रु. चढ़कर 75,045 रु. प्रति किलो ग्राम पहुंच गई।

तारीख	24 कैरेट	22 कैरेट
20 मार्च	65689	60171
21 मार्च	66914	61293

हाई कोर्ट के आदेश पर आज से सर्वे

भोजशालाः सरस्वती मंदिर या कमाल मौलाना मस्जिद, सर्वे टीम जांचेगी

भास्कर न्यूज | धार, इंदौर, भोपाल

हाई कोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम शुक्रवार से धार स्थित भोजशाला का पुरातात्विक और वैज्ञानिक सर्वे शुरू करने जा रहा है। भोजशाला सरस्वती मंदिर है या कमाल मौलाना मस्जिद... इसका फैसला करने के लिए एएसआई वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाएगा। इसके लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम धार पहुंच गई है। छह हफ्ते में जांच रिपोर्ट हाई कोर्ट में पेश करना है। एएसआई के अपर महानिदेशक प्रोफेसर आलोक त्रिपाठी ने बताया कि सर्वे कितने दिन चलेगा, यह साइट विजिट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हाई कोर्ट ने 11 मार्च को सर्वे का आदेश दिया था। प्रो. त्रिपाठी ने इंदौर संभागायुक्त, धार कलेक्टर और एसपी को सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था। गुरुवार को 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनाती कर दी गई है।

मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट में

हर शुक्रवार को भोजशाला में नमाज होती है। सर्वे भी इसी दिन से शुरू हो रहा है, इस कारण विशेष एहतियात भी बरती जा रही है। धार के शहर काजी वकार सादिक व जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के जुल्फिकार अहमद ने कहा कि वे हाईकोर्ट के निर्णय का सम्मान करेंगे। लेकिन सर्वे की हमें कोई सूचना नहीं दी गई है। एडवोकेट अजय बागड़िया का कहना है कि पक्षकार के बिना सर्वे को रोकने के लिए वह फिर हाई कोर्ट जाएंगे।

महाभारत 2024 फ्रीज बैंक खातों पर कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंची

हमारे खाते नहीं, लोकतंत्र ही फ्रीज कर दियाः राहुल



भास्कर न्यूज. नई दिल्ली | आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने पर गुरुवार को अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया और राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सोनिया ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की सबसे पुरानी पार्टी को आर्थिक पंगु बना रहे हैं। राहुल ने कहा कि हमारे पास चुनाव लड़ने के लिए पैसा नहीं है। हमारे खाते नहीं, लोकतंत्र को ही फ्रीज कर दिया है। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि 1994-95 के मामले में भी नोटिस आया है। 30-35 साल पुराने केस निकाल रहे। हमारे 115 करोड़ बैंकों को दे दिए, ताकि हम चुनाव न लड़ सकें। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगा दी है।

लूटने वाले दल की वित्तीय लाचारी भी झूठीः नड्डा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चाहे आईटी ट्रिब्यूनल हो या दिल्ली हाई कोर्ट, सभी ने कांग्रेस से नियमों का पालन करने और बकाया टैक्स भुगतान के लिए कहा है, लेकिन कांग्रेस ने कभी उनकी बात नहीं मानी। ऐसी पार्टी, जिसने हर क्षेत्र में लूट की, उसकी वित्तीय लाचारी की बात झूठी है। पार्टी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आयकर सेक्शन 13ए है। इसमें साफ-साफ लिखा है कि किसी भी राजनीतिक दल को आयकर नहीं देना पड़ता है, लेकिन दलों को अपना आईटी रिटर्न फाइल करना जरूरी है। तभी टैक्स छूट मिलती है। उनकी पार्टी ने रिटर्न ही दाखिल नहीं किया।



यह है मामला... फरवरी में आयकर विभाग ने रिटर्न फाइल नहीं होने पर कांग्रेस को 105 करोड़ का नोटिस दिया। फिर 210 करोड़ की पेनाल्टी लगाई। कांग्रेस अपीलीय ट्रिब्यूनल और दिल्ली हाई कोर्ट गई तो अपील खारिज हो गई।

चुनाव आयोग का आदेश, 'विकसित भारत' के मैसेज बंद करे केंद्र

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गुरुवार को केंद्र के आईटी मंत्रालय को आदेश दिया है कि वॉट्सएप पर लोगों को 'विकसित भारत' वाले मैसेज भेजना तुरंत बंद करे। ऐसे मैसेज चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने में बाधक हैं। दरअसल, इस मैसेज में सरकार की योजनाओं का जिक्र है। कांग्रेस और तृणमूल ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए आयोग को शिकायत की थी। इस पर मंत्रालय ने तर्क दिया कि मैसेज 16 मार्च को आचार संहिता लगने के पहले जारी हुआ था। नेटवर्क समस्या के चलते यह कुछ जगह देरी से पहुंचा। लेकिन, जब आयोग ने जांच की तो शिकायत सही मिली। इसलिए आयोग ने इस पर तत्काल रोक लगा दी।

इस साल गर्मियों में 6% ज्यादा घरेलू उड़ानें

नई दिल्ली | भारतीय विमानन कंपनियां इस साल गर्मियों में कुल 24,275 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों का परिचालन करेंगी। यह आंकड़ा पिछले साल से लगभग 6% ज्यादा है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक होगा। फिलहाल शीतकालीन कार्यक्रम के तहत 23,732 साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन हो रहा है। इसकी तुलना में गर्मियों में 125 हवाईअड्डों से 2.30% उड़ानें अधिक होंगी। विमानन नियामक ने गुरुवार को बताया कि इन 125 हवाईअड्डों में से आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट, गोंदिया, जलगांव, मुरादाबाद और पिथौरागढ़ एयरलाइनों की ओर से प्रस्तावित नए हवाई अड्डे हैं।

आईपीएल • 17वें सीजन की शुरुआत से एक दिन पहले सबसे अनुभवी कप्तान ने चौंकाया

धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ी, 27 के रुतुराज को कमान; जब धोनी कप्तान बने, तब वे भी 27 के थे

भास्कर न्यूज | चेन्नई

आईपीएल के सबसे अनुभवी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी छोड़ दी है। 42 साल के धोनी ने 17वें संस्करण के ओपनिंग मैच से ठीक पहले कप्तानी छोड़ने का निर्णय लेकर फैंस को चौंका दिया। उनकी जगह 27 साल के युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ कप्तान होंगे। चेन्नई के सीईओ काशी विश्वनाथन ने साफ किया है कि धोनी बतौर खिलाड़ी चेन्नई से जुड़े रहेंगे। 2008 में जब धोनी सीएसके के कप्तानी बने थे, तब वे भी 27 साल ही थे। डिफेंडिंग चैम्पियन चेन्नई शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

धोनी के पदचिह्न पर रुतुराज गायकवाड़



गायकवाड़... 2019 में सीएसके से जुड़े। 52 मैच खेल चुके।

भास्कर एक्सपर्ट



अयाज मेमन

धोनी पर अब रुतुराज को बतौर कप्तान निखारने की जिम्मेदारी

धोनी ने टूर्नामेंट से पहले कप्तानी छोड़कर चौंका दिया है। हालांकि, यह हमेशा से उनके खेल का हिस्सा रहा है। इससे पहले भी वे टेस्ट से संन्यास लेकर और लिमिटेड ओवर्स की कप्तानी छोड़कर चौंका चुके हैं। हालांकि, अच्छी बात है कि वे सीजन में बतौर खिलाड़ी टीम में बने रहेंगे और रुतुराज को मेंटर करेंगे। पिछले एक-दो दशकों में क्रिकेट में उनसे बड़ा प्रभावशाली व्यक्तित्व कोई नहीं रहा, लेकिन फ्रेंचाइजी अब आगे देख रही है। हालांकि, रुतुराज को बड़ी जिम्मेदारी संभालनी है। मुझे लगता है कि टीम उनमें भविष्य का निवेश देख रही है। 4-5 साल तक वे सिर्फ टैलेंटेड थे, पर चेन्नई ने उन्हें परिपक्व प्लेयर बनाया। धोनी ऐसा ही करते हैं और अब उन पर रुतुराज को बतौर कप्तान निखारने की जिम्मेदारी है।

आईपीएल मैच का पूरा शेड्यूल जानने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

हाईकोर्ट ने कहा, मनाली हाईवे के किनारे से अतिक्रमण हटाएं

भास्कर न्यूज | शिमला

प्रदेश हाईकोर्ट ने किरतपुर नेरचौक-मनाली फोरलेन के आसपास एनएचएआई भूमि पर किए अवैध अतिक्रमणों पर तुरंत प्रभावशाली कार्रवाई करने के आदेश दिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विवादित निर्माण को वैध कब्जे में साबित करने की जिम्मेदारी संबंधित कब्जाधारी की होगी न कि एनएचएआई की। कोर्ट ने आदेश दिए कि एनएचएआई विवादित अतिक्रमण की निशानदेही करवाने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। कोर्ट ने फोरलेन का निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने के आदेश दिए। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने अतिक्रमणों पर जिला व पुलिस प्रशासन को एनएचएआई अफसरों की हरसंभव सहायता करने के आदेश भी दिए। कोर्ट ने जनहित में दायर याचिका की सुनवाई के बाद इस फोरलेन प्रोजेक्ट को क्रमबद्ध तरीके से 7 अलग प्रोजेक्टों का कार्य पूरा करने व अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने दोहराया कि कोई भी दीवानी अदालत या अथॉरिटी एनएचएआई की भूमि पर अतिक्रमणों को लेकर जुड़े विवाद संबंधी केस स्वीकार न करें। कोर्ट ने ऐसे मामले सीधे हाईकोर्ट में संबंधित याचिका के साथ सुने जाने के आदेशों को भी दोहराया। कोर्ट ने नप मनाली और टैक्सी यूनियन मनाली को प्रतिवादी बना इन्हें नोटिस जारी किया है।

भास्कर खास • नया मॉडलः स्टूडियो और स्ट्रीमिंग कंपनियां गेमिंग कारोबार में तेजी से निवेश बढ़ा रहीं

हॉलीवुड एक्टर 2 घंटे की फिल्मों के भविष्य पर चिंतित, वीडियो गेम में काम कर रहे, शूटिंग आसान... गेमिंग कारोबार भी बढ़ा


The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

वॉशिंगटन | हॉलीवुड एक्टर्स के बीच वीडियो गेम में काम करने का चलन अब जोर पकड़ रहा है। कई अभिनेता-अभिनेत्री इस अनोखे प्लेटफॉर्म के लिए आवाज दे रहे हैं, तो कुछ अत्याधुनिक मोशन-कैप्चर तकनीक के जरिए चौंकाने वाली शक्तियों से लैस सुपर हीरो या हीरोइन का अवतार ले रहे हैं। बेहतर स्क्रिप्ट, बारीक अभिनय और इसे कैप्चर करने वाली अत्याधुनिक तकनीक करीब 15 लाख करोड़ रु. के इस कारोबार की ओर इन्हें खींच रही है।

फिल्म और गेमिंग के बीच की मिटती दूरी के बीच कम अवधि में आसान कमाई बड़े स्टार्स को भी लुभा रही है। इसी माह आए 'अलोन इन द डार्क' में किलिंग इव के लिए एमी अवॉर्ड जीत चुकीं जोडी कोमर, प्राइमा फेसी फेम टोनी और 'स्ट्रेंजर थिंग्स' में एल के पिता की भूमिका निभाने वाले डेविड हार्बर डेब्यू करने जा रहे हैं। हार्बर कहते हैं, दो घंटे की फिल्मों का दौर खत्म होगा, अब लोग वीडियो गेम खेलते दिखेंगे। शायद यही वजह है कि स्टार वार्स में काम कर चुकीं मेगन फॉक्स वीडियो गेम 'मॉर्टल कॉम्बैट 1' में वैम्पायर नितारा के रूप में दिखीं। वहीं, इदरीस अल्बा और कीनू रीव्स जैसे हाल ही में 'साइबरपंक 2077: फैंटम लिबर्टी' में दिखे। वहीं, बार्बी के सिमू लियू रिएल टाइम स्ट्रैटेजी गेम स्टॉर्मगेट में खिलाड़ियों को चौंकाने जा रहे हैं। इसमें खिलाड़ियों को युद्ध के दौरान ऑनलाइन उसी वक्त गेम की रणनीति बनानी होगी। इंडस्ट्री के जानकारों के अनुसार, इस बदलाव का सबसे अहम कारण है-दर्शकों से सीधे कनेक्ट करने की खासियत। दरअसल, तकनीक ने असल जिंदगी और डिजिटल कैरेक्टर के बीच की खाई करिश्माई तरीके से दूर कर दी है।

वीडियो गेमिंग में काम करते समय काफी सहूलियतें भी हैं। रेगिस्तान का दृश्य फिल्माने के लिए उन्हें अबू धाबी जाने की जरूरत नहीं। मोशन पिक्चर सेशन लॉस एंजेलिस में उनके घर से कुछ ही मिनट दूर किसी स्टूडियो में

भागदौड़ कम... अंधेरे कमरे में 12 कैमरों से रिकॉर्डिंग संभव



हॉलीवुड में बदलाव का बड़ा कारण यह भी है कि बड़े स्टूडियो और स्ट्रीमिंग कंपनियां गेमिंग में निवेश कर रही हैं। वार्नर ब्रदर्स के लिए डीसी कॉमिक्स यूनिवर्स संभाल रहे डायरेक्टर जेम्स गन कहते हैं, मैं ऐसा हीरो ढूंढ़ रहा हूं जो टीवी, फिल्म, वीडियो गेम और एनिमेशन में भी काम कर ले। इसमें एक अंधेरे कमरे में करीब 12 कैमरों से रिकॉर्डिंग होती है।

इन 5 आदतों को अपनाकर रोज बचा सकते हैं पानी

वाटर डे चैलेंज

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में लगाई गई याचिका के अनुसार भारत में रोज 48.41 अरब लीटर पानी बर्बाद होता है। जबकि 60 करोड़ लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। इसलिए आज से पानी बचाने के लिए नई आदतों को अपना सकते हैं, यह चैलेंज लीजिए...


30 लीटर पानी रोज बचा सकते हैं आप...

एनजीटी में लगी याचिका के अनुसार भारत में 33% लोग शेव या ब्रश करने के दौरान नल खुला रखते हैं। घरेलू नल से हर मिनट 6 लीटर पानी आता है। यानी ब्रश और शेविंग के दौरान 5 मिनट नल खुला रखते हैं तो 30 ली. पानी बहता है। अगर इन दो कामों के दौरान नल बंद रखने की आदत डाल लें तो रोज यह 30 लीटर पानी बचा सकते हैं।

आरओ वेस्ट से बचेगा 45 लीटर पानी रोज

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार एक आरओ प्यूरीफायर एक लीटर पानी शुद्ध करने में 3 लीटर पानी वेस्ट के रूप में निकालता है। यानी अगर आपके घर में रोज 15 लीटर पानी आरओ में शुद्ध होकर आता है तो साथ में 45 लीटर वेस्ट में निकलता है। इस पानी का उपयोग कपड़े धोने और गार्डन में डालने में किया जा सकता है।

प्लास्टिक छोड़ने से बचेगा 2700 लीटर पानी



1 किलो प्लास्टिक बनाने में 180 लीटर पानी लगता है। स्टेटिस्टा के अनुसार 2021 में भारत में हर व्यक्ति 15 किलो प्लास्टिक यूज करने लगा था। यानी हर व्यक्ति 2700 लीटर पानी के बराबर प्लास्टिक यूज कर रहा है जिसे बचाया जा सकता है।

100 लीटर पानी बचेगा समय पर गार्डनिंग से

लॉन में पानी देने के लिए सुबह सूरज चढ़ने के पहले और शाम को सूरज ढलने के बाद का समय आदर्श होता है, क्योंकि तब पानी सीधे जमीन में जाने की संभावना ज्यादा होती है। अपने गार्डन में सही समय पर पानी देकर आप करीब 100 लीटर तक पानी बचा सकते हैं।

1 रोटी की बर्बादी 35 लीटर पानी की बर्बादी

दुनिया में पानी की खपत का 92% हिस्सा खेती में जाता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार हर साल इंसान कुल 1.3 अरब टन और हर व्यक्ति करीब 74 किलो भोजन बर्बाद करता है। एक रिपोर्ट के अनुसार एक किलो गेहूं पैदा करने के लिए 1,000 लीटर पानी लगता है। जब हम गेहूं की 1 रोटी बर्बाद करते हैं तो 35 लीटर से अधिक पानी बर्बाद करते हैं।

भास्कर एक्सपर्ट ▪ डॉ. संजय सिंह, जल जोड़ो अभियान के संयोजक ▪ डॉ. राजेन्द्र सिंह, पीडब्ल्यूसीडीफ के अध्यक्ष

आमला एकादशी पर शेषसाई गांव के मंदिर में लगे मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़

पलवल | फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की आमला एकादशी पर शेषसाई गांव के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में मेले का आयोजन किया गया। मेले में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली व उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे थे। मेले में हसनपुर थाना ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। थाना प्रभारी रामानंद ने बताया कि मेले में सुरक्षा को देखते हुए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। मंदिर के महंत गोस्वामी राजाराम ने बताया कि यहां प्राचीन समय से यह मेला लगता आ रहा है। उन्होंने बताया द्वापर युग में राधा-कृष्ण ने पहले दिन बरसाने में दूसरे दिन नंदगांव और तीसरे दिन यहां होली खेली थी। इसलिए इसे रंग भरी या आमला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

शहर में भारी व कॉमर्शियल वाहनों की सुबह 7 से 10:30 व शाम 5 से 9 बजे तक नो एंट्री

फरीदाबाद | जाम से निजात पाने व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के मकसद से शहर में भारी व कॉमर्शियल वाहनों का प्रवेश 18 अप्रैल तक वर्जित रहेगा। नो एंट्री के दौरान सड़क किनारे भारी वाहनों की पार्किंग भी वर्जित रहेगी। भारी वाहनों की पार्किंग और नो एंट्री का समय निर्धारित किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने पीक आवर समय सुबह 7 से 10:30 व शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक शहर में नो एंट्री रहेगी। इसमें एसेंशियल सेवाओं से संबंधित वाहन जैसे फल, सब्जी, दूध, दवाई, फ्यूल आदि ले जाने वाले वाहनों को आवागमन में छूट रहेगी। आदेश की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी वाहन चालक एडवाइजरी के मुताबिक यातायात पुलिस का सहयोग करें।

घर में घुसकर युवती का कर रहे थे अपहरण, विरोध करने पर परिजनों को पीटा, 5 पर केस

पलवल | कुछ लोग एक युवती को उसके घर से अपहरण कर गाड़ी में ले जा रहे थे। परिजनों ने जब विरोध किया तो मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। कैंप थाना पुलिस ने 5 के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार रामनगर निवासी गीता ने शिकायत में कहा कि वह और उसकी बड़ी बहन ही घर पर थीं। इसी दौरान ज्ञानचंद, विशाल, विकास, लोकेश व उमेश घर में घुस आए और उसे पकड़ कर घसीटते हुए ले जाने लगे तो बड़ी बहन भी आ गई। पांचों आरोपियों ने उसे घसीटते हुए गाड़ी में डाल लिया। इसी दौरान उनकी बड़ी बहन, भाई अमित, जोगेंद्र, नवीन, भाभी व चाची को बुला लाई। इसके बाद आरोपियों ने उनके परिजनों पर रॉड व डंडे से हमला किया और फरार हो गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, वारदात के बाद चालक मौके से फरार, केस

पलवल | हथीन जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार कलसाड़ा गांव निवासी कुमरचंद ने शिकायत में कहा कि उनके पिता बिजेंद्र साइकिल से हथीन गए थे। इसी दौरान रास्ते में किसी वाहन ने टक्कर मार दिया। घायलावस्था में उन्हें जिला अस्पताल पलवल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे कुमरचंद की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गई है।

फरीदाबाद और पलवल रेलवे स्टेशनों के विकास कार्यों की समीक्षा कर जीएम बोले-

391 करोड़ की लागत से बन रहे स्टेशन, तय समय में काम पूरा करें, ताकि यात्रियों को मिल सकें सुविधाएं

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद/पलवल

एयरपोर्ट की तर्ज पर बन रहे ओल्ड फरीदाबाद और पलवल रेलवे स्टेशनों के विकास कार्यों की उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने दोनों स्टेशनों के कांट्रेक्टरों से कहा कि वे तय समय सीमा में विकास कार्य कराएं, ताकि समय पर यात्रियों को सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से भी कार्य की निगरानी करने और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। जीएम ने पलवल से न्यू पृथला स्थित वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ने वाली पलवल टू पृथला के बीच बिछाई जा रही लाइन की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह, सीनियर डीओएम दिवाकर झा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

ओल्ड फरीदाबाद, न्यूटाउन फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल रेलवे स्टेशनों का 391.22 करोड़ की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है।

फरीदाबाद स्टेशन पर यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

फरीदाबाद स्टेशन पर वातानुकूलित वेटिंग रूम, वाई फाई की सुविधा, एस्केलेटर की सुविधा, सीसीटीवी कैमरे से स्टेशन की निगरानी, दिव्यांगों के लिए साइनेज सिस्टम, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा, फूड कोर्ट की व्यवस्था, बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, दोनों ओर मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था, जिसमें करीब 350 दोपहिया और 250 कारों के पार्किंग की सुविधा होगी। 2 नए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट आदि की सुविधा मिलेगी। इस दौरान चीफ एरिया मैनेजर राहुल यादव, स्टेशन अधीक्षक अखिलेश कुमार समेत अन्य ब्रांचों के अधिकारी मौजूद रहे।

फाइल फैक्ट

बल्लभगढ़: कुल लागत	**48.95 करोड़**
स्टेशन निर्माण की लागत	18.50 करोड़
फुट ओवरब्रिज की लागत	23 करोड़
प्लेटफार्म शेल्टर कवरिंग लागत	3.50 करोड़
अन्य कार्य लागत	3.95 करोड़
न्यू टाउन फरीदाबाद: कुल लागत	**34.88 करोड़**
स्टेशन निर्माण की लागत	15 करोड़
फुट ओवरब्रिज की लागत	13 करोड़
प्लेटफार्म शेल्टर कवरिंग लागत	3.5 करोड़
अन्य कार्य लागत	3.88 करोड़
पलवल स्टेशन: कुल लागत	**45.39 करोड़**
स्टेशन निर्माण की लागत	15.25 करोड़
फुट ओवरब्रिज की लागत	22.59 करोड़
प्लेटफार्म शेल्टर कवरिंग लागत	3.50 करोड़
अन्य कार्य लागत	4.05 करोड़

ओल्ड फरीदाबाद स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इस पर करीब 262 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। ओल्ड फरीदाबाद की बात करें तो यहां करीब 20 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसे ढाई साल में बनकर तैयार करने का लक्ष्य है।

अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए: महाप्रबंधन गुरुवार को रेल बस से अधिकारियों के साथ सुबह करीब 10:40 बजे पलवल स्टेशन पहुंचे और वहां बुकिंग काउंटर के साथ बनाई जा रही बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद वह रेल बस से ही पलवल से न्यू पृथला तक बिछाई जा रही वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन का निरीक्षण करते हुए न्यू पृथला स्टेशन पहुंचे। वहां से दोपहर करीब पौने दो बजे ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर विकास कार्यों का जायजा लिया। जीएम ने प्रोजेक्ट के बारे में अधिकारियों से चर्चा भी की। उन्होंने अधिकारियों और बिल्डिंग बनाने वाली कंपनी के अधिकारियों से कहा कि काम में किसी प्रकार की लापरवाही और गड़बड़ी न हो।

आचार संहिता के चलते पुलिस का फरमान

सभी शस्त्र लाइसेंस धारक असलहा थाने या गन हाउस में जमा कराएं

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। स्वतंत्र, निष्पक्ष, व शांतिपूर्वक चुनाव कराना पुलिस की प्राथमिकता है। फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में 25 मई को वोटिंग होगी। ऐसे में संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल ने सभी थाना प्रबंधक को उनके क्षेत्राधिकार में रहने वाले गांव व शहर के सभी लाइसेंस शस्त्रधारकों को अपने हथियार थाने या गन हाउस में जमा कराने के निर्देश दिए है। सभी थाना प्रबंधक प्रति दिन थाने में जमा लाइसेंस शस्त्र की रिपोर्ट पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित इलेक्शन सेल में भेजना सुनिश्चित करें। फरीदाबाद में करीब 3800 शस्त्र लाइसेंस धारक हैं। अभी तक 679 हथियार जमा हो चुके हैं। गन हाउस में जमा करने पर अपने रिहायशी थाने को सूचित करें तथा थाने में लाइसेंस जमा करने पर रसीद प्राप्त करें। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के अनुसार शस्त्र जमा नहीं करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसे में असलहा का नवीनीकरण रोककर लाइसेंस कैंसिलेशन की प्रकिया अमल में लाई जाएगी।

सीएम फ्लाइंग की छापेमारीः प्रदूषण विभाग की एनओसी के बिना चल रही थीं पनीर की 2 डेयरियां

पलवल | सीएम फ्लाइंग ने खाइका गांव व हथीन में 2 पनीर की डेयरियों पर छापा मारा। प्रदूषण विभाग की एनओसी नहीं होने से डेयरी के लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया विभाग की तरफ से की जा रही है। सीएम फ्लाइंग टीम के उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह व सहायक उपनिरीक्षक शिव कुमार ने खाद्य आपूर्ति विभाग के डॉ. सचिन व प्रदूषण विभाग के अधिकारी रणबीर सिंह के साथ खाइका गांव में नुरुद्दीन की डेयरी पर छापा मारा। इस दौरान संचालक कोई रिकॉर्ड नहीं दिखा पाया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के सेफ्टी विंग की टीम ने डेयरी से जांच के लिए पनीर के सैंपल लिए। इसके बाद हथीन के धीरनकी मार्ग पर नासिर पनीर की डेयरी पर छापा मारा। इस डेयरी संचालक के पास भी एनओसी नहीं थी। दोनों डेयरी संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

इलाज के बहाने घर बुलाकर डॉक्टर से मारपीट व लूटपाट, 8 के खिलाफ मामला दर्ज

पलवल | इलाज के बहाने डॉक्टर को घर पर बुलाकर बंधक बना लिया। फिर उसे अपहृत कर दूसरे गांव ले गए और वहां मारपीट की। पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर 8 नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार होडल निवासी अशोक कुमार ने शिकायत में कहा उनकी धीरनकी रोड हथीन में क्लीनिक है। डॉक्टर को बुधवार देर शाम सिरोली गांव निवासी रेहाना ने मैसेज कर घर बुलाया। घर पर बिलकिस व रेहाना दोनों थीं। तभी रेहाना ने दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद उसके पिता हारुण, मां असमीना, इकबाल, मकमुल, मुन्नू व मुख्तार आदि आ गए। इन्होंने उन्हें कमरे में बंद कर दिया और मारपीट की। उनकी बाइक, जेब में रखे 2800 रुपए, लाइसेंस आदि को लूट लिया।

केंद्रीय मंत्री का वैश्य समाज पर टिप्पणी करने का ऑडियो वायरल, चुनाव में विरोध करने की चेतावनी

वैश्य समाज हरियाणा के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला बोले-बयान से समाज में रोष

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री व फरीदाबाद से बीजेपी उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर द्वारा वैश्य समाज के खिलाफ की गई टिप्पणी वाला ऑडियो वायरल होने पर वैश्य समाज ने कड़ी नाराजगी जताते हुए चुनाव में खुलकर विरोध करने का ऐलान किया है। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है। ऑडियो काफी पुराना माना जा रहा है। क्योंकि गुर्जर ऑडियो में राजस्थान चुनाव में व्यस्त होने की बात कह रहे हैं। ऑडियो में किसी राजेंद्र नामक व्यक्ति से बातचीत है।

खुलकर विरोध करेगा वैश्य समाजः ऑडियो वायरल होने के बाद अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर का वैश्य समाज के खिलाफ जहर उगलना उनकी ओछी मानसिकता दिखा रहा है। उन्होंने कहा केंद्रीय राज्य मंत्री ने वैश्य समाज के खिलाफ जिस तरह से जहरीली बातें कही हैं, उससे यह साफ हो जाता है कि वे वैश्य समाज के खिलाफ किस हद तक हैं। बुवानीवाला ने कहा कि गुर्जर के इस बयान को लेकर वैश्य समाज में रोष है। पूरा समाज लोकसभा चुनाव में गुर्जर के खिलाफ रहेगा। उन्हें समाज का एक भी वोट नहीं दिया जाएगा। पूरे हरियाणा में इस विरोध को वैश्य समाज जताएगा।

गुर्जर बोले- चुनाव के चलते साजिश कर रहे विरोधी

केंद्रीय मंत्री ने इस वायरल ऑडियो पर कहा कि ये विरोधियों की साजिश है जैसे जैसे चुनाव नजदीक आएगा वैसे वैसे इस तरह के हथकंडे अपनाए जाएंगे। उन्होंने कहा जो लोग मैदान में डट नहीं पाए और मुकाबला नहीं कर पाए वह इस तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। लेकिन कोई असर नहीं होने वाला, पहले से बड़ी जीत होगी, फिर पांच जून को मिलेंगे। ऑडियो में उनकी ही आवाज है या नहीं इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की।

साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर मुनाफे का झांसा देकर 2 लोगों से 14.19 लाख रुपए ठगे, केस दर्ज

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

साइबर ठगों ने दो शहरवासियों को निशाना बनाकर टास्क पूरा करने के बदले मोटा पैसा कमाने का झांसा देकर कई चरण में 14.19 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-9 निवासी संतोष शर्मा ने शिकायत में कहा कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। 22 फरवरी 2024 को मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब करने के लिए महिला और उसके साथी का फोन आया। उन्होनें गूगल पर रिव्यू करने का काम बताया। उसने डेमो टास्क के रूप में एक लिंक भेजा और कहा कि आप इस लिंक पर क्लिक कर रिव्यू दीजिए। विश्वास जमाने के लिए ठगों ने 1000 रुपए अकाउंट में ट्रांसफर भी किए। इसी तरह कई चरण में ठगों ने कुल 11,38,675 रुपए विभिन्न बैंक खातों में जमा करा लिए।

एक अन्य घटना में सुंदर कॉलोनी एनआईटी निवासी जयप्रकाश सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि ठगों ने उन्हें ऑनलाइन पैसे कमाने का झांसा देकर टेलीग्राम ऐप पर टास्क पूरा करने का दबाव बनाकर कई चरण में 2,80,600 रुपए ठग लिए।

नियमों का उल्लंघन करने वाले 6,508 वाहन चालकों का पुलिस ने किया चालान

फरीदाबाद | यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सप्ताहभर में साढ़े 6 हजार से अधिक चालान किए। पुलिस उपायुक्त उषा के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा ओवर स्पीड वाहनों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं व शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई। सप्ताहभर में ओवर स्पीड के 1078, अवैध पार्किंग के 1785, विदाउट हेलमेट के 2439, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के 168, रॉन्ग साइड ड्राइविंग के 230, विदाउट सीट बेल्ट के 122, ब्लैक फिल्म के 84 चालान किए गए। उक्त चालान सहित अन्य नियमों के उल्लंघन के सप्ताह भर में कुल 6,508 पोस्टल चालान किए गए। पुलिस उपायुक्त ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया है।

गुरुग्राम

टेलीग्राम एप के माध्यम से साइबर ठगी करने की ट्रेनिंग देने वाले ठग गिरफ्तार

आरोपी योगेश मीणा टेलीग्राम एप के माध्यम से 400 लोगों को सिखा चुका ठगी के तरीके

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम की साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस ने एक ऐसे साइबर ठग को अरेस्ट किया है, जो ना केवल खुद ठगी करता था, बल्कि टेलीग्राम ऐप के माध्यम से पूरे गांव को साइबर ठगी की ट्रेनिंग देता था। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह 10-20 नहीं बल्कि 400 लोगों को टेलीग्राम एप के माध्यम से ठगी करने का गुर सिखा चुका है।

यही नहीं आरोपी योगेश मीणा ठगी से रुपए ऐंठकर लग्जरी जीवन जीता था। उसके साथ तीन और आरोपी भी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनके कब्जे से नकदी, सोने की अंगूठी, महंगी गाड़ियां व चार मोबाइल भी बरामद किए हैं। आरोपी ने बताया कि बरामद की गई सोने की अंगूठी भी आरोपी ने गुरु दक्षिणा के रूप में ली थी।

साइबर ठगी के गिरोह के मास्टर माइंड का नाम योगेश मीणा है, जो न केवल टेलीग्राम के जरिए लोगों को ठगता था, बल्कि आसपास के युवाओं को टेलीग्राम एप पर ठगी करने की ट्रेनिंग भी देता था। अब तक आरोपी 400 से ज्यादा युवाओं को ठगी करने की ट्रेनिंग दे चुका है। आरोपी युवाओं को टेलीग्राम चैनल बनाने के साथ ही ठगी को कैसे अंजाम दिया है, यह भी पूरी जानकारी देता था। वहीं पुलिस ने कई वारदातों को सुलझाने के साथ ही उन आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है जो योगेश मीणा से ट्रेनिंग लेकर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। डीसीपी सिद्धांत जैन की मानें तो आरोपी योगेश मीणा के खिलाफ राजस्थान में भी अवैध हथियार रखने का एक मुकदमा दर्ज है।

आरोपी योगेश पर राजस्थान में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है केस



गुरुग्राम | पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

डीसीपी सिद्धांत जैन के अनुसार साइबर ठगी के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अब इनका रिकॉर्ड खंगालकर पता लगाया जा रहा है कि यह आरोपी कितने लोगों से कितने रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपियों की पहचान दयाराम उर्फ दियाराम मीणा, योगेश मीणा व विकास मीणा के रूप में हुई। योगेश के खिलाफ राजस्थान में आर्म्स एक्ट के तहत एक केस दर्ज है। आरोपी योगेश मीणा अपने आसपास के गांव के लोगों को निवेश के नाम पर ठगी करने के लिए ट्रेनिंग देता था। ऐसे में आसपास लगातार हो रहे ठगी के केस से जुड़े आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सिकंदरपुर गांव में कुश्ती दंगल के साथ संपन्न हुआ दो दिवसीय श्री श्याम खेल मेला

अजय लाखुवास ने संजय पहलवान को हराकर 2.25 लाख रुपए जीते

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम के गांव सिकंदरपुर में दो दिवसीय श्री श्याम खेल मेला संपन्न हो गया। गांव सिकंदरपुर के सरपंच सुंदरलाल यादव ने बताया कि गांव में बाबा श्याम खेल मेले का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस बार 19 और 20 मार्च को मेले का आयोजन किया गया। 19 मार्च को मेले में लड़कियों की कबड्डी व शूटिंग वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 मार्च को पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता और कुश्तियां कराई गई।

कुश्ती प्रतियोगिता में अजय पहलवान लाखुवास ने संजय पहलवान को हराया। विजेता पहलवान को कमेटी की तरफ से 2.25 लाख रुपए दिए गए। कबड्डी प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया। महिला वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में सीआईएसएफ पानीपत की टीम प्रथम स्थान पर रही। निजामपुर दिल्ली की टीम दूसरे स्थान पर व रिढाना सोनीपत की टीम तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में जींद की टीम प्रथम, झाड़सा द्वितीय व कैलंगा भिवानी तीसरे स्थान पर रही। मेले में पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता व भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने टीमों का प्रोत्साहन बढ़ाया। विधायक ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का प्रतीक हैं। सुंदरलाल यादव ने कहा कि हमारे गांव में लगातार यह मेला आयोजित होता रहा है।



गुरुग्राम | कुश्ती मुकाबले के लिए तैयार पहलवान।

सीएम फ्लाइंग की टीम ने दूध की 4 डेयरियों पर की रेड

फिरोजपुर झिरका | मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने निरीक्षक सत्येंद्र कुमार व खुफिया विभाग से निरीक्षक राजकुमार की संयुक्त टीम ने गुरुवार को पनीर क्रीम, घी, दूध के सैंपल लिए। फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर रमेश चौहान ने बताया कि फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत गांव बॉडी कोठी नावली में 1, कालाखेड़ा में 2, गुर्जर नंगला में 1 डेयरियों पर छापेमारी की गई जहां पर एक डेयरी के अलावा 3 डेयरियों के मालिक अपना लाइसेंस नहीं दिखा सके। सभी डेयरी मालिकों के पास भरपूर मात्रा में दूध, क्रीम, खोवा, पनीर मिला। सभी डेयरी मालिकों के सामने चार-चार सैंपल खोवा, पनीर, दूध, क्रीम के लिए गए सील बंद किया गया और सभी को टेस्ट करने के लिए संबंधित लैब में भेजा गया और नोटिस दिया गया और सभी के हस्ताक्षर कराए गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत, दूसरा गंभीर घायल

गुरुग्राम | मानेसर एरिया में वाहन की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भौंडाकला के आशुतोष ने पुलिस को शिकायत दी कि उसका छोटा भाई अंकित सेक्टर-82 स्थित एक कंपनी में काम करता था। बुधवार की सुबह अंकित अपने दोस्त भौंडाकला निवासी रोहित के साथ ड्यूटी के लिए बाइक से कंपनी जा रहे थे। मानेसर एरिया में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अंकित की वाहन के नीचे आने से मौत हो गई। जबकि रोहित को उपचार के लिए सेक्टर-10 के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे को अंजाम देकर चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया।

द्वारका-एक्सप्रेस-वे के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

गुरुग्राम | बजघेड़ा थाना क्षेत्र में द्वारका-एक्सप्रेस-वे के निकट तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से 71 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वृद्धा होली के उपले बेचने के लिए घर से निकली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया है। बजघेड़ा के मवासीराम ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी 71 वर्षीय मां बिमला बुधवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे घर से न्यू पालम विहार गई थी। लेकिन देर सांय तक वे घर नहीं पहुंची तो उनको तलाश किया गया। इस बीच उन्हें पुलिस से सूचना मिली थी उनकी मां को द्वारका एक्सप्रेस-वे के निकट अंडरपास रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। उसे उपचार के लिए सेक्टर-10 सिविल अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।


प्राचीन श्री श्याम बाबा मंदिर में दो दिवसीय मेले का हुआ आगाज

श्री श्याम बाबा के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गांव धनकोट स्थित प्राचीन श्री श्याम बाबा प्रांगण में दो दिवसीय मेले का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। मेले में पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री श्याम बाबा के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किए। मंदिर परिसर में बुधवार से ही बाबा के भक्तों का आना शुरू हो गया था। गुरुवार को भी दूरदराज से भक्त बाबा का झंडा उठाए नाचते-गाते मंदिर में पहुंच रहे थे।

बाबा के दर्शन के लिए मंदिर में दिनभर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। श्री श्याम बाबा ट्रस्ट द्वारा पूरे दिन प्रसाद वितरण और भंडारे की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं के लिए पानी, साफ-सफाई, शौचालय व यातायात के लिए निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह पुलिस जवान तैनात रहे। साथ ही लोगों को ट्रैफिक जाम की स्थिती से लोगों को निजाता दिलाने के भी प्रयास किए गए



गुरुग्राम | श्री श्याम बाबा के दर्शन के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

विश्व टीबी दिवस पर स्वास्थ्य विभाग व टीबी चैंपियंस के बीच हुआ क्रिकेट मैच

गुरुग्राम | विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य पर सिविल सर्जन गुरुग्राम डॉ. वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग गुरुग्राम और टीबी चैंपियंस के बीच एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डॉ केशव शर्मा, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. अनुज गर्ग, डॉ. अरुण सैनी, डॉ. अजय, डॉ. तरुण और डॉ. प्रियंका बत्रा उपस्थित रहे। मैच का आरंभ टीबी मुक्त भारत की शपथ के साथ की गई।

टीबी चैंपियंस ने इस मैच में जीत दर्ज की। इसके अलावा इस अवसर पर स्कूली बच्चों का एक ड्राइंग कॉम्पिटिशन भी किया गया, जिसका विषय था 'येश वी केन एंड टीबी'। इसके पश्चात बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनको प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा सिविल सर्जन गुरुग्राम डॉ वीरेंदर यादव ने बच्चो को दन्त किट वितरित की।

सेक्टर-4 में बिहार दिवस व होली मिलन पर पूर्वांचली संगम आज

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

प्रवासी एकता मंच द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी शुक्रवार की शाम को हुडा जिमखाना क्लब सेक्टर-4 गुरुग्राम में बिहार दिवस एवं होली मिलन समारोह किया जा रहा है। मंच द्वारा इस कार्यक्रम में पूर्वांचल की सभी संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम को बिहार दिवस के मौके पर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को बिहार की संस्कृति और गौरव गाथा के बारे में जानकारी देना है। होली मिलन समारोह और बिहार दिवस पूर्वांचल के लोगों की पहचान है। ऐसे में इस कार्यक्रम में बिहार की गौरव गाथा को गीत और संगीत के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रीति प्रकाश, लता मिश्रा, कौशल झा, रत्नेश तिवारी, चंदन त्रिवेदी, राजू राज, साथी उमेश, स्मिता सिंह के साथ अनेकों भोजपुरी कलाकार इस कार्यक्रम में अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे।

डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन आज मनाएगा बिहार दिवस

गुरुग्राम | डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को सेक्टर-4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में बिहार दिवस मनाया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार से जुड़े कलाकार गीत संगीत प्रस्तुत करेंगे। रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बंदना से होगा और समापन देश भक्ति गीत-संगीत के साथ किया जाएगा।

सीआरपीएफ कर्मी के साथ ठगी, आरोपियों ने झांसे में लेकर 4.80 लाख रुपए की लगाई चपत

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

सेक्टर-29 एरिया में सीआरपीएफ कर्मी को झांसे में लेकर डेबिट कार्ड और मोबाइल के जरिए 4.80 लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में अंबाला के नारायणगढ़ निवासी बबली ने कहा कि वह गुरुग्राम के कादरपुर स्थित सीआरपीएफ कैंप में नौकरी करता है। बुधवार को वह कादरपुर कैंप से अपने घर अंबाला छुट्टी पर जा रहा था। मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर वह एटीएम बूथ पर अपने अकाउंट का बैलेंस चेक कर रहा था। इसी दौरान दो युवक आए और उसे बातों में उलझा लिया। युवकों ने उसका पिन नंबर भी देख लिया और झांसे में लेकर डेबिट कार्ड और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने सीआरपीएफ कर्मी को झांसे में लेकर उनके अकाउंट से 4 लाख 80 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जल्दी ही आरोपियों के गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने अवैध खनन कर ला रहे पत्थर से भरे 2 ट्रैक्टरों को पकड़ा, आरोपी फरार

नूंह | पुलिस की चौकसी के बाद भी अवैध खनन करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो चौकी नूंह के इंचार्ज इंस्पेक्टर सूरजमल की टीम ने एक बार फिर अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा है। टीम ने फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के गांव धमाला के पास रोड पर पत्थर से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। वहीं पुलिस टीम को देख कर दोनों ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टरों को खेतों में लेकर भाग गए और चलते हुए ट्रैक्टरों से कूदकर भाग निकले। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए ट्रैक्टरों को जब्त कर फिरोजपुर झिरका थाने में रखवा दिया। साथ ही खनन विभाग द्वारा इन्हें सीज करवाया दिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 10 लाख ठगे व जान से मारने की धमकी भी दी

गुरुग्राम | सेक्टर-40 एरिया में एमसीजी में नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से दस लाख रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। रुपए वापिस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। सेक्टर-40 निवासी पीड़ित नीरज ने जींद मूल के दीपक व आनंद पर ठगी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी ईस्ट के आदेश के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बर्फबारी के अलावा प्रदेश के कुछ स्थानों में अंधड़ व ओलावृष्टि का भी अलर्ट

24 तक पहाड़ों में हिममार्च... लाहौल में हुई बर्फबारी, कुल्लू में भी बिगड़ने लगा मौसम

भास्कर न्यूज़ | शिमला

प्रदेश के कई भागों में 24 मार्च तक बारिश और बर्फबारी होने के आसार है। वीरवार को एक बार लाहौल और कुल्लू जिला में मौसम खराब हो गया है। जबकि लाहौल के ऊंचे पहाड़ों पर हल्का हिमपात शुरू हो गया है। उधर, प्रशासन ने भी मौसम विज्ञान के अलर्ट के बाद एडवाजरी जारी कर दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 21 से 24 मार्च तक मध्य व उच्च पर्वतीय कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

प्रदेश के कुछ स्थानों में अंधड़ चलने व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। 25 व 26 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 27 मार्च को कुछ स्थानों पर मौसम फिर बिगड़ सकता है। वहीं वीरवार को राजधानी शिमला व आसपास भागों में धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे।



मनाली में चल रहा बर्फ हटाने का काम

लौट सकती है ठंड... प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में सुबह शाम अभी भी ठंड का प्रकोप जारी है,लेकिन दिन के समय हल्की-हल्की गर्मी से लोगों का सामना हो रहा है। ऐसे में अगर बारिश और बर्फबारी होती है तो तापमान में फिर से गिरावट होगी, जिससे ठंड लौट आएगी। फिलहाल लाहौल स्पीति के पहाड़ों में बर्फबारी शुरू होने लगी है।

हिसार : पेपर अच्छा न हुआ तो छठी कक्षा के 12 वर्षीय छात्र ने फंदा लगा जान दी

मंडी आदमपुर (हिसार) | गांव सदलपुर में 12 साल के बच्चे प्रबल ने गुरुवार शाम को चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इतनी कम उम्र में उठाए गए इस घातक कदम से सभी परेशान हैं।

पुलिस ने मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। मृतक प्रबल के पिता गांव ठसका निवासी धर्मपाल ने पुलिस को बताया कि वह शिक्षा विभाग में एबीआरसी के पद पर गांव दुर्जनपुर में कार्यरत है। उनके 2 लड़के हैं। उनका छोटा बेटा प्रबल आदमपुर के एक निजी स्कूल में छठी कक्षा का छात्र था। वह पत्नी सुमन के साथ गांव सदलपुर में ही रहता है। प्रबल का 20 मार्च को आखिरी पेपर विज्ञान विषय का था, जो अच्छा नहीं हुआ था। इसके चलते वह तनाव में था। शाम करीब साढ़े 5 बजे प्रबल ने घर के उपर बने कमरे में चुन्नी से फंदा लगा लिया।

बच्चों को कड़वी बातें न बोलें: विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों को समझाएं कि जीवन का हर पड़ाव गेम की तरह है। विफल होने पर दोबारा ट्राई करने के लिए बोलें। मन में क्या चल रहा है। इसका ख्याल रखें। बच्चों को पेपर के समय कोई कड़वी बात न बोलें।

सहायता राशि दिलाने को 30 हजार रुपए रिश्वत लेते कर्मचारी गिरफ्तार

बाबैन | कुरुक्षेत्र जिले में राज्य एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार शाम को बाबैन में एससी/एसटी एक्ट के तहत एक मामले में सरकार की तरफ से पीड़ित व्यक्ति को मिलने वाली 4 लाख 50 हजार रुपए सहायता राशि दिलवाने के मामले में 30 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में कल्याण विभाग के एक कर्मचारी को रिश्वत की राशि सहित रंगे हाथों काबू किया है। उसे टीम अपने साथ अम्बाला ले गई।

पहले मनोहर से चर्चा, फिर नड्डा से मुलाकात, आज सौंपे जा सकते हैं मंत्रियों को विभाग

हाईकमान करेगा मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

भास्कर न्यूज़ | राजधानी हरियाणा

हरियाणा में 13 मंत्रियों को अभी तक विभाग नहीं मिल पाए हैं। विभागों के बंटवारे को लेकर पार्टी हाईकमान ने सीएम नायब सैनी को नई दिल्ली बुलाया है। जाते समय वे करनाल में पूर्व सीएम मनोहर लाल से भी मिले और विभागों को लेकर मंथन किया। इसके बाद सीएम ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मंत्रियों के विभागों को लेकर गहन मंथन किया। पार्टी हाईकमान ने विभागों को लेकर अपनी सहमति दे दी है। संभव है कि शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अब गृह मंत्रालय के अलावा वित्त मंत्रालय भी सीएम नायब सैनी के पास रह सकता है। हालांकि, उनके पास राजस्व विभाग भी आ सकता है। क्योंकि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भी अपने पास वित्त मंत्रालय रखा था।


दिल्ली में नड्डा से मिलते सीएम सैनी।

अधिकांश की पसंद निकाय विभाग

स्थानीय निकाय विभाग भी अधिकांश मंत्रियों की पसंद है। इस विभाग को लेकर काफी चर्चा भी है। थानेसर विधायक व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, असीम गोयल को यह विभाग मिल सकता है। हालांकि, डॉ. कमल गुप्ता को भी यह विभाग सौंपा जा सकता है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग पर भी कई मंत्रियों की नजरें हैं। असीम गोयल को उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री बनाया जा सकता है।

गुप्ता के विभाग में फेरबदल संभव... डॉ. कमल गुप्ता को स्वास्थ्य मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, कंवरपाल गुर्जर के पास कुछ पुराने विभाग बने रहेंगे। संसदीय कार्य मामले मंत्री भी गुर्जर ही रहेंगे। उन्हें पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सड़कें) और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन भी दिया जा सकता है। राज्य मंत्री सीमा त्रिखा को महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा एक-दो और विभाग दिए जा सकते हैं। महीपाल ढांडा को विकास एवं पंचायत मंत्री बनाया जा सकता है।

पुलिस की वर्दी में वीडियो बनाकर छवि खराब करने वाले 4 अरेस्ट

गुरुग्राम | मोनू मानेसर टीम के नाम पर फर्जी पुलिस कर्मी द्वारा सैल्यूट करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान यह मामला सामने आया था। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर चार आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। वायरल वीडियो में दो गाड़ियों में बैठे युवकों द्वारा खुद को कानून व प्रशासन से ऊपर प्रस्तुत किया है और पुलिस विभाग की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। वीडियो में एक थार गाड़ी तेजी से आती है जिसे पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति गाड़ी को पूछताछ करने के मकसद से रोकता है। इसके बाद गाड़ी में बैठे युवक मोनू मानेसर की टीम के हैं, कहकर पुलिस पर रौब झाड़ते हैं और पुलिस कर्मी उन्हें सेल्यूट कर गाड़ी को आगे जाने जैसा शूट किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संदीप यादव, सोनू यादव, विपिन व रितेश के रूप में हुई।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि चरखी दादरी का रहने वाला दीपक शर्मा नामक यूट्यूबर मानेसर आया था। चारों आरोपियों के साथ मिलकर पुलिस की वर्दी पहनकर उसने वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी।

रेस्टोरेंट में एंट्री पर हुआ विवाद: मैक्लोडगंज में पर्यटक की मौत, 6 हिरासत में, हत्या का केस

पुलिस का कहना-हेड इंजरी से हुई मौत, हथियार इस्तेमाल हुआ या नहीं जांच हो रही

धर्मशाला | भागसूनाग में पार्किंग के पास पंजाब के फगवाड़ा के पर्यटक की हत्या कर दी गई है। रेस्टोरेंट में शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में पंजाब से आए 33 वर्षीय नवदीप सिंह की मौत हो गई। मृतक नवदीप गुरुतेग बहादुर नगर टिब्बी फगवाड़ा का रहने वाला था।

मैक्लोडगंज पुलिस ने स्थानीय 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मृतक के दोस्त संजीव अवान ने बताया कि वह चार दोस्त पंजाब के फगवाड़ा से बुधवार को धर्मशाला घूमने आये थे। वीरवार सुबह जब वह भागसूनाग घूमने गए तो पार्किंग के समीप रेस्टोरेंट में खाना खाने गए तो वहां उपस्थित लड़के ने कहा कि आप शराब नहीं पी सकते। इस पर हमने कहा हम शराब नहीं पीने लगे हैं। इस पर उस लड़के ने मेरे दोस्त नवदीप को पीटना शुरू कर दिया और 10-15 लड़के और आए और हमें भी पीटने लगे। इसी समय नवदीप को हमने जमीन पर गिरा हुआ देखा। जिसके सिर से खून बह रहा था। तत्काल हम उसे गाड़ी में डालकर हॉस्पिटल ले जाने लगे। हॉस्पिटल पहुंचने पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने नवदीप को मृत घोषित कर दिया। मैक्लोडगंज पुलिस ने 23 साल के हरमनप्रीत सिंह की शिकायत पर 6 आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज किया है।

2 साल पहले हुई थी शादी, 7 सदस्यीय परिवार में अकेला कमाने वाला था | नवदीप अपने 7 सदस्यीय परिवार में अकेला कमाने वाला लड़का था। दो साल पहले ही उसकी शादी हुई थी और उसका 1 साल का बेटा है। फिलहाल ये सामने नहीं आया है कि वारदात में हथियार का इस्तेमाल हुआ है या नहीं, लेकिन ये साफ प्रतीत हो रहा है कि पर्यटक की मौत हैड इंजरी की वजह से हुई है। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि मैक्लोडगंज पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तारी से बचने को हाई कोर्ट के आदेश एडिट कर थाने में सौंपे, एक और केस

पानीपत | 57 लाख की ठगी करने के आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश की संपादित कॉपी तैयार करके पुलिस को दे दी। सेक्टर-13/17 थाना पुलिस ने इस कॉपी पर भरोसा कर लिया। बाद में जब हाई कोर्ट की ऑनलाइन साइट पर कोर्ट के आदेश देखे, तब इसका खुलासा हुआ। अब पुलिस ने रोहतक निवासी नीरज के खिलाफ एक और केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पर जालसाजी, धोखाधड़ी के साथ आईटी एक्ट की धाराएं भी लगाई हैं।

एसआई तस्वीर सिंह ने बताया कि शांति नगर मॉडल टाउन के अंकुश कंडोल की शिकायत पर नीरज व उसकी पत्नी साक्षी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था। जिसमें आरोप था कि बाबरपुर मंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप की हिस्सेदारी बेचने के नाम पर दंपती ने 56.87 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। उस केस की सुनवाई पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चल रही है। आरोपियों ने 20 नवंबर 2023 को पुलिस को कोर्ट ऑर्डर ई-मेल किए। जिसमें अगली सुनवाई होने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने का जिक्र था।

छात्राओं के ग्रुप में अश्लील वीडियो का लिंक भेजने वाला लेक्चरर गिरफ्तार

कैथल | राजकीय कन्या कॉलेज चीका की छात्राओं के ग्रुप में अश्लील वीडियो का लिंक भेजने वाले लेक्चरर जितेंद्र को चीका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसे कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के लेक्चरर जितेंद्र कुमार पर आरोप लगा था कि उसने छात्राओं के वॉट्सएप ग्रुप में अश्लील वीडियो का लिंक भेजा है। कुछ देर बाद लिंक को डिलीट कर दिया, लेकिन छात्राओं ने उसका स्क्रीन शॉट ले लिया। कॉलेज की तीन सदस्यीय शिकायत कमेटी की रिपोर्ट पर थाना चीका में शिकायत दी गई थी।

मधेपुरा में राजद की लालटेन कौन जलाएगा? प्रत्याशी खोजने में छूट रहा पसीना

कभी लालू-शरद का गढ़ रहे मधेपुरा में राजद के लिए प्रत्याशी चयन ही सबसे बड़ी चुनौती

नवीन निशांत | सहरसा

देश के चर्चित लोकसभा क्षेत्रों में एक मधेपुरा जो कभी लालू और शरद का गढ़ रहा, आज वहां से राजद नेतृत्व के लिए एक मजबूत प्रत्याशी का चयन करना बड़ी चुनौती है। मधेपुरा से राजद का लालटेन कौन जला सकता है, ऐसे कद्दावर प्रत्याशी की खोज हो रही है। कहने के लिए कई दावेदार हैं, लेकिन मजबूत योद्धा कौन होगा, जो एनडीए को कड़ी चुनौती दे सके।

यह सवाल राजद नेतृत्व को भी कई दिनों से परेशान कर रहा है। सहरसा-मधेपुरा के राजद से जुड़े आम कार्यकर्ता इस पक्ष में हैं कि लालू परिवार का ही कोई वारिस आ जाए तो मुकाबला दिलचस्प होगा। खुद लालू प्रसाद ने गोप की धरती मधेपुरा को अपने राजनीतिक क्षेत्र के रूप में देश भर में पहचान दिलाई। आज यहां से राजद में प्रत्याशी को लेकर माथापच्ची चल रही है। यहां तीसरे चरण में मतदान 7 मई को होना है।

लालू यादव और शरद मधेपुरा में आमने-सामने हुआ करते थे



कभी लालू यादव और शरद यादव मधेपुरा संसदीय क्षेत्र से आमने-सामने हुआ करते थे। दोनों कद्दावर नेता का चार बार हारने और जीतने का रिकार्ड रहा है। लालू प्रसाद के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र से इस्तीफा देने के बाद 2004 में राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को टिकट दिया और वे भी लालू प्रसाद के आशीर्वाद से मधेपुरा से सांसद चुने गए। फिर 2014 में पप्पू यादव राजद के टिकट से मधेपुरा के सांसद बने। बाद के कालखंड में राजद सुप्रीमो से बढ़ी दूरी के कारण पप्पू यादव को दोबारा लालटेन नहीं मिली। अब वे पूर्णिया में कांग्रेस के पंजा का दामन थाम चुनाव लड़ेंगे।



कार्यकर्ताओं की मांग, लालू परिवार विरासत संभाले

आम राजद कार्यकर्ता लालू परिवार के किसी एक सदस्य के जिम्मे मधेपुरा का नेतृत्व फिर से देखना चाहते हैं। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान देश की राजनीति में प्रखर रहे समाजवादी नेता और जदयू से अलग हो चुके शरद यादव को लालू प्रसाद ने टिकट दिया था। लेकिन मोदी लहर में कभी शिष्य रहे एनडीए प्रत्याशी दिनेशचंद्र से शरद यादव को तीन लाख से अधिक वोट से हरा दिया। उनके निधन के पश्चात पुत्र शांतनु बुंदेला ने मधेपुरा की जमीन से अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाना शुरू किया है।

2009 से मधेपुरा संसदीय क्षेत्र का बदल गया भूगोल

2009 से मधेपुरा संसदीय क्षेत्र का भूगोल बदल गया। नए सिरे से परिसीमन के बाद सहरसा और मधेपुरा के तीन-तीन विधानसभा क्षेत्रों की बराबरी हिस्सेदारी के कारण अब रोम पोप का और मधेपुरा गोप का वाली कहावत नहीं रही है। परिसीमन के बाद 2019 तक हुए तीन चुनावों में दो बार एनडीए और एक बार यानी 2014 के चुनाव में राजद की जीत हुई है। 2019 में रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर सांसद चुने गए दिनेश चन्द्र यादव के सामने 2024 में राजद का कौन प्रत्याशी होगा, यही चुनाव मुकाबले को दिलचस्प बनाएगा।

रांची के बिल्डर नीरज सहाय ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर की खुदकुशी

रांची | हिनू में बिल्डर नीरज सहाय (48) ने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। उन्होंने सुबह आठ बजे घर के बाथरूम में खुद को गोली मारी। गोली की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो बाथरूम का दरवाजा बंद था। दरवाजा तोड़ा तो वे अंदर गिरे हुए थे। उन्हें पास अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर पहुंचे तो वहां शव के पास रिवॉल्वर पड़ा था। गोली उन्हीं के हाथ से चली थी, इसकी जांच के लिए पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया।

बिहार लोक सेवा आयोग ने लिया फैसला

पांच अप्रैल को होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा स्थगित

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

पेपर लीक के कारण 15 मार्च को हुई शिक्षक नियुक्ति परीक्षा रद्द होने के बाद बिहार लोक सेवा आयोग आगामी परीक्षाओं को लेकर भी चौकस हो गया है। गड़बड़ी की आशंका से पांच अप्रैल को होने वाली तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा की नई तारीख की घोषणा बाद में करेगा। तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की प्रक्रिया में हुए इस बड़े फैसले की जानकारी आयोग के सचिव रविभूषण ने जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर दी है।अब चाक-चौबंद व्यवस्था के बाद ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद इसकी संभावना है। 15 मार्च को हुई तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक गिरोह से जुड़े 300 अभ्यर्थियों को झारखंड के हजारीबाग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

कांग्रेस का खाता फ्रीज करना लोकतंत्र की हत्याः सुप्रियो

रांची | झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इलेक्टोरल बांड और प्रधानमंत्री केयर फंड को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस का बैंक खाता फ्रीज किया जाना लोकतंत्र पर हमला है।

उन्होंने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरा देश इलेक्टोरल बांड का सच जान चुका है, अब सारी चीजें पब्लिक डोमेन में आ चुकी हैं। इसके बाद से भाजपा नेतृत्ववाली केंद्र सरकार बौखला गई है। देश का मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेसी का अंग है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में अब राष्ट्रपति को संज्ञान लेना चाहिए। उन्हें केंद्र सरकार को अविलंब बर्खास्त करते हुए चुनाव आयोग को निर्देशित करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को निर्देश देना चाहिए कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष इलेक्शन कराए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव की तिथि का एलान हो चुका है। राजनीतिक दल अपना उम्मीदवार उतारना शुरू कर दिया है। सवालिया लहजे में उन्होंने कहा कि वक्त में आप क्या दिखाना चाहते हैं? तमाशा ही दिखाना चाहते हैं ,तो घोषणा कर दीजिए कि चुनाव नहीं होगा। सारे राजनीतिक दलों का निबंधन रद्द किया जाता है और यह सरकार आजीवन रहेगी।

रफ्तार का कहर

हजारीबाग में अवैध बालू लदे हाइवा ने 5 को कुचला, दो गंभीर



भास्कर न्यूज | दारू (हजारीबाग)

टाटीझरिया थाना क्षेत्र के खैरा-बरकट्ठा सड़क पर गुरुवार की सुबह करीब 6:30 बजे अवैध बालू लदे मिनी हाइवा की चपेट में आने से तीन लड़कियां और दो महिलाएं घायल हो गईं। इनमें दो की स्थिति गंभीर है। दोनों को रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया है।

घायल लड़कियां नौकरी के लिए दौड़ की तैयारी कर रही थीं, वहीं घायल महिलाएं मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। घायलों में खैरा निवासी प्रकाश प्रसाद की दो बेटियां रिया कुमारी (10) व मानसी कुमारी (16), संजय प्रसाद की बेटी नंदिनी कुमारी (13), नेहाल महतो की पुत्री लक्ष्मी कुमारी (23) और रंजीत प्रसाद की पत्नी पूजा देवी शामिल हैं। स्थानीय लोगों व परिजनों ने घायलों को सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कराया। जहां पूजा देवी और रिया कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के ढाई घंटे के बाद पुलिस के पहुंचने पर लोगों में रोष है।

महाभारत 2024 | सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं, नेताओं का प्रचार शुरू

भोक्ता का दावा : मैं चतरा और ममता पलामू से लड़ेंगी चुनाव

भास्कर न्यूज | चतरा/जमशेदपुर/रांची

झारखंड में महागठबंधन ने अभी तक सीट शेयरिग की भी औपचारिक घोषणा नहीं की है। लेकिन इसके घटक दलों के नेता खुद को पार्टी उम्मीदवार बताते हुए चुनाव मैदान में उतर गए हैं। पार्टी के झंडा-बैनर के साथ चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।



झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता खुद को चतरा से राजद का प्रत्याशी बता रहे हैं। वे अलग-अलग कार्यक्रमों में जाकर दावा कर रहे हैं कि वे चतरा से तो ममता भुइयां पलामू से पार्टी की उम्मीदवार होंगी।

खास बात यह है कि महागठबंधन में अब तक बने फॉर्मूले के अनुसार राजद को एक सीट देने की बात चल रही है। लेकिन भोक्ता ने दो सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इधर, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह और प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व मे प्रदेश राजद की टीम राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव का मार्गदर्शन लेने के लिए पटना में हैं। इससे पहले झामुमो के मथुरा महतो ने भी गिरिडीह से चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया था।

ममता का दावा

मैं पलामू से लड़ूंगी चुनावः इसी बीच ममता भुइयां ने भी पलामू से राजद की टिकट पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में वे पटना में लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव से मिली थीं। भाजपा छोड़कर राजद में शामिल हो गईं। उन्हें आश्वासन मिला है कि पार्टी उन्हें पलामू लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारेगी। अभी सीट बंटवारा न होने के कारण इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



सीता सोरेन को केंद्र ने दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

रांची | झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुई जामा विधायक सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से उन्हें यह सुविधा दी गई है। इससे पहले सीता सोरेन को राज्य सरकार की ओर से वाई श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी। सुरक्षा श्रेणी में बदलाव के बाद उन्हें अब जेड श्रेणी में कुल 33 जवान मिलेंगे। इसमें उनके आवास पर केंद्रीय बल के 10 सशस्त्र सुरक्षा गार्ड के अलावा, 6 पीएसओ, 12 सशस्त्र स्कॉर्ट, 2 वाचर और 3 प्रशिक्षित चालक मिलेंगे। वैसे तो राज्य में रहने वाले वीआईपी के लिए राज्य सरकार की सुरक्षा समिति ही श्रेणी तय करती है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा अगर किसी की सुरक्षा श्रेणी तय की जाती है तो उन्हें केंद्र सरकार वाली सुरक्षा व्यवस्था मिलनी शुरू हो जाती है।



राम को नहीं मानने वाले मांझी अयोध्या से लौटने के बाद करेंगे नामांकन

गया | हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय संरक्षक सह पूर्व सीएम जीतन राम मांझी 23 मार्च को अपने परिवार के साथ प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या जाएंगे। दर्शन करेंगे। और लौटकर 28 मार्च को गया लोकसभा सीट से नामांकन करेंगे। ये बातें खुद मांझी ने बताईं। राजनीतिक हलके में अब यह चर्चा जोर पकड़ ली है कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले मांझी अब रामलला के दर्शन के बाद पर्चा दाखिल करेंगे! मांझी ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने साबित किया है कि वे सबके लिए हैं। उन्हीं के मार्गदर्शन में चल कर मैने भी तय किया है कि सबसे पहले अयोध्या जाकर पूजा करेंगे। उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार पत्नी, बेटी, बहू, पुत्र पूजा-पाठ में विश्वास करता है। सभी नवरात्र भी रखते हैं।

2017 में दर्ज हुआ था आय से अधिक संपत्ति का मामला

भू अर्जन पदाधिकारी की करोड़ों की संपत्ति जब्त करने का आदेश

लीगल रिपोर्टर | पटना

पटना की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को विशेष न्यायालय अधिनियम के तहत एक भू अर्जन पदाधिकारी की आय से अधिक संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया। निगरानी की विशेष प्राधिकृत न्यायालय के न्यायाधीश ब्रजेश कुमार पाठक ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के तत्कालीन विशेष भू अर्जन पदाधिकारी आलोक कुमार की 5 करोड़ 78 लाख 9167 रुपए की आय से अधिक संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया।

विशेष अदालत ने उक्त कार्य के लिए पटना के जिला दंडाधिकारी को एक महीने का समय दिया है। विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार ने बताया कि निगरानी ने प्रारंभिक जांच के बाद तत्कालीन भू अर्जन पदाधिकारी आलोक कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला पाने के बाद वर्ष 2017 में एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

जांच के बाद निगरानी ने उक्त आय से अधिक संपत्ति के मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल किया साथ ही विशेष न्यायालय अधिनियम के तहत आय से अधिक चिन्हित संपत्तियों को जब्त करने का भी आवेदन विशेष न्यायालय अधिनियम के तहत दिया जिस पर सुनवाई के बाद आज यह आदेश पारित किया गया है।

15 करोड़ का चरस-गांजा जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | सुगौली

पुलिस ने 80 किलो चरस व एक किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा व चरस की अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ रुपए बताई गई। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस की टीम ने सुगौली से मझौलिया थाना क्षेत्र के आलम मियां व ओम प्रकाश राम को 15-15 किलो चरस के साथ पकड़ा। पूछताछ में उनलोगों ने चरस को छिपाकर रखने जानकारी दी। इस पर उत्तरी सुगांव पंचायत के वार्ड छह बंगरा में छापेमारी की गई। यहां राजकिशोर सिंह के दालान से 50 किलो चरस और एक किलो गांजा बरामद हुआ। बताया गया कि नेपाल से चरस मंगा कर स्टॉक करते थे। यहां से मलेशिया सहित अन्य देश में भी चरस भेजे जाने की जानकारी मिली है।

नगीना सीट से चंद्रशेखर नहीं कर पाए नामांकन

लखनऊ | यूपी में पहले फेज की वोटिंग के लिए नामांकन का गुरुवार को दूसरा दिन था। कांग्रेस यूपी की 17 सीटों पर प्रत्याशियों का शुक्रवार को ऐलान कर सकती है। दिल्ली में यूपी की 17 सीटों को लेकर मंथन चल रहा है। वहीं नगीना लोकसभा सीट से नामांकन करने पहुंचे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद बिना नामांकन किए ही लौट गए। उन्होंने कहा, मुझे डर है कि कहीं मेरा नामांकन ही रद्द न कर दिया जाए। उधर, भाजपा सांसद संघमित्रा की टिप्पणी से नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बदायूं डीएम-एसएसपी से मिलकर कार्रवाई के लिए शिकायत पत्र सौंपा है।

संघमित्रा ने जवाहरबाग कांड को लेकर शिवपाल का बिना नाम लिए कहा था- उसके सूत्रधार वही हैं, जो बदायूं से इस वक्त उम्मीदवार हैं। लखनऊ में भाजपा कार्यालय में चल रही सोशल मीडिया वर्कशॉप के बीच प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को दिल्ली बुला लिया गया है। माना जा रहा है कि यूपी की बची हुई 25 सीटों पर जल्द उम्मीदवार घोषित हो सकते हैं। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद नगीना सुरक्षित सीट से नामांकन नहीं कर पाए। बिना नामांकन किए चंद्रशेखर वापस चले गए। गुरुवार को चंद्रशेखर 3 बजे नामांकन करने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन कक्ष में पहुंचे तो समय का हवाला देते हुए अधिकारियों ने नामांकन कराने से मना कर दिया।

म्यांमार से यूपी भेजा जा रहा 6 किलो सोना कैमूर से बरामद

भास्कर न्यूज | पटना

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कैमूर में मोहनिया टोल प्लाजा के पास एक कार से 5.807 किलो सोना जब्त किया। सोने का मार्केट वैल्यू 3.94 करोड़ रुपए है। इस मामले में डीआरआई ने दो तस्कर के साथ ही स्मगलिंग में इस्तेमाल किए जाने वाले कार को जब्त कर लिया। बरामद सोना म्यांमार से मणिपुर होते हुए बिहार से यूपी के वाराणसी तक स्मगलिंग किया जा रहा है।

कार चालक के सीट के नीचे तहखाने में सोने की सिल्ली बरामद म्यांमार से सोने के स्मगलिंग की सूचना मुंबई यूनिट को मिली थी। जिसके आधार पर डीआरआई के बिहार यूनिट ने कार्रवाई की। जानकारी के मुंबई यूनिट से सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम मोहनिया टोल प्लाजा के पास गुरुवार को सुबह से गश्ती कर रही थी। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की कैमरे द्वारा जांच की जा रही है। शाम 5 बजे हुंडई आई 10 कार तेज रफ्तार से टोल प्लाजा की तरफ आती हुई दिखाई दी।

डीआरआई ने कार को रुकने का इशारा किया, तो कार चालक ने उसकी रफ्तार तेज कर दी। मौके पर रेंज अधिकारियों के मदद से डीआरआई की टीम ने कार का पीछा करके उसे रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार चालक के सीट के नीचे बने गुप्त तहखाना में सोने का 35 सिल्ली बरामद हुआ। इसका वजह 5.807 किलोग्राम था।

मफलर का फंदा लगाकर किसान ने किया सुसाइड, बैंक कर्मियों ने की थी बेइज्जती

सहारनपुर | सहारनपुर में एक किसान बैंक के कर्ज से परेशान होकर फांसी के फंदे पर लटक गया। किसान की मौत हो गई है। 8 साल पहले लिए गए लोन की रिकवरी करने पहुंचे बैंक कर्मचारियों किसान से अभद्रता की। किसान को घसीटते हुए कार तक ले गए। परिजनों ने किसान की मौत के बाद हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। मामला थाना गागलहेड़ी के गांव रसूलपुर पापड़ेकी का है। थाना गागलहेड़ी के गांव रसूलपुर पापड़ेकी के रहने वाले विनोद ने किसान क्रेडिट कार्ड पर एक बैंक से 2.80 लाख रुपए का लोन लिया था। किसान थोड़े-थोड़े पैसे देकर लोन को चुका रहा था। किसान के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिस कारण वह लोन का पैसा नहीं दे सका। मृतक किसान के बेटे राजेश का आरोप है कि 19 मार्च को बैंक के कर्मचारी कार में आए थे।

कांग्रेस नेता लाल मोहित नाथ शाहदेव व तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह के यहां ईडी के छापे

कांग्रेस नेता के घर से 12.50 लाख रुपए कैश, मोबाइल में बालू के अवैध कारोबार से जुड़े चैट मिले

भास्कर न्यूज | रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को तुपुदाना स्थित लाल बस्ती में कांग्रेस नेता सह जमीन कारोबारी लाल मोहित नाथ शाहदेव और तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह के आवास पर छापेमारी की।

लाल मोहित नाथ शाहदेव के आवास से छापेमारी में 12.50 लाख रुपए कैश और जमीन के दस्तावेज मिले हैं। उनके मोबाइल से कई संदिग्ध चैट भी मिले हैं। इसमें अवैध रूप से चल रहे बालू के कारोबार के बारे में कई अहम जानकारियां हैं। ईडी इसकी जांच कर रहा है। जांच एजेंसी को आशंका है कि तुपुदाना क्षेत्र में चल रहे बालू के अवैध कारोबार में हो रहे अवैध लेन-देन की जानकारी भी चैट में है।



मीरा सिंह



लाल मोहित नाथ

उधर, मीरा सिंह के आवास से भी ईडी को कई मोबाइल और दस्तावेज मिले हैं। इसकी जांच की जा रही है। मीरा सिंह को एसीबी ने फरवरी 2021 में 15 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया था। उस समय मीरा खूंटी महिला थाना प्रभारी थीं।

घूस लेने के मामले में मीरा के यहां पहुंची जांच एजेंसी



कांग्रेस नेता के घर ईडी की टीम।

तुपुदाना ओपी भी पहुंची टीम, एक डायरी जब्त

ओपी प्रभारी के आवास पर छापेमारी के बाद ईडी की टीम तुपुदाना ओपी भी पहुंची। वहां से एक डायरी जब्त की गई है। उसमें कई मोबाइल नंबर हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि वे नबर किनके है। उन नंबरों पर किन-किन लोगों से बातचीत हुई है। मीरा सिंह और लाल मोहित नाथ शाहदेव के पास से मिले मोबाइल से भी डायरी में लिखे नंबरों को मिलाया जा रहा है।

भू अर्जन पदाधिकारी की करोड़ों की संपत्ति जब्त करने का आदेश

पटना | पटना की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को विशेष न्यायालय अधिनियम के तहत एक भू अर्जन पदाधिकारी की आय से अधिक संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया। निगरानी की विशेष प्राधिकृत न्यायालय के न्यायाधीश ब्रजेश कुमार पाठक ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के तत्कालीन विशेष भू अर्जन पदाधिकारी आलोक कुमार की 5 करोड़ 78 लाख 9167 रुपए की आय से अधिक संपत्ति को जब्त करने का आदेश दिया।

विशेष अदालत ने उक्त कार्य के लिए पटना के जिला दंडाधिकारी को एक महीने का समय दिया है। विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार ने बताया कि निगरानी ने प्रारंभिक जांच के बाद तत्कालीन भू अर्जन पदाधिकारी आलोक कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला पाने के बाद वर्ष 2017 में एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

अनोखी सीट... स्थानीय प्रत्याशी नहीं होने का मुद्दा गरमाया, इसलिए अबतक भाजपा ने नहीं की घोषणा

आजादी के बाद चतरा में हुए लोकसभा चुनावों में अबतक एक भी स्थानीय नहीं बना सांसद, टीवी शो में बिग बी पूछ चुके हैं सवाल

जीतेंद्र कुमार | रांची

चतरा देश का एकमात्र ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां से आजादी के बाद 1957 में हुए पहले संसदीय चुनाव के बाद से अब तक संपन्न 16 लोकसभा चुनाव में चतरा से कोई स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बना है।

16 बार हुए संसदीय चुनाव में किसी स्थानीय को सांसद बनने का नसीब प्राप्त नहीं हुआ। इस अनूठे विशिष्टता की वजह से टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने प्रतिभागी से सवाल पूछा था-देश का कौन सा ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां से अबतक कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बना है।

हालांकि इस चुनाव में स्थानीय व्यक्ति को चतरा से सांसद नहीं बनाने का मुद्दा गरम है। इसे प्रतिष्ठा से जोड़कर भुनाने की कोशिश शुरू हो गई है। यही कारण भी है कि सुनील कुमार सिंह को भाजपा ने अब तक टिकट देने की घोषणा नहीं की है। राजनाथ सिंह की पिछले दिनों हुई सभा में भी बाहरी गो बैक के नारे लगे थे। भाजपा में चतरा सीट से बतौर स्थानीय के रूप में काली चरण सिंह और शशिभूषण मेहता पर विचार किया जा रहा है। वैसे गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के नाम की भी चर्चा है। इस सीट के लिए राजद स सत्यानंद भोक्ता स्थानीयता को आधार बना कर ताल ठोक रहे हैं।

पहले आम चुनाव में रामगढ़ राजघराने की महारानी बनीं सांसद

आजादी के बाद पहला आम चुनाव 1952 में हुआ। इसमें रामगढ़ राजघराने की महारानी विजया राणे पहली बार चुनाव जीतीव। वह हजारीबाग से ताल्लुक रखती थीं। महारानी ने 1962 व 1967 में भी यहां से जीत हासिल की। 1971 में बिहार के औरंगाबाद निवासी साहित्यकार शंकर दयाल सिंह ने कांग्रेस की टिकट पर यहां से बाजी मारी। 1977 में फिर बिहार के जहानाबाद निवासी सुखदेव वर्मा जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव जीते। 1980 में रणजीत सिंह जीते, जो चतरा के बाहर के थे। 1984 में कांग्रेस के योगेश्वर प्रसाद को चतरा के मतदाताओं ने सांसद भेजा।

चुनाव	विजेता	निवासी	चुनाव	विजेता	निवासी
1957	विजया राणे	हजारीबाग	1991	उपेंद्र वर्मा	गया
1962	विजया राणे	हजारीबाग	1996	धीरेंद्र अग्रवाल	गया
1967	विजया राणे	हजारीबाग	1998	धीरेंद्र अग्रवाल	गया
1971	एसडी सिंह	औरंगाबाद	1999	नागमणि	जहानाबाद
1977	एसपी वर्मा	जहानाबाद	2004	धीरेंद्र अग्रवाल	गया
1980	रणजीत सिंह	गया	2009	इंदरसिंह नामधारी	पलामू
1984	वाईपी योगेश	धनबाद	2014	सुनील कु. सिंह	बक्सर
1989	उपेंद्र वर्मा	गया	2019	सुनील कु. सिंह	बक्सर

▪ 1989, 1991 में लगातार दो बार बिहार के गया निवासी उपेंद्र वर्मा, 1996 और 1998 में गया के उद्योगपति धीरेंद्र अग्रवाल भाजपा की टिकट जीते। 1999 में राजद ने नागमणि उतारा। वह जीत गए। 2004 में धीरेंद्र अग्रवाल राजद की टिकट पर जीते। 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इंदरसिंह नामधारी चुनाव जीते।

लोकतांत्रिक व्यवस्था तहस-नहस कर रही भाजपाः कांग्रेस

रांची | देश में कांग्रेस को चुनाव से दूर करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करने की साजिश भाजपा द्वारा की जा रही है। कांग्रेस के बैंक खाते को पिछली एक माह से प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर फ्रीज किया गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा देश में अपने चरित्र के अनुसार विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश में सारी संवैधानिक मर्यादाओं को लांघ चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में अनवरत प्रयासरत है कि चुनाव के दौरान विपक्षी नेताओं और दलों को झूठे मुकदमों में फंसाकर उलझाये रखा जाए और इसके लिए सारी संवैधानिक संस्थाओं इडी,सीबीआई,आयकर विभाग आदि का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। जिस तरह से सिर्फ 14 लाख रुपए के मामले में जिस पर 10000 का फाइन हो सकता है उसके लिए 200 करोड़ जमा करने के आदेश और बैंक अकाउंट फ्रीज किया जाना पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

सुदेश बोले-राज्य के नवनिर्माण में युवा आजसू की भूमिका अहम

युवा आजसू का गठन, पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के निर्माण में युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज वक्त की मांग है कि युवा फिर से आगे आएं और राज्य के नवनिर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। युवा सोच, युवा जोश के साथ युवा आजसू राज्य के नवनिर्माण में महती भूमिका निभाएगी।



सुदेश महतो गुरुवार को रांची के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने युवा आजसू के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पार्टी द्वारा द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन करें। आपसी ताल-मेल और समझ-बुझ के साथ काम करें और यह तय करें कि युवा आजसू राज्य के युवाओं की आवाज बने और उनके हक व अधिकार की लड़ाई में हमेशा साथ खड़ी रहे। युवा आजसू के राज्य संयोजक- टिकैत महतो, अमित कुमार, हीरालाल महतो, दिलीप किस्कू, रविन्द्र ठाकुर, राजेश कुमार, महतो, डॉ.लाल मनीष नाथ शाहदेव, अमित महतो, गौतम सिंह एवं अब्दुल जब्बार अंसारी। इसके अलावा विभिन्न जिलों के लिए प्रभारी एवं सह प्रभारी मनोनीत किए गए।

वार-पलट वार... गिरिडीह में भाजपा-झामुमो में खुलकर आरोप-प्रत्यारोप

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा...

शिबू व हेमंत ने राजनीति के नाम पर सौदेबाजी की

भास्कर न्यूज़ | बेंगाबाद

भाजपा ने गुरुवार को बेंगाबाद के केएन बक्सी कॉलेज परिसर में गांडेय विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, दीपक प्रकाश व अन्नपूर्णा देवी थीं। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं को कोडरमा लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत का मंत्र दिया। मरांडी ने कहा कि अलग झारखंड का मामला हो या आदिवासियों के मान-सम्मान का भाजपा शासनकाल में ही संभव हो सका।

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के शासनकाल में राज्य का भला नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि कोडरमा सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीताकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को पूरा करने का काम हम सभी को करना है। सम्मेलन के दौरान मरांडी ने झामुमो पर तीखा हमला करते हुए कहा कि शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन ने आजतक राजनीति के नाम पर सौदेबाजी की है। कोडरमा की जनता ने यह तय कर लिया है कि पुनः भाजपा को जिताकर फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनानी है।



अन्नपूर्णा बोलीं... जल, जंगल, जमीन की बात करनेवाले घोटाले में जेल गए

केंद्रीय मंत्री व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जेल में है, वह भी भ्रष्टाचार के आरोप में। जल-जंगल-जमीन की बात करनेवाले आज जल-जंगल-जमीन तीनों को बेच रहे हैं। अपने नाम पर खनन पट्टा ले रहे हैं। सेना की जमीन अपने नाम कर रहे हैं। झारखंड की स्थिति आज देखें चार वर्ष के बावजूद बालू का टेंडर नहीं हुआ है। इस कारण छोटे-छोटे मकान यहां तक की प्रधानमंत्री आवास बनाने में भी लोगों को भारी परेशानी हो रही है। आज के युवा नौकरी की आस में हैं, लेकिन यह निकम्मी सरकार के शासनकाल में परीक्षा होने से पहले ही प्रश्न लीक हो जाते हैं।

झामुमो की कल्पना सोरेन बोलीं...

अंग्रेज व महाजनों की तरह भाजपा भी कर रही शोषण

भास्कर न्यूज़ | पचंबा/बेंगाबाद

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने अपने दो दिवसीय गांडेय विधानसभा क्षेत्र के दौरे के क्रम में गुरुवार को गिरिडीह सदर के कोवाड व बेंगाबाद के धुमाडीह में जनसभा को संबोधित कीं। संताली और हिंदी में उन्होंने कहा कि गांडेय की धरती मेरे ससुर दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मेरे पति हेमंत सोरेन की कर्मभूमि है। इस नाते मैं गिरिडीह की बहू हूं और आपका आशीर्वाद लेने आई हूं। पिछले चार साल से राज्य सरकार जनता के हित में कई योजनाएं चला रही है।

उन्होंने कहा कि चुनावी मौसम शुरू हो चुका है। कई लोग आपके पास आकर लुभावने सपने दिखाएंगे, लेकिन आप लोग सोच-समझकर अपना नेता चुनें। अपने संबोधन के दौरान कल्पना सोरेन केंद्र सरकार पर जमकर बरसीं। कहा-जिस तरह पहले अंग्रेज और महाजन लोगों का शोषण करते थे, आज उसी तरह भाजपा शोषण कर रही है। आज साजिश के तहत हेमंत दादा को भाजपाइयों ने जेल भेजा है, आनेवाले दिनों में यहां की जनता उन्हें जवाब देगी। हम जीतेंगे, झारखंड को झुकने नहीं देंगे और यही काम हमारे पति हेमंत सोरेन ने किया है।



बेंगाबाद में कल्पना बोलीं... खुशी से नहीं, मजबूरी में परिवार छोड़कर आई हूं

कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं अपना घर-परिवार छोड़कर यहां आई हूं, खुशी से नहीं आई हूं। तकलीफ है। आज मैं तकलीफ को बताने आई हूं, लोग पूछ रहे हैं कि हेमंत दादा बाहर क्यों नहीं हैं। आज उनकी आवाज को कौन उठाएगा। बाबा और सासू मां दोनों की तबीयत बहुत खराब है, आप लोगों के बीच लाना चाहती थी, लेकिन वे आने में असक्षम हैं। मुझे यहां के भाइयों पर पूरा भरोसा है, लेकिन यहां जो मेरी बहनें मां, चाची, बेटी, मौसी, मामी, ताई या अभिभावक तुल्य हैं, उन सभी से विनती करती हूं कि मेरे साथ आपको भी संघर्ष करना होगा।

पठानकोट व जालंधर समेत पंजाब के 5 जिलों में चुनाव आयोग ने एसएसपी हटाए

चंडीगढ़ | लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष करवाने के लिए चुनाव आयोग ठोस कदम उठा रहा है। इसलिए आयोग ने पंजाब के पांच जिलों पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण, मलेरकोटला और बठिंडा जिलों के एसएसपी को बदल दिया है। इनमें 4 आईपीएस कैडर के नहीं है। जबकि एक को कांग्रेसी सांसद का भाई होने के कारण हटाया गया है। बदले जाने वाले अधिकारियों में 4 पीपीएस अधिकारियों जालंधर रूरल एसएसपी मुखविंदर सिंह भुल्लर, पठानकोट एसएसपी दलजिंदर सिंह, फाजिल्का एसएसपी वरिंदर सिंह बराड़ और मलेरकोटला के एसएसपी हरकमल प्रीत सिंह खख को आईपीएस कैडर न होने पर बदला गया है, जबकि बठिंडा एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल को खडूर साहिब से कांग्रेसी सांसद जसबीर सिंह डिंपा का भाई होने के कारण हटाया गया।

बहू और उसके मायके वालों से परेशान हो ससुर ने की खुदकुशी

भास्कर न्यूज़ | मुक्तसर

एक व्यक्ति ने पुत्रवधू एवं उसके मायके वालों द्वारा जाने से मारने की धमकियों और दहेज का झूठा मामला दर्ज करवाने से परेशान होकर नहर में छलांग लगा आत्महत्या कर ली।

मुक्तसर पुलिस को मृतक चिमन लाल के बेटे राकेश कुमार ने बताया तीन साल पहले उसकी शादी गुनीता रानी पुत्री कश्मीर सिंह वासी तरोबड़ी जिला फाजिल्का के साथ हुआ था और पत्नी शादी के करीब डेढ़ साल के बाद उसे कहने लगी कि उसे माता-पिता के साथ नहीं रहना है, वह अलग रहना चाहती है। उसे इस बात से मना कर दिया था। राकेश कुमार ने बताया जिसके बाद उनमें बहस होनी शुरू हो गई थी और पत्नी मायके में रह रही थी।

शिकायतकर्ता ने बताया लड़की वाले साढ़े तीन तोले सोना वापस करने को कहते थे, परंतु हमारे पास उनके द्वारा दिया सोना करीब 2 तोले था। उसके बाद सास पाशो, साला मेजर सिंह, मोनू एवं पत्नी गुनीता रानी मुझे व मेरे परिवार को जहां भी मिलते थी, दहेज का मामला दर्ज करवाने के बारे कहते थे। मारने की धमकियां भी देते थे। इससे होकर परेशान पिता चिमन लाल ने सुसाइड नोट लिखकर नहर में छलांग लगा जीवन लीला समाप्त कर ली।

उधर, पुलिस ने आरोपी गुनीता रानी, मेजर सिंह, मोनू एवं पाशो के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पंजाब सरकार ने अजॉय शर्मा से दो हफ्ते में जवाब देने को कहा

हेल्थ सेक्रेटरी को नोटिस, पूछा- सीएम के ध्यान में लाए बिना मूसेवाला के पिता से कैसे जानकारी मांगी

मूसेवाला के परिवार को परेशान नहीं करेंगेः मंत्री

चंडीगढ़ | पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर द्वारा आईवीएफ तकनीक से पुत्र को जन्म देने और केंद्र द्वारा इस संबंध में पंजाब सरकार से जवाब तलब करने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। पंजाब सरकार ने हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अजॉय शर्मा को शोकॉज नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है कि उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान और संबंधित विभाग के मंत्री के ध्यान में लाए बिना मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह व उनके परिवार से कैसे जानकारी मांगी। सरकार ने जवाब दो हफ्ते के अंदर देने को कहा है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि आप के द्वारा उठाया गया यह कदम गंभीर कोताही है, आप दो सप्ताह में जवाब दें कि आप के खिलाफ ऑल इंडिया सर्विसिस (डिस्पलिन एंड अपील) नियमों 1969 के तहत क्यों न कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस सबंध में पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। इसमें असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी एक्ट का हवाला दिया गया है। इसमें बताया है कि आईवीएफ तकनीक से बच्चा पैदा करने के लिए महिला की उम्र 21 से 50 साल के बीच होनी चाहिए।

धारूहेड़ा कंपनी में हादसाः दो और श्रमिकों की मौत, अब तक आठ की जान जा चुकी

रोहतक/रेवाड़ी | धारूहेड़ा की फैक्ट्री में 16 मार्च को हुए हादसे में घायल श्रमिकों में से 40 में से 20 को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में लाया गया था। गुरुवार को भी 2 श्रमिकों की मौत हो गई। इसके साथ ही पीजीआई में 7 व दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में एक की मौत हो चुकी है। ऐसे में कुल 8 मौते हो चुकी है। स्टेयरिंग बनाने वाले फैक्ट्री में धमाके के कारण 16 मार्च को हादसा हो गया था। मंगलवार को 2 घायलों की मौत हो गई थी। वहीं, बुधवार को 3 और गुरुवार को दो लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में यूपी के गोंडा के मनोज और देवानंद शामिल हैं। वहीं, 4 अन्य की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल पीजीआईएमएस में 13 श्रमिकों का उपचार चल रहा है।

पांच युगांडा, 1 कीनिया और 8 युवतियां पंजाब की रहने वाली

फगवाड़ा में 18 दिन में दूसरी बार विदेशी लड़कियों ने लड़कों को चंगुल में फंसाकर लूटा, 14 गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | फगवाड़ा

पुलिस ने देह व्यापार के आड़ में युवकों को तेजधार हथियारों के बल पर लूटने वाली 14 विदेशी लड़कियों को गिरफ्तार किया है। ये लड़कियां जिसमें पांच युगांडा तथा एक कीनिया, 8 जालंधर, नवांशहर तथा फगवाड़ा की रहने वाली हैं। पुलिस 18 दिन पहले भी 6 विदेशी लड़कियों को ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने लड़कियों से चाकू भी बरामद किया है।

दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार की गई इन लड़कियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसपी फगवाड़ा रुपिंदर कौर भट्टी ने बताया, महेडू पुलिस को सूचना मिली थी कि लॉ गेट के पास विदेशी युवतियों लोगों को जाल में फंसा कर लूट लेती है।

इनमें से कोई भी छात्रा नहींः एसपी

एसपी ने बताया कि इनमें कोई भी छात्रा नहीं है। पुलिस ने बताया कि यूनिवर्सिटी के पढ़ने वाले एक छात्र वरिंदर सिंह और ऑटो चालक अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कुछ लड़कियों ने उन्हें जाल में फंसा लूटा था।

आंसू गैस का धुआं चढ़ने से तबीयत बिगड़ने पर किसान नेता की मौत

मल्लांवाला | शंभू बॉर्डर पर किसानी धरने के दौरान आंसू गैस का धुआं चढ़ने से बीमार हुए किसान नेता की मौत हो गई।

जैकेट के शेष

लॉटरी किंग ने भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल, डीएमके सबको दिया

लॉटरी किंगः तृणमूल पर मेहरबान

टॉप खरीदार लॉटरी किंग की फ्यूचर गेमिंग ने सबसे ज्यादा 542 करोड़ तृणमूल को दिए। डीएमके, भाजपा कांग्रेस को भी चंदा दिया।

मेघा इंजी. : भाजपा को 664 करोड़

हैदराबाद की मेघा इंजीनियरिंग और वेस्टर्न यूपी ने भाजपा को 664 करोड़, बीआरएस 390 करोड़, कांग्रेस को 128 करोड़, डीएमके को 85 करोड़ दिए।

क्विक सप्लाईः 410 करोड़ के बॉन्ड

रिलायंस से जुड़ी क्विक सप्लाई चेन ने भाजपा को 375 करोड़, शिवसेना को 25 करोड़ चंदा दिया। हनीवेल प्रॉपर्टीज ने 30 करोड़ चंदा दिया।

हल्दिया एनर्जीः चौथी बड़ी डोनर

हल्दिया एनर्जी लि. बॉन्ड खरीदने में चौथे नंबर पर रही। उसने तृणमूल को 281 करोड़, भाजपा को 81 करोड़ और कांग्रेस को 15 करोड़ रुपए दिए।

टॉप 3 पार्टियों को आधे से ज्यादा चंदा 10 कंपनियों से

- भाजपा को कुल 6060.51 करोड़ चंदा मिला। इसमें 2,288 करोड़ चंदा टॉप 10 कंपनियों ने ही दे दिया।
- कांग्रेस को 1421 करोड़ रुपए चंदा मिला। इसमें 615 करोड़ रुपए चंदा टॉप 10 कंपनियों ने दिया।
- टीएमसी को 1609.53 कुल करोड़ रुपए मिले। शीर्ष 10 कंपनियों से ही 1160 करोड़ रुपए मिले।

ईडी ने हैदराबाद की अरबिंदो फार्मा के निदेशकों में से एक पी. सरथ रेड्डी को दिल्ली शराब घोटाले में 10 नवंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। 5 दिन बाद यानी 16 नवंबर को अरबिंदो फार्मा ने 5 करोड़ रु. के बॉन्ड खरीदे। जून 2023 में सरथ शराब घोटाले में सरकारी गवाह बन गए थे। कंपनी ने 4 साल में कुल 52 करोड़ का चंदा दिया।



आज का पंचांग

• पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : फाल्गुन, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, शुक्रवार संपूर्ण दिनरात तक, विक्रम संवत् 2080, शाके 1946, हिजरी 1445, मुस्लिम माह रमजान, तारीख 11, सूर्य उत्तरायण, बसंत ऋतु, 22 मार्च।
सूर्योदय कालीन नक्षत्र : मघा नक्षत्र रात्रि 04:28 तक, इसके बाद पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र रहेगा। धृति योग सायं 06:35 तक, इसके बाद शूल योग रहेगा। कौलव करण सायं 06:01 तक, इसके बाद तैतिल करण रहेगा।
ग्रह विचार (प्रातः 05:30) : सूर्य-मीन, चंद्र-सिंह, मंगल-कुंभ, बुध-मीन, गुरु-मेष, शुक्र-कुंभ, शनि-कुंभ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में स्थित है।
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00 तक रहेगा।
दिशाशूल : पश्चिम दिशा- यदि जरूरी हो तो इलायची खाकर यात्रा कर सकते है।
चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 06:32 से 08:03 तक चर का, प्रातः 08:03 से 11:04 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 12:34 से 02:04 तक शुभ का, सायं 05:05 से 06:35 तक चर का चौघड़िया रहेगा।
शुभाशुभ ज्ञानम् : प्रदोष व्रत, विश्व जल दिवस, गंडमूल रात्रि 04:28 तक रहेगा।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
06:32	मघा	1	रजत	सिंह	म
08:11	मघा	2	रजत	सिंह	मी
14:56	मघा	3	रजत	सिंह	मू
21:42	मघा	4	रजत	सिंह	मे
04:28	पूर्वाफाल्गुनी	1	रजत	सिंह	मो

राशिफल

मेष : शुभ अंक...6 शुभ रंग...हरा : रिश्तों में चल रहा है गतिरोध दूर होगा। व्यापार में नए सौदे होने के आसार हैं। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। अनियमित दिनचर्या से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृष : शुभ अंक...1 शुभ रंग...नीला : धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। प्रियजन से मुलाकात प्रसन्नतादायी रहेगी। लोग बेवजह आपका विरोध कर सकते हैं। काम में आ रही दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

मिथुन : शुभ अंक...8 शुभ रंग...लाल : नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में सावधान रहें। वैवाहिक संबंधों में चल रही तकरार दूर होगी। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

कर्क : शुभ अंक...3 शुभ रंग...बैंगनी : अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन के आसार बनेंगे। खर्च की अधिकता से बजट गड़बड़ा सकता है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से माहौल बिगड़ सकता है।

सिंह : शुभ अंक...6 शुभ रंग...काला : मनचाहा काम मिलने से प्रसन्नता होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे। उलझे कामों को सुलझाने में सफलता मिल सकती है। निजी बातें किसी से शेयर न करें।

कन्या : शुभ अंक...9 शुभ रंग...सफेद : पुरानी गलतियों से सीखकर नई शुरुआत करें, सफल रहेंगे। अधीनस्थों का सहयोग मिलने से राह आसान होगी। महत्वपूर्ण योजना शुरू कर सकते हैं।

तुला : शुभ अंक...7 शुभ रंग...गुलाबी : अनुभवी लोगों का साथ कॅरिअर को नई दिशा देगा। अपनों की मदद से जटिल काम सहज ही पूरे होंगे। विपरीत परिस्थिति में घबराने की बजाय हिम्मत से काम लें।

वृश्चिक : शुभ अंक...8 शुभ रंग...बादामी : प्रॉपर्टी खरीदने का मन बनेगा। नए काम की शुरुआत में सफलता के आसार हैं। जरूरी काम टालने से नुकसान हो सकता है। सोच-समझकर निवेश करें।

धनु : शुभ अंक...4 शुभ रंग...नारंगी : अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अपने प्रयासों से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। दूसरों की मदद करके खुश होंगे। धार्मिक आयोजन प्रसन्नतादायी रहेंगे।

मकर : शुभ अंक...5 शुभ रंग...पीला : अटका धन मिलने के आसार हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी। नई जिम्मेदारियां आने से व्यस्तता बढ़ सकती है। सामाजिक जीवन में वर्चस्व बढ़ेगा।

कुंभ : शुभ अंक...3 शुभ रंग...गुलाबी : विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा को लेकर चिंतित रहेंगे। कामकाज में जोखिम उठाने से बचें। परिवार में आपसी तालमेल बना रहेगा। राजकीय मामले सुलझेंगे।

मीन : शुभ अंक...9 शुभ रंग...जामुनी : चापलूसों से सावधान रहें। कोर्ट-कचहरी के मामलों में राहत मिलेगी। बड़े सौदे हाथ से निकलने का मलाल रहेगा। मेहमानों की आवाजाही बनी रहेगी।

मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन, मैनेजमेंट गुरु [raghu@dbcorp.in]

खुशी महसूस करने के लिए सबसे जरूरी चीज क्या है?

इस बात पर गौर करें कि कल गुरुवार की तुलना में आज काम पर जाते हुए आपको ज्यादा खुशी हो रही है? इस खुशी के कारणों की पड़ताल करें। शायद वजह ये हो सकती है कि आज शुक्रवार है- सप्ताह का आखिरी वर्किंग डे या फिर आज से आईपीएल शुरू हो रहा है, जिससे अगले 50 दिनों तक मनोरंजन पक्का है या फिर कल शाम ऑफिस से आपकी तारीफ की या आज सुबह सैर में आपने आवारा कुत्ते को कुछ खिलाया।

ये सवाल पूछने का आइडिया दरअसल यूएन द्वारा बुधवार को जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट पढ़कर आया, जिसमें लगातार सातवें साल फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना है। 143 देशों में भारत 126वें क्रम पर है, जबकि यूएस टॉप 20 से बाहर होकर 23वें नंबर पर चला गया है। जिंदगी भर हम खुशहाल इंसान बनने की तलाश में रहते हैं और ऐसे कार्यक्षेत्र की तलाश में करिअर बदलते हैं, जो ज्यादा परिपूर्ण हो। आर्थिक-व्यक्तिगत वृद्धि के लिए खोजबीन करते रहते हैं। कुछ लोग तो चेहरा-मोहरा बदलने की सीमा तक चले जाते हैं, नकारात्मक मानसिकता-अवांछनीय आदतें छोड़ देते हैं। पर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का अध्ययन बताता है कि देने से मिलने वाली खुशी के अलावा भी लोग खुशियों के नए स्तरों का अनुभव कर रहे हैं। उनका अध्ययन सही हो सकता है क्योंकि आजकल हम हर जगह सामाजिक उद्यमिता देख रहे हैं, खासकर टेक समुदाय में, जहां बढ़ते बिजनेस हुनर, टेक्निकल विशेषज्ञता, वीसी फंडिंग मिलकर एक ताकतवर फोर्स बनाते हैं।

पर अब सवाल है कि हम मध्यमवर्गीय लोग सीमित संसाधनों के साथ कैसे देना शुरू कर सकते हैं? और तब मेरे दिमाग में आया नागपुर के शांतिनगर पुलिस स्टेशन के प्रधान आरक्षक सुधीर खुबालकर, जिनका हाल ही में नागपुर के शीर्ष पुलिस अधिकारी रविंदर सिंघल ने सम्मान किया है। खुबालकर ने आखिर ऐसा क्या किया? जवाब ये है कि उन्होंने महज 10 महीने में 64 परिवारों को मुस्कुराने के मौके दिए। ताज्जुब हो रहा है तो आगे पढ़ें।

एक दिन खुबालकर पत्नी किरण के साथ नागपुर रेलवे स्टेशन के पास प्रसिद्ध टेकड़ी गणेश मंदिर जा रहे थे। रास्ते में एक ट्रैफिक प्वॉइंट पर फुटपाथ पर बैठा घायल व्यक्ति दिखा। पास गए, तो देखा कि वो उनकी गुमशुदा लोगों की सूची में से एक था। तत्काल उन्होंने पुलिस स्टेशन संपर्क किया और उसे परिवार से मिलाया। उन्हें बुरा नहीं लगा कि वह उस दिन बप्पा के दर्शन नहीं कर पाए। बल्कि लगा कि भगवान ने उन्हें इस परिवार की मदद के लिए ही भेजा था। मई 2023 में उन्हें गुमशुदा लोगों का पता करने की जिम्मेदारी दी गई। सीमित संसाधनों के साथ उन्होंने अनारक्षित रेलवे डिब्बों में यात्रा की, जमीन पर सोए और मिशन में यात्राओं पर जेब से खर्च किया। सड़कों पर भीड़भाड़ में, फुटपाथ पर, मजार, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन पर उनकी निगाह रही, जहां लापता लोगों के मिलने की संभावना ज्यादा होती है। इससे पहले साइबर सेल की मदद से संबंधित लोगों के फोन की लोकेशन पता लगवाई, कॉल डीटेल का विश्लेषण किया और जिन नंबर्स से सबसे ज्यादा बात हुई, उन पर ध्यान दिया, लापता लोगों की खुफिया जानकारी जुटाई। संक्षेप में कहूं तो उन्हें इस करुणा (दूसरों के चेहरे पर खुशी देखकर) से ऊर्जा मिल रही थी, जिसने रोजमर्रा के काम में लगे 32 साल के व्यक्ति की जिंदगी में गर्व के पल भर दिए। कुछ लोगों का मानना है कि आर्थिक सफलता पर टिकी व्यक्तिगत खुशी पूरी तरह सच नहीं होती।

फंडा यह है कि रिसर्च में साबित हुआ है कि खुशियों और गिविंग के बीच सकारात्मक संबंध से भावनात्मक-शारीरिक सेहत सुधरती है, तनाव वाले हॉर्मोन में भी कमी आती है। आज से ही देना शुरू करें- किसी अजनबी को कम से कम मुस्कुराहट और साथी की सराहना तो कर ही सकते हैं।

दैनिक भास्कर एप पर मैनेजमेंट फंडा बाय एन. रघुरामन का वीडियो देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें। आज का शीर्षक है : 'जॉब हंट से पहले ऑक्यूपेशनल मैप बनाएं; सब्जेक्ट नॉलेज आएगा काम'

जयपुर : उद्योग विहार में किराए के कमरे में रह रहा था बिहार का परिवार

गैस रिसाव से कमरे में आग; दंपती, दो मासूम बेटियों व बेटे की मौत

मकान में छोटे-छोटे 16 कमरे, इनमें किराए पर रह रहे 50 से ज्यादा लोग

भास्कर न्यूज | जयपुर

राजधानी के विश्वकर्मा रोड नंबर 17 स्थित उद्योग विहार कॉलोनी में गुरुवार सुबह हृदय विदारक हादसा हुआ। रसोई गैस सिलेंडर से रिसाव होने के कारण कमरे में आग लगने से दंपती और उनके 3 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई।

बताया गया कि मकान सुरेश शर्मा का है, जहां बिहार के मोतिहारी स्थित फिनारा का यह परिवार किराए पर रह रहा था। मृतकों में राजेश यादव (25), पत्नी रूबी (24), बेटी ईशु (7), खुशमानी (3) व बेटा दिलखुश (15 माह) शामिल हैं। इसी मकान में व आसपास रह रहे लोगों ने मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, बाद में दमकल भी आई लेकिन पांचों को बचाया नहीं जा सका।

ज्यादातर किराएदार मजदूर

परिवार जहां किराए से रह रहा था, उस मकान में छोटे-छोटे 16 कमरे बने हुए हैं। इनमें लगभग 15 परिवारों के 50 से ज्यादा लोग रहते हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। ज्यादातर किराएदार मजदूर हैं, जो बिहार के रहने वाले हैं। मृतक राजेश का परिवार पिछले 5 माह से यहां रह रहा था। राजेश रोड नंबर 16 स्थित लोहा ढलाई की फैक्ट्री में मजदूरी करते थे।

दरवाजे के पास रखा था सिलेंडर, बचने को दीवार से चिपके रहे







अपने परिवार के साथ किसी काम से बिहार गए राजेश बुधवार शाम ही जयपुर लौटे थे। रसोई गैस खत्म हुई तो सुबह करीब 7 बजे पास में रहने वाले परिचित दशरथ से सिलेंडर लाए थे। सिलेंडर लगाने के बाद रेगुलेटर के पास से गैस लीक हुई और आधे घंटे बाद आग लग गई। परिवार जिस कमरे में रह रहा था, उसी में रसोई बना रखी थी। सिलेंडर दरवाजे के पास ही रखा हुआ था। ऐसे में आग लगी तो बाहर निकलने की जगह ही नहीं बची। बाहर नहीं निकल पाए तो पांचों दीवार के पास चिपककर बैठ गए लेकिन आग पूरे कमरे में फैल गई और दम घुटने से पांचों की मौत हो गई। पांचों झुलस भी गए। पुलिस ने पांचों के शव कांवटिया अस्पताल पहुंचाए, बिहार से परिजन आएंगे तब पोस्टमार्टम होगा।

हमने सूतलियों के बंडल भिगोकर फेंके, पर बचा नहीं पाए : प्रत्यक्षदर्शी


मकान के सामने फैक्ट्री में काम करने वाले प्रत्यक्षदर्शी अर्जुन व किशन ने बताया- हम सुबह 7 बजे काम पर आए थे। कुछ देर बाद चीख-पुकार सुनाई दी तो बाहर निकले। आग लगी देखी तो हम लोगों ने मिट्टी व पानी डाला। पास वाले गोदाम से सूतलियों के बंडल निकालकर उन्हें पानी में भिगोकर फेंके लेकिन आग नहीं बुझ पाई। बाद में पुलिस और दमकल आ गई थी। ऊपर की मंजिल में रहने वाले ज्यादातर लोग तो नीचे आ गए थे लेकिन आग लगने से ग्राउंड फ्लोर के कमरों में रह रहे लोग वहीं फंस गए थे।

भाजपा • प्रदेश संगठन में अहम बदलाव किए

विनय प्रदेश चुनाव प्रभारी, पूनिया को हरियाणा भेजा

जयपुर | भाजपा ने प्रदेश में संगठन स्तर पर अहम बदलाव किए हैं। राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे को राजस्थान का लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। राष्ट्रीय मंत्री विजया रहाटकर और सांसद प्रवेश वर्मा को सह-प्रभारी लगाया है। जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाकर भेजा है। दरअसल, भाजपा ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को प्रदेश का विधानसभा चुनाव प्रभारी लगाया था। अब जोशी धारवाड़ (कर्नाटक) से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इधर, पूनियां को हरियाणा भेजने से अब उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावनाएं खत्म मानी जा रही हैं।

अरुण सिंह राजस्थान से दूर : लंबे समय तक राजस्थान प्रभारी रहे राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को पार्टी ने आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया है।





विनय सहस्त्रबुद्धे व सतीश पूनियां।

विजया रहाटकर व प्रवेश वर्मा सह चुनाव प्रभारी

• **विनय सहस्त्रबुद्धे** : महाराष्ट्र मूल के हैं, संगठन का लंबा अनुभव है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य रहे हैं। पार्टी में उन्हें थिंक टैंक भी माना जाता है।
• **विजया रहाटकर** : राष्ट्रीय मंत्री व लंबे समय से प्रदेश सह प्रभारी हैं। विजया भी महाराष्ट्र मूल की हैं।
• **प्रवेश वर्मा** : दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के पुत्र, पश्चिमी दिल्ली से सांसद हैं। यहां से भाजपा ने इस बार प्रवेश की जगह कंवलजीत शेरावत को टिकट दिया है।

सूची • सीकर सीट गठबंधन के लिए छोड़ी

कांग्रेस : उम्मेदाराम बाड़मेर, सुनील शर्मा जयपुर से प्रत्याशी

भास्कर न्यूज | जयपुर

कांग्रेस की 57 प्रत्याशियों की तीसरी सूची में राजस्थान की 6 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं। इनको मिलाकर अब तक कांग्रेस के 15 प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। इससे पहले भाजपा भी पिछले दिनों 15 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी कर चुकी है। भाजपा के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी सूची में कांग्रेस ने सीकर सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए छोड़ दी है। जयपुर से सुनील शर्मा को और पाली से राज्य बाल आयोग की अध्यक्ष संगीता बेनीवाल को मैदान में उतारा गया है। बाड़मेर से उम्मेदाराम बेनीवाल को टिकट दिया गया है। बेनीवाल को पिछले दिनों ही कांग्रेस ने पार्टी जॉइन कराई थी। रालोपा कांग्रेस से उम्मेदाराम को प्रत्याशी बनाए जाने के लिए बाड़मेर सीट गठबंधन में मांग रही थी, लेकिन कांग्रेस ने उम्मेदाराम को ही पार्टी में शामिल करा लिया।

---

23 मार्च, 24 मार्च एवं 25 मार्च को नहीं होंगे नामांकन

जयपुर | लोकसभा चुनाव-2024 के तहत प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी, पहले दिन 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम दिन जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र लिए एक-एक प्रत्याशी ने अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये हैं।

जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए शशांक ने बतौर निर्दलीय और जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी आदित्य प्रकाश शर्मा ने अपना नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 27 मार्च तक नामांकन किये जा सकते हैं। 23 मार्च, 24 मार्च एवं 25 मार्च को राजकीय अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं किये जा सकेंगे।

नहीं बदले नियम • गहलोत सरकार ने इंटरव्यू का अधिकतम वैटेज 10% किया था

कैबिनेट की मंजूरी, फिर भी आरएएस भर्ती में इंटरव्यू 80 नंबर का नहीं हुआ

अवधेश आकोदिया | जयपुर

चयन में धांधली पर लगाम लगाने के लिए इंटरव्यू में अंकों का अधिकतम वेटेज 10% करने के प्रस्ताव को कैबिनेट मंजूरी के बाद भी आरएएस भर्ती में अमल नहीं हो रहा। मेंस में 800 अंकों लिखित परीक्षा होती है। यानी 10% के हिसाब से 80 नंबर का इंटरव्यू होना चाहिए, लेकिन 100 नंबर का ही हो रहा है। दरअसल, गहलोत सरकार ने 10 मई 2022 को कैबिनेट में सीधी भर्तियों में इंटरव्यू का प्रावधान हटाने का निर्णय लिया था। इसी में ऐसे पद जिनमें संवाद कौशल की आवश्यकता है, उनमें इंटरव्यू का वेटेज कुल अंकों का अधिकतम 10% करने का फैसला हुआ। कैबिनेट फैसले को लागू करने के लिए कार्मिक विभाग ने 23 मई 2022 को सेवा नियमों में संशोधन का नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें बाकी भर्तियों से जुड़े सेवा नियम शामिल हैं, लेकिन राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा (संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती) नियम, 1999 का जिक्र नहीं है। इस कारण आरएएस भर्ती-2023 में 800 नंबर की मेंस और 100 नंबर का इंटरव्यू बताया है, जबकि आरपीएससी की दूसरी परीक्षाओं में इंटरव्यू को वैटेज 10% ही है।

सवालों के घेरे में रही है इंटरव्यू की प्रक्रिया

कई भर्तियों में लिखित परीक्षा में ज्यादा अंक वालों को इंटरव्यू में कम नंबर और कम अंक वालों को ज्यादा नंबर के मिलने के मामले आ चुके हैं। आरएएस-2018 में टॉप-16 में से 3 को इंटरव्यू में 70 से कम नंबर मिले जबकि लिखित में 400 से ज्यादा अंक थे। लिखित परीक्षा में 400 से कम अंक हासिल करने वाल कई अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में 80 से ज्यादा नंबर मिले।

झारखंड : CRPF जवान ने जान दी, परिजन बोले-अफसर प्रताड़ित करते थे

बांदीकुई का रहने वाला था, 7 घंटे शव नहीं उतरने दिया ग्रामीणों ने

बांदीकुई | ढोलका के रहने वाले सीआरपीएफ के जवान निहाल सिंह ने झारखंड में ड्यूटी के दौरान सर्विस राइफल्स से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शव लेकर गांव पहुंचे सीआरपीएफ के ट्रक से आक्रोशित ग्रामीणों ने 7 घंटे शव नहीं उतरने दिया। घरवालों का कहना था कि अफसर परेशान करते थे। सीआरपीएफ के डीआईजी विक्रम सहगल ने ग्रामीणों से वार्ता कर समझाइश की। मृतक के भाई नरेन्द्र सिंह ने बताया कि निहाल सिंह गुर्जर झारखंड में चतरा जिले में तैनात था। निहाल सिंह ने बुधवार सुबह 4:30 बजे बैरक में सर्विस राइफल्स से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अफसर उसे प्रताड़ित करते थे।

आचार संहिता: माइंस की नीलामी पर रोक लगी

जयपुर। चुनाव आचार संहिता के चलते लाइम स्टोन, गोल्ड माइंस समेत अन्य खनिज माइंस की नीलामी पर रोक लगा दी है। इन ब्लॉक की नीलामी मार्च-अप्रैल में होनी थी। खनिज विभाग ने 14 मार्च को 53 लाइम स्टोन ब्लॉक, 6 मार्च को बांसवाड़ा में गोल्ड ब्लॉक, 3 एक्सप्लोरेशन लाइसेंस, कम्पोजिट लाइसेंस समेत अन्य खनिज माइंस की नीलामी के लिए प्रक्रिया शुरू की थी।

केस से आरोपियों का नाम निकालने के बदले कांस्टेबल ने ली 20 हजार की घूस

बीकानेर : कमरे में टेबल की दराज से बरामद किए रुपए

बीकानेर | भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दहेज प्रताड़ना के मुकदमे से आरोपियों के नाम निकालने के बदले 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते महिला पुलिस थाने के कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ की रीडर का काम देख रही कांस्टेबल ने रिश्वत की राशि टेबल की दराज में रखकर कमरे पर ताला लगा दिया जिसे ब्यूरो ने बरामद कर लिया है। तिलक नगर निवासी सुमन बानो ने महिला पुलिस थाने में दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया था जिसमें आरोप लगाया गया कि उसका पति इरफान, सास जमीना और पति के मौसेरे भाई साहिल ने तंग-परेशान किया। अश्लील वीडियो बनाए और साहिल ने दुष्कर्म की कोशिश की। मामले की जांच एसएचओ के पास है। कांस्टेबल अनीता बिश्नोई एसएचओ की रीडर का काम देखती है। इरफान उससे मिला और अन्य आरोपियों के नाम निकालने की बात की तो कांस्टेबल अनीता ने 20,000 रुपए की रिश्वत मांगी।

ब्यूरो से इसकी शिकायत की गई तो सत्यापन कराया गया। गुरुवार को इरफान रुपए लेकर महिला थाने पहुंचा। अनीता ने रिश्वत की राशि कमरे में टेबल की दराज में रखवा ली। कमरे का ताला बंद कर चाबी अपने पास रख ली। इस दौरान ब्यूरो की टीम मौके पर पहुंची और उसे दबोच लिया। पहले तो महिला कांस्टेबल ने ताले की चाबी से इंकार किया, लेकिन बाद में दे दी। ब्यूरो ने टेबल की दराज से रिश्वत की राशि बरामद कर ली और कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया।

फॉरेक्स में निवेश का लालच देकर ₹21.71 लाख ठगने वाला महाराष्ट्र से गिरफ्तार

वडोदरा | फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश से ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर 4 रंगदारों ने वडोदरा शहर के एक व्यापारी से 21.71 लाख रु. ऐंठ लिए। वडोदरा साइबर क्राइम ने इस मामले में महाराष्ट्र से एक और शख्स को गिरफ्तार किया है। पहले 3 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वडोदरा के एक कारोबारी ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में कहा है कि मेरे एक व्हाट्सएप नंबर से उनसे संपर्क किया गया और फॉरेक्स स्कीम के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद एक वेबसाइट लिंक भेजा और पंजीकरण कराया। इसके बाद एनीडेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड किया गया। इसके बाद उसने अपना एक्सेस कोड प्राप्त कर वेबसाइट पर मुनाफा दिखाकर मुझे विश्वास में ले लिया।

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ितों के पुनर्वास के लिए मांगी रिपोर्ट

जोधपुर | राजस्थान हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण की खंडपीठ ने दुर्लभ बीमारी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर राज्य सरकार को 6 सप्ताह में योजना पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया कि ऐसे पीड़ितों के पुनर्वास के लिए योजना पेश की जाएं। स्वावलंबन फाउंडेशन के अध्यक्ष वैभव भंडारी की ओर से पेश जनहित याचिका पेश की गई थी। याचिका में बताया कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एक दुर्लभ बीमारी है, जिसके पीड़ित व्यक्ति की उपचार की संभावित लागत करीब 16 करोड़ रुपए है। याचिका में जिला स्तर पर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित व्यक्तियों को सबसे बुनियादी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाएं। वहीं पीड़ित रोगियों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक सिस्टम बनाया जाएं और पर्याप्त धन की उपलब्ध करवाया जाएं। राज्य के साथ-साथ जिला स्तर पर एक अलग नोडल निकाय का निर्माण जो न केवल निगरानी कर सकता है, बल्कि बीमारी से पीड़ित रोगियों के उपचार व पुनर्वास में भी सहायता कर सकता है। हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता चयन बोथरा व सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता बीएल भाटी ने पक्ष रखा।

दानह में ट्रेडिंग-निवेश के नाम पर 100 करोड़ की ठगी की शिकायत दर्ज

सिलवासा | दानह के सिलवासा में सेबी के नियमों के खिलाफ कथित तौर पर लोगों के साथ ठगी कर 100 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है। मल्टी लेवल ट्रेडिंग स्कीम के तहत यह धोखाधड़ी करने की शिकायत एक जागरूक नागरिक ने सिलवासा पुलिस थाने में दर्ज कराई है। दानह में ट्रेडिंग द्वारा रुपए डबल कराने का लालच देकर लोगों से रुपए ऐंठे जा रहे है। मल्टी लेवल मार्केटिंग के स्तर पर यह काम हो रहा है। जिसमें लोग अपने स्तर पर निवेश करने लगे है, क्योंकि लोगों को कार उपलब्ध कराने का भी लालच दिया जा रहा है। इसी क्रम में सिलवासा के एक जागरूक नागरिक ने प्रशासन में इस संदर्भ में लिखित शिकायत कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

वडोदराः होलिका दहन में 50 टन से ज्यादा उपलों का इस्तेमाल होगा

80 हजार किलो लकड़ी बचाने को 2000 सोसाइटियों में ईको फ्रेंडली होली खेलेंगे

भास्कर न्यूज | वडोदरा

80 हजार किलो लकड़ी बचाकर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए वडोदरा में होली के त्योहार पर करीब 2000 सोसायटियों में वैदिक होली का आयोजन होगा। इसके लिए वडोदरा, नडियाद और खेड़ा जिलों की 15 गोशालाओं से 50 टन से ज्यादा गोबर के उपलों का उपयोग किया जाएगा। वहीं, शहर के 10 से ज्यादा संगठन और व्यक्तियों ने वैदिक होली के लिए किट भी बनाई हैं। संगठनों के अनुसार, 150 किलो लकड़ियों की वैदिक होली लगभग 3 घंटे तक जल सकती है। वहीं घास, भूसा या गोकाष्ट की होली जलाने से वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणु और जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। वडोदरा में 5 हजार से ज्यादा जगहों पर होलिका दहन किया जाता है। इसमें 80 हजार किलो लकड़ी जल जाती है। वन विभाग के अनुसार 1 पेड़ से कम से कम 300 किलो लकड़ी निकलती है। अगर शहर का हर नागरिक ईको-फ्रेंडली होली जलाए तो 300 पेड़ कटने से बचाए जा सकते हैं।



मांजलपुर गांव में होली की तैयारियां शुरू

बूंदी • 16 साल पुराना मामला में पुलिसकर्मियों को दोषी माना

हत्या के सबूत मिटाने में सीआई समेत 5 पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के आदेश

भास्कर न्यूज | बूंदी

जिले के इंद्रगढ़ थाने में 16 साल पहले पुलिस की मारपीट से हुई मौत को लेकर जिला सेशन कोर्ट ने एक एसआई समेत 5 पुलिसकर्मियों को दोषी माना है। वहीं, तत्कालीन थानाधिकारी के खिलाफ सबूतों को खुर्द-बुर्द करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। इस मामले में पांचों पुलिसकर्मियों को आरोपी मानते हुए निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, इनको बूंदी जिले से बाहर स्थानांतरण करने का आदेश दिया है।

मृतक के भाई सलीम मोहम्मद ने कोर्ट की शरण लेकर न्याय की गुहार लगाई। जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनेशकुमार गुप्ता ने 13 मई 2008 को पुलिस की मारपीट में शब्बीर की मौत के आरोप में दोषी माना है। फरियादी की पैरवी कर रहे वकील नवेद केसर लखपति ने बताया थाना हाल सीआईडी आईबी को दोषी माना है। इन सभी को 143, 147, 300, 302, 149 धारा के तहत दोषी मानकर फैसला दिया गया।

यूं समझें पूरा घटनाक्रम

मृतक के भाई सलीम ने कोर्ट में दिए बयान में कहा कि 13 मई 2008 को 5 बजे 5 पुलिसकर्मी सादा वर्दी में घर आए। उन्होंने शब्बीर को बुलाने के लिए आवाज दी। इस पर उसकी मां बाहर निकली। शब्बीर को पुलिस उस समय ले गई, थोड़ी दूर ले जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने मारपीट शुरू कर दी। अस्पताल में उपचार के दौरान शब्बीर की मौत हो गई। सलीम ने इंद्रगढ़ थाने में पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दी, जिसे पुलिस ने झूठा करार दे दिया। बाद में सलीम ने कोर्ट की शरण ली। इस पर गुरुवार को जिला एवं सेशन न्यायालय ने पुलिसकर्मियों को दोषी माना है।

स्टेट बिडो

पुलिस देख भागा युवक, पीछा कर पकड़ा तो 80 लाख से अधिक की स्मैक मिली

भिंड | भिंड-इटावा रोड पर बरही के पास पुलिस चेकिंग देखकर एक युवक अनिल मौर्य (32) अचानक भाग खड़ा हुआ, जिसे देख पुलिस ने उसका पीछा किया और पकड़ लिया। वहीं तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 818.10 ग्राम स्मैक मिली, जिसकी बाजार में कीमत 80 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के कब्जे से जो स्मैक मिली है, उसे देखकर लग रहा है कि यह स्मैक डेकलप की हुई है, जो कि मंदसौर की लग रही है। उसे कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है।

मंदसौर : डीजे वाहन व कार में टक्कर से पार्षद पुत्र की मौत, तीन लोग घायल

मंदसौर | वायडी नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात भूखी फंटे के पास कार और डीजे वाहन में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दीपक चौहान की मौत हो गई, जबकि मुंदडी निवासी संजय खराड़ी व शुभांशु चौहान और डीजे वाहन में सवार मुकेश जाटव घायल हैं। बताया जा रहा है कि जयस जिलाध्यक्ष संजय खराड़ी साथियों के साथ राजस्थान से मुंदडी लौट रहे थे। गांव से करीब 200 मीटर दूर पर हादसा हो गया।


दीपक चौहान

भिंड : हरीक्षा गांव में राष्ट्रीय पक्षी 8 मोर मरे मिले, जहर देकर मारने की आशंका

भिंड | मेहगांव जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरीक्षा में एक साथ आठ मोर (राष्ट्रीय पक्षी) की मौत हो गई। शंका जाहिर की जा रही है कि किसी व्यक्ति ने इन्हें जहर दिया। वन विभाग की टीम ने मोरों का मेहगांव के पशु अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही उनके सैंपल जांच के लिए फॉरेंसिक लैब ग्वालियर भेज रहे हैं। जो मोर मरे मिले, वन विभाग की टीम को उनके अंगों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ होना नहीं पाया गया है। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट में केस दर्ज किया गया है।

रायसेन : पहाड़ी पर बाघ कर रहा था गाय का शिकार, युवकों ने भागकर बचाई जान

रायसेन | एक माह से शहरी सीमा से लगे क्षेत्र में बाघ का मूवमेंट बना हुआ है। यह बाघ बायपास मार्ग पर लोगों को अकसर दिखाई दे रहा है, जो किले की पहाड़ी पर भी पहुंच रहा है। बुधवार सुबह यह बाघ किले की पहाड़ी पर पिछले वाले दूसरे गेट के पास गाय का शिकार करता हुआ दिखाई दिया। किले की पहाड़ी पर गाय को छोड़ने के लिए जा रहे दो युवकों को जब बाघ दिखाई दिया तो उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। लोगों की आहट सुनकर बाघ किले की पहाड़ी पर जाकर बैठ गया।

प्रेमिका संग मिल गर्भवती पत्नी की हत्या की, पुलिस से कहा- घर आया तो मरी मिली

दतिया | पवन कुशवाहा नाम के 27 वर्षीय युवक ने प्रेमिका के साथ मिलकर गर्भवती पत्नी पूजा कुशवाहा (25) की गला दबाकर हत्या कर दी। 8 घंटे बाद पुलिस और रिश्तेदारों को फोन लगाकर कहा कि वह दुकान से घर आया तो पत्नी बिस्तर पर मृत पड़ी थी। घटना मंगलवार दोपहर वॉर्ड नंबर 17 स्थित मालोटिया वाली गली की है। वहीं संदेह होने पर पुलिस ने पति को पकड़ लिया, जबकि बुधवार को प्रेमिका को भी हिरासत में लिया है। मृतका 4 महीने की गर्भवती बताई गई है।

निचली अदालत के उम्र कैद दी थी

कारोबारी प्रवीण सोमानी अपहरण के आरोपियों को मिली जमानत

बिलासपुर | छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कारोबारी प्रवीण सोमानी अपहरण मामले में सभी आरोपियों को जमानत दे दी है। अपहरण कांड में डॉ. आफताब आलम, अनिल चौधरी प्रदीप, शिशिर, मुन्ना, तूफान को आरोपी बनाया गया था। निचली अदालत ने सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की गई है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने आरोपियों को अपील पर सुनवाई तक जमानत दे दी है। आरोपियों की तरफ से एडवोकेट बीपी सिंह ने तर्क दिया कि ठोस सबूतों के बगैर उम्रकैद की सजा उचित नहीं है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोपियों से बरामद की गई संपत्ति को विवादित तरीके से जब्त किया गया है। इस केस में ओडिशा सहित बाहरी गैंग के लोगों को आरोपी बनाया गया है। जबकि मुख्य आरोपी को अब भी पुलिस फरार बता रही है। ऐसे में केवल शक के आधार पर आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा देना उचित नहीं है।

भास्कर इंवेस्टिगेशन • 30 करोड़ से ज्यादा की ठगी, कई मामलों में नहीं होती शिकायतें

सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर छग के युवाओं से ठगी, 5 साल में 6000 केस

दूसरे राज्यों से ठगों को पकड़ने के मामले लगभग न के बराबर

अमिताभ अरुण दुबे | रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा सरकारी नौकरी के लालच में लाखों रुपए गंवा रहे हैं। पिछले पांच साल के आंकड़े देखें तो प्रदेशभर में ऐसी छह हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हुई हैं। ठगों ने सरकारी नौकरी लगवाने का प्रलोभन देकर इस दौरान लगभग 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। बहुत से युवा ठगे जाने के बावजूद शिकायत दर्ज नहीं करवाते हैं।

भास्कर ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि सरकारी महकमों का डाटा इन ठगों तक पहुंच रहा है। इसी के सहारे ठग लोगों के फोन नंबर हासिल कर रहे हैं। और इस तरह की ठगी को अंजाम दे रहे हैं। इसका दूसरा पहलू ये है कि ऐसी ठगी के मामले में राज्य में इक्का दुक्का प्रकरण ही ऐसे हैं जिसमें दूसरे राज्यों में जाकर आरोपी को पकड़ा हो।

अलर्ट रहें, झांसे में न आएं: तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, यूपी, ओडिशा के नंबर, सरकारी नौकरी के झांसे में गंवा रहे लाखो रुपए युवा।



नर्सिंग छात्रों से ऐसे लिए पैसे।

ठगी के आरोपी दूसरे राज्यों से, कार्रवाई नहीं के बराबर

पड़ताल के दौरान भास्कर ने 11 ऐसे विभागों से बात की। पुलिस में हुई शिकायतों का स्टेटस देखा। एक्सपर्ट कहते हैं कि 100 शिकायतों की तुलना में केवल 10 फीसदी ही एक्शन हो पाता है। प्रदेश में कोराना काल में एनएचएम में भी भर्ती के नाम पर बड़ी धोखाधोडी हुई थी। उस मामले में उसकी जांच अभी तक जारी है।

केस 1 नर्सिंग छात्राओं से लाखों रुपए ऐंठे

सरायपाली और आसपास के इलाकों की 13 से ज्यादा नर्सिंग कोर्स कर चुकी लड़कियों ने हाल ही में धोखाधड़ी की शिकायत की। जिसमें उन्होंने बताया कि सरायपाली के शख्स दामोदर प्रधान ने बड़े सरकारी अस्पताल में नौकरी लगवाने के नाम किसी से दो लाख तो किसी से 3 लाख रुपए लिए। महीनों बाद भी जब नौकरी नहीं लगी। तो लड़कियों ने उससे पैसे वापस मांगे। दामोदर के बैंक अकाउंट में 19 लाख रुपए से अधिक राशि ट्रांसफर हुई। जिसमें लड़कियां की ओर से दिए गए पैसा का सबूत भी है। वहीं वाट्सएप पर उसके चैट भी हैं। जिसमें वो पैसे की डिमांड और बाद में लड़कियों को धमकी दे रहा है। जिस नंबर से ऑनलाइन पेमेंट लिया वो बंद आ रहा है।

भास्कर एक्सपर्ट | प्रदीप गुप्ता, एडीजी, साइबर क्राइम

सवालः सरकारी वेबसाइट से और दूसरे माध्यमों से व्यक्तिगत डाटा ठगों तक कैसे पहुंच जाते हैं?

जवाबः साइबर क्राइम की पड़ताल में अक्सर देखा जाता है कि जिस विभाग की ओर डेटा में सुधार किया जाता है। संभवतः वहीं से जुड़ा कोई शख्स या पुराना कर्मचारी डेटा लीक करने में ठगों की मदद करता है। कई बार हैकिंग की जरिए ठग डेटा हासिल कर लेते हैं। हालांकि हर केस में डेटा लीक के तरीके अलग-अलग भी हो सकते हैं।

सवालः आखिर ऐसी प्रक्रिया क्यों नहीं अपनाई जा रही जिससे युवा ऐसी ठगी से बच सकें।

जवाबः बहुत हद तक ये जागरुकता पर निर्भर करता है। हम समय-समय पर ऐसे इनीशिएटिव लेते रहते हैं।

निहारिका बारिक, आईएएस, प्रमुख सचिव, आईटी

सवालः सरकारी वेब साइट से डेटा लीक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

जवाबः छत्तीसगढ़ इंफोटेक सोसायटी यानी चिप्स के द्वारा सभी विभागों की वेबसाइट नहीं बनाई जाती है। बहुत सी एनआईसी और अन्य एजेंसियों के द्वारा वेबसाइट बनाई और मेंटेन की जाती है। वेबसाइट से डेटा लीक ना हो इसके लिए लगातार सिक्योरिटी टेस्टिंग की जाती है। हम इसे लगातार सुधारने की दिशा में काम कर रहे हैं। युवाओं को भी हम कहना चाहेंगे कि हर विभाग में नौकरी के लिए जो प्रक्रिया है, उसके अनुसार ही प्रक्रिया में भाग लें।

दिन का तापमान सामान्य से तीन-चार डिग्री तक कम

समुद्र से आ रही नमी वाली हवा का प्रवाह खत्म, बढ़ेगा तापमान

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

राज्य में उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों को छोड़कर ज्यादातर हिस्सों में मौसम फिर सामान्य होने लगा है। समुद्र की तरफ से आ रही नमी वाली हवा का प्रभाव खत्म होते ही आसमान खुलने लगा है। दिन का तापमान अभी सामान्य से तीन-चार डिग्री तक कम है। मौसम खुलने के बाद शुष्क हवा के प्रभाव से तापमान में वृद्धि होगी। उसके बाद भी तापमान सामान्य के स्तर तक पहुंचने में एक-दो दिन लगेंगे। इसके बाद गर्मी महसूस होगी।

प्रदेश में बारिश की गतिविधियां फिलहाल खत्म हो गई हैं। समुद्र से भी बड़े पैमाने पर हवा के साथ आ रही नमी भी अब ज्यादा नहीं रही। इस वजह से दिन के तापमान में वृद्धि शुरू हो गई है। मौसम में ठंडकता भी खत्म हो गई। दिन और रात में भी हल्की गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि अभी भी तापमान सभी जगहों पर सामान्य से कम है।

बेमौसम बारिशः नुकसान का आंकलन करने होगा सर्वे

प्रदेश में इस हफ्ते हुई बेमौसम बारिश से सब्जियों-भाजियों और फसलों को बड़े नुकसान का अंदेशा है। सरसों व सोयाबीन की फसलों को भी बड़ी हानि पहुंचने का अंदेशा है। इस वजह से सरकार ने इसकी हानि का सर्वे कराने कराने का फैसला किया है। इसकी रिपोर्ट कलेक्टरों और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों से मांगी गई है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से जन हानि, मकान क्षति, पशु हानि की भी जानकारी मांगी है। इससे प्रभावित लोगों को आर्थिक अनुदान सहायता राशि देने को कहा गया है। आशंका जताई जा रही है कि अगर सरसों व सोयाबीन की फसलें लगभग खत्म हो गई होंगी। खुले में रखा धान व गेहूं की खड़ी फसल भी खराब हो गई होगी। इसमें कम मार्जिनल खेती करने वाले किसान ज्यादा प्रभावित हुए होंगे।

बढ़ेगा पारा : मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू हो गया है। अगले चार से पांच दिनों में प्रदेश के सभी स्थानों पर तापमान में क्रमिक रूप से दो से चार डिग्री की वृद्धि होगी। राजधानी रायपुर में भी दिन का तापमान 35 और न्यूनतम 18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

मोदी की फोटो वाले झोले में राशन कांग्रेस नेता पहुंचे चुनाव आयोग

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर रेल्वे स्टेशन, पेट्रोल पंप के विज्ञापनों साथ ही राशन दुकानों में दिए जा रहे झोले में होने पर कांग्रेस ने आपत्ति की है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त से किया।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा अंतर्गत भर्रेगांव, केन्द्र क्रमांक-75, के राशन दुकानदार द्वारा मोदी सरकार की गारंटी और पीएम मोदी की फोटो वाला कैरीबैग थैले में राशन देने का वीडियो चुनाव आयुक्त को सौंपा गया है। कहा गया है कि



चुनाव की आचार संहिता देशभर में लागू है ऐसे में मोदी की फोटोयुक्त कैरीबैग, थैला में राशन सामग्री दिया जाना आचार संहिता का घोर उल्लघंन है। इसे आचार संहिता का उल्लघंन मानते हुए दोषी लोगों पर तत्काल कार्यवाही किया जाये।

ज्ञापन सौपने वालों में कवासी लखमा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुशील आनंद शुक्ला, धनंजय ठाकुर अजय साहू, अमरजीत चावला आदि शामिल थे।

कोई गबन, घोटाला नहीं यह भाजपा के स्लीपर सेल का दुष्प्रचारः भूपेश बघेल

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि पीसीसी में किसी तरह का ग़बन या घोटाला नहीं हुआ है। जो भी भुगतान पीससी की ओर से किया गया वह एक वैधानिक अनुबंध के तहत किया गया। पूर्व पदाधिकारी ने जो भी शिकायत की है वह दरअसल भाजपा स्लीपर सेल का दुष्प्रचार है। पार्टी की अंदरूनी और वैधानिक अनुबंध पर इस तरह की शिकायत करना और फिर उसे मीडिया में प्रचारित-प्रसारित करना पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है और यह पार्टी के भीतर रहकर भाजपा के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहे लोगों को काम है।

जज पर अनर्गल आरोप लगाने वाले कॉलेज संचालक शिवनारायण सिंह की मुसीबत बढ़ी

जज बोले- जिस शिक्षण संस्थान को चलाने वाले ऐसे बदतमीज हों, वहां के छात्रों का क्या भविष्य होगा?

भास्कर न्यूज़ | ग्वालियर

ग्वालियर-चंबल अंचल में एक दर्जन शिक्षण संस्थानों के संचालन से जुड़े शिवनारायण कुशवाह को मप्र हाई कोर्ट ने जमकर लताड़ लगाई। जिला न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगाने के मामले में उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का केस दर्ज किया गया है। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस रोहित आर्या और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच ने कहा- जिस शिक्षण संस्थान को ऐसे बदतमीज लोग चलाने वाले हों, वहां के छात्रों का क्या भविष्य होगा? यही सिखाओगे उनको कि पढ़ लिखकर गाली गलौज करो कोर्ट में?

इन्हें ठेला दे दो, जहां ये सब्जी बेचें, ये स्कूल चलाने लायक हैं?...

जस्टिस आर्या ने कहा- अनाप-शनाप बातें करते हैं जजों के बारे में। शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक खेड़कर ने कोर्ट का बताया- आरोपी शिवनारायण सिंह ने न्यायालय में एक सिविल केस दायर किया। बाद में इस मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश के खिलाफ ना केवल अशोभनीय टिप्पणी की, बल्कि पैसे लेकर आवेदन निरस्त करने का आरोप लगाया। मामला वर्ष 2022 का है, जिसके बाद शिवनारायण के खिलाफ हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच में आपराधिक अवमानना का केस दर्ज हुआ। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि आरोपी रामनाथ शिक्षा प्रसार समिति के प्रबंधन का काम देखते हैं। स्कूल का संचालन इन्हीं की देखरेख में होता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि इन्हें ठेला दे दो, जहां ये सब्जी बेचें। ये स्कूल चलाने के लायक हैं? कोर्ट ने शासन से ये पता करने के लिए कहा है कि क्या आरोपी का स्कूल अभी संचालित हो रहा है या नहीं?

कांग्रेस नेताओं ने किया भाजपा प्रवेश, सह प्रभारी नबीन बोलेः देश की दशा और दिशा बदल रही है

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा प्रवेश का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को भी पार्टी मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी में धमतरी के पूर्व विधायक के पुत्र समेत सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए। नितिन नबीन एवं अरुण साव ने सभी को पार्टी का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया। नितिन नबीन ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना, देश



की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना,देश का दशा और दिशा बदली है।

कांग्रेस नेता गिदवानी भी हुए शामिल : कांग्रेस नेता अमर गिदवानी एवं तेज कुमार बजाज बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने दोनों का भाजपा प्रवेश कराया।

जज बोले- कोर्ट से गोपनीयता क्या डॉ.वर्मा कानून से ऊपर हैं

ग्वालियर | गोपनीयता का हवाला देकर नार्को टेस्ट की सीडी देने से इनकार करने पर मप्र हाई कोर्ट ने नाराजगी जताई। पिता गजेंद्र चंदेल की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस रोहित आर्या और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच ने कहा- कोर्ट से कैसी गोपनीयता? यदि कोर्ट ने आदेश दिया है तो टेस्ट की सीडी पेश करनी चाहिए थी। क्या एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) की निदेशक डॉ.दीपा वर्मा कानून से भी ऊपर हैं? कोर्ट ने अब गुना एसपी को अगली सुनवाई (3 अप्रैल) तक सीडी पेश करने की जवाबदेही दी है। इस दौरान कोर्ट ने अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश शुक्ला से कहा कि वे कोर्ट के आदेश को गंभीरता से लें। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि सीडी नहीं मिलने पर सबकी खबर ली जाएगी। दरअसल, पिता ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करते हुए आरोप लगाया कि जितेंद्र ने नाबालिग बेटी को बंदी बनाकर रखा हुआ है। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद गुना पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले केस के एक अन्य आरोपी सोनू कलावत और सविता बाई का नार्को टेस्ट गांधीनगर की फोरेंसिक लैब में तो नीलम चिदर का ब्रेन इलेक्ट्रिकल ओसिलेशन सिग्नेचर टेस्ट कराया।

नक्सलियों का सप्लाई नेटवर्क तोड़ने सफलता

अबूझमाड़ में ताबीज बेचने वाला नक्सलियों का सप्लायर निकला

भास्कर न्यूज़ | नारायणपुर

नारायणपुर पुलिस के नक्सल विरोधी अभियान के क्रम में 19 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तारागांव में इमली पेड़ के नीचे एक पुरुष व महिला डेरा लगाकर ताबीज, माला, रूद्राक्ष बेच रहे हैं, जिनकी गतिविधि संदिग्ध लगती है। इसके बाद निरीक्षक जनक साहू, थाना प्रभारी धौड़ाई हमराह स्टाफ एवं डीआरजी के साथ मौके पर पहुंचो और दोनों की तालाशी ली। उनके पास से 6 बोरी में 30-30 किलो एवं एक बोरी में 28 किलो 300 ग्राम विस्फोटक पदार्थ पोटेशियम नाइट्रेट, कॉरडेक्स वायर एवं विस्फोटक फ्यूज बरामद किया गया।

भास्कर खास • सूखे के कारण नदी के किनारे बसे गांव में पेयजल और खेती का संकट

10 साल में महानदी पर 30 रिसर्च, सभी में एक ही बात- सिकुड़ जाएगी मार्च से मई के बीच सूखने वाली धार अभी जनवरी में ही खत्म हो रही

भास्कर रिपोर्टर | रायपुर

छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में करीब 900 किलोमीटर बहने वाली यहां की जीवनदायिनी महानदी का कंठ अब सूख रहा है। पहले गर्मियों के सीजन में मई और जून के महीने में इसकी धारा पतली हो जाती थी, लेकिन वर्तमान में जनवरी महीने में ही नदी से पानी खत्म हो रहा है। इस नदी से जुड़े अलग-अलग विषयों पर कई शोध हुए हैं। एनआईटी रायपुर ने भी इसमें कई शोध किए हैं। सभी में नदी के अस्तित्व पर खतरे की बात है।

महानदी के बचाव के लिए जल्द ही उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में यह पूरी तरह से सूख जाएगी। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में साल 2013 से लेकर अब तक कई स्टडी और रिसर्च महानदी को लेकर हुई हैं। भास्कर ने इनमें से 30 रिसर्च का डेटाबेस एकत्र किया। इन डेटाबेस की एक बात कॉमन है, वह है महानदी सिकुड़ रही है और साल 2034 तक स्थिति ऐसे ही रही तो नदी के अस्तित्व पर खतरा हो सकता है। महानदी में बारिश का ही पानी रहता है, लेकिन क्लाइमेट चेंज के कारण अब बारिश की झड़ी नहीं लगती। अब बरसात बे मौसम और तेज होती है, जिसके कारण पानी नदी में नहीं रूकता। वहीं नदी के सूखने के पीछे इसमें बने छोटे-बड़े सैकड़ों बांध और परियोजनाएं भी है।

भास्कर एक्सपर्ट • बचाव को लेकर कई उपाय, इसे लागू करना होगा

प्रोफेसर डॉ. इश्तियाक अहमद, वाटर रिसोर्स डेवलपमेंट एंड इरिगेशन इंजीनियरिंग एक्सपर्ट, एनआईटी रायपुर

▪ महानदी के सूखने के क्या कारण हैं?

▪ महानदी बेसिन के सूखने के पीछे कई कारण हैं। छत्तीसगढ़-ओडिशा में महानदी पर सैकड़ों बांध, बैराज, एनीकट, बिजली संयंत्र और सिंचाई परियोजनाएं हैं। बांधों के निर्माण से तलछट भार और अपवाह में कमी आई है। पानी वहीं रूक जाते है जिसके कारण आगे सूखा हो जाता है। महानदी में बांध तो बनाए गए हैं, लेकिन पानी छोड़ने को लेकर कोई सिस्टम नहीं है। वहीं महानदी क्षेत्र में रेन फॉल असमय और तेज होती है इसके मैनेजमेंट की कमी है, जिसके कारण पानी नहीं रूकता।

▪ सूखने से कैसे प्रभाव देखने को मिल रहे हैं?

▪ महानदी में पानी नहीं होने का असर खेती-किसानी में पड़ रहा है। आसपास के इलाकों में रहने वाले ग्रामीण पलायन कर रहे हैं। एग्रीकल्चर सूखा बढ़ रहा है। पानी के जलीय जीवों का नुकसान हुआ है। लोग बहुत ज्यादा ग्राउंड वाटर का उपयोग कर रहे हैं।

▪ महानदी को सूखने से बचाया जा सकता है?

▪ बारिश के पानी को रोकने के लिए प्लानिंग की जरूरत है। राज्य में बने बांध 40 साल से भी ज्यादा पुराने हैं, ऐसे में इनकी स्टोरेज क्षमता कम हुई है। बांध से कितना पानी छोड़ना है, इसकी पॉलिसी बनानी चाहिए। ताकि रुद्री बैराज जैसे बांध के आगे जो सूखा हो जाता है वो नहीं होगा। गवर्नमेंट और लोगों को क्लाइमेंट चेंज के अनुसार प्लानिंग और फैसले करने होंगे। वाटरशेड की स्टडी के बाद ही प्रोजेक्ट पर काम करना होगा।

▪ उपाय नहीं किए तो भविष्य क्या हो सकता है?

▪ एक रिसर्च में आया है कि महानदी के लिए आने वाले 10 साल महत्वपूर्ण हैं। इस समय में ही महानदी की समस्या के समाधान की ओर काम करना होगा। यदि इस पर काम नहीं किया तो आस-पास जो स्थिति है वो और खराब हो सकती है।

आरक्षक भर्ती परीक्षाः

मुन्नाभाई, सॉल्वर और दलाल को 4-4 साल की सजा

भास्कर न्यूज़ | ग्वालियर

आरक्षक भर्ती परीक्षा में विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) अजय सिंह ने मुन्नाभाई महेश कुमार, दलाल बृजमोहन सिंह और सॉल्वर रिंकू सिंह को 4-4 साल की सजा दी। इसके साथ ही तीनों पर 13100-13100 रुपए का जुर्माना भी लगाया। लोक अभियोजक चंद्रपाल ने बताया कि ग्वालियर के आईआईटीटीएम में 30 सितंबर 2012 को आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। चेकिंग के दौरान बृजमोहन सिंह को निवासी फिरोजाबाद को गोहद निवासी रिंकू सिंह के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में बृजमोहन सिंह ने बताया कि महेश कुमार निवासी फिरोजाबाद ने उसे रिंकू सिंह के स्थान पर परीक्षा देने के एवज में 30 हजार रुपए देने का वादा किया था।

संपादकीय

कल्याणकारी राज्य में गरीबों का ध्यान जरूरी है

कोरोना संकट में जब करोड़ों प्रवासी मजदूर जिंदगी-मौत की जद्दोजहद में एड़ी घिसटते सैकड़ों मील पैदल चलकर अपने मूल निवास पहुंचे तो उद्योग ठप्प हो गए। स्थिति सामान्य हुई तो इन्हें फिर वापस लाने के लिए सरकारों ने उनकी मूवमेंट-ट्रैकिंग करने, नौकरी की सुरक्षा, आवास और यहां तक कि चिकित्सा सुविधा देने का भी वादा किया। लेकिन तीन साल में कुछ भी नहीं हुआ। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि उन सभी आठ करोड़ मजदूरों को, जिनके पास राशन कार्ड न होने की वजह से उन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है, अगले दो माह में कार्ड उपलब्ध कराए जाएं ताकि वे खाद्य सुरक्षा की छतरी के तहत आ सकें। कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि एक साल पहले दिए गए ऐसे आदेश पर अभी तक अमल क्यों नहीं हुआ? केंद्र के आंकड़े के अनुसार उसके ई-पोर्टल पर कुल 28.60 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें 20.60 करोड़ का ही राशन कार्ड के आधार पर पंजीयन हुआ है। फिलहाल सरकार के अनुसार कुल 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन योजना का लाभ मिलता है। दरअसल सरकारी पोर्टल पर मजदूरों की संख्या भी वर्ष 2011-12 की जनगणना के आधार पर हुई है जबकि वास्तविक संख्या काफी ज्यादा मानी जाती है। किसी भी कल्याणकारी राज्य में गरीबों को ये सुविधाएं पहली शर्त होती हैं।

प्रेरणा

आपकी अंतरात्मा की आवाज क्या कहती है? आपको वह व्यक्ति बनना चाहिए जो आप हैं। **- फ्रेडरिक नीत्शे**



जीने की राह

पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

उदास व्यक्ति को देखते ही उसके साथ संवाद बढ़ाएं

आजकल आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, खासतौर पर विद्यार्थियों में। मनोवैज्ञानिक इसके बहुत सारे कारण बताते हैं, लेकिन शास्त्रों में लिखा है कि जब जीवन में संवादहीनता उतरती है, तो व्यक्ति आत्महत्या की ओर जल्दी बढ़ जाता है। अब संवादहीनता किसके बीच? परिजनों-मित्रों के अलावा शरीर और आत्मा के बीच भी संवादहीनता बन जाती है। चूंकि अधिकांश लोग अपनी जिंदगी शरीर से शुरू करते हैं, शरीर पर ही खत्म। इसलिए आत्महत्या के जो विचार आते हैं, उसका संचालन मन करता है। दिल और दिमाग की बात, दोनों को मन प्रभावित कर देता है, जबकि होना चाहिए आत्मा का प्रभाव। इसलिए जब भी लगे कि कोई व्यक्ति उदास है तो पहले उसको बहुत ध्यान से सुनें। इतना सुनें कि वह बोल-बोल के खाली हो जाए, बीच में कोई सलाह न दें। ऐसे व्यक्ति को सीधे तौर पर कोई समाधान न दें। घुमा-फिरा के अलग ढंग से बताएं और एहसास कराएं कि आप उनका दर्द समझ पा रहे हैं। धीरे-धीरे उन्हें उनकी आत्मा पर ले जाएं। इसका एक ढंग है मेडिटेशन। जैसे ही कोई आत्मा पर जाता है जीवन का महत्व समझ जाता है। • Facebook : Pt. Vijayshankar Mehta

विश्लेषण • चुनावी चंदा बेनामी क्यों होना चाहिए?

राजनीति और कॉर्पोरेट के ताल्लुक बताते बॉन्ड्स



बरखा दत्त
फाउंडिंग एडिटर, मोजो स्टोरी
Twitter : @BDUTT

सीजेआई चंद्रचूड की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड की सुनवाई की लाइव स्ट्रीम किसी रियलिटी शो की तरह रोमांचक साबित हो रही है। न्यायपालिका के कुशाग्र और दृढ़ हस्तक्षेप ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सत्ता-प्रतिष्ठान अभी पूरी तरह से निरंकुश नहीं हो सकता है। लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर हुए खुलासों से अब तक वास्तव में क्या पता चला है? हम जानते हैं कि बॉन्ड्स खरीदने वाली कई कंपनियों पर कभी न कभी ईडी, सीबीआई या आयकर विभाग द्वारा छापा मारा गया था, उन पर मामला दर्ज किया गया था या जांच की गई थी। दरअसल, बॉन्ड्स के शीर्ष पांच खरीदारों में से चार जांच के दायरे में हैं!

बॉन्ड्स का टॉप-बायर सैंटियागो मार्टिन नामक व्यक्ति है, जिसे भारत के 'लॉटरी किंग' के रूप में भी जाना जाता है। उस पर हाल ही में- इसी महीने की शुरुआत में- छापा मारा गया था। अवैध रेत खनन मामले में उसके दामाद के ठिकानों की जांच की गई थी। हम जानते हैं कि सत्ता पक्ष की विचारधारा चाहे जैसी हो, बड़े कारोबारी उसकी ओर आकृष्ट होते हैं। ज्यादातर मामलों में, सभी सरकारें कारोबारी माहौल (लाइसेंस से लेकर रेगुलेशन तक) पर अपना दबदबा कायम रखती हैं। और हम जानते हैं कि व्यवसायी राज्य और केंद्र दोनों सरकारों के पक्ष में रहना चाहते हैं। मार्टिन की बात करें। द्रमुक उन कुछ पार्टियों में से एक है, जिन्होंने उन संस्थाओं के नाम जारी किए हैं, जिन्होंने उनके लिए बॉन्ड्स खरीदे हैं। इन दस्तावेजों से हमें पता चलता है कि द्रमुक को अपने इलेक्टोरल बॉन्ड्स की 77% फंडिंग (509 करोड़ रु.) एक ही कंपनी- मार्टिन के स्वामित्व वाली 'फ्यूचर गेमिंग' से प्राप्त हुई। लेकिन मार्टिन ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर कुल 1368 करोड़ रु. खर्च किए हैं। और हम उन अन्य संस्थाओं के नामों का इंतजार कर रहे हैं, जिन्हें मार्टिन ने पैसा दिया है। भाजपा, कांग्रेस और टीएमसी ने चुनाव आयोग को सौंपे दस्तावेजों में उन कंपनियों के नाम नहीं दिए हैं, जिन्होंने बॉन्ड्स खरीदे हैं। लेकिन यह मानना तर्कसंगत ही होगा कि मार्टिन- हर कारोबारी की तरह- सत्ता-तंत्र की ओर ज्यादा झुके होंगे।

बिजनेस-कॉर्पोरेट गठजोड़ सिस्टम से बेहद मजबूती से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह सांठगांठ बॉन्ड्स से पैदा नहीं हुई थी। यह साझा-हितों का वर्षों पुराना ताल्लुक है। बॉन्ड्स आने से पहले, मेज के नीचे नगदी के बंडलों से भरे हर्षद मेहता शैली के सूटकेस हुआ करते थे। लेकिन अब क्या होगा? जब डेटा को धीरे-धीरे डिकोड किया जाएगा और आईडी नंबरों का मिलान किया जाएगा और लेनदेन के संभावित (लेकिन जिन्हें कानूनी तौर पर साबित करना असंभव हो) परिदृश्यों पर बहस की जाएगी; उसके बाद राजनीति की फंडिंग कैसे होगी? बॉन्ड्स की प्रक्रिया को पहले-पहल संचालित करने वाले ब्यूरोक्रेट सुभाष गर्ग मौजूदा हालात को 'खोखले आदर्शवाद' वाला बताते हैं। उद्योगपति मोहन दास पई ने तो कहा कि वे 'लोकतंत्र के लिए दुःखी हैं... क्योंकि हम राजनीति में अवैध धन और नशीली दवाओं से मिलने वाले पैसों के दिनों की ओर लौट रहे हैं!'

हालांकि मैं जितने लोगों को जानती हूं, उनमें से अधिकतर ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कायम की गई पारदर्शिता का स्वागत किया है। लेकिन आगे क्या होगा, यह पूछना जायज है। मैंने अपनी जान-पहचान के कई कारोबारियों से बात की और उनसे पूछा कि इलेक्टोरल

इलेक्टोरल बॉन्ड्स का कोई नया रूप हो सकता हो या नहीं, पर इतना तय है कि जब तक सरकारों के पास बिजनेस इको-सिस्टम को प्रभावित करने की क्षमता है, तब तक हम कॉर्पोरेट और राजनीति को बांधने वाले धागों को नहीं खोल पाएंगे।

बॉन्ड्स को बेनामी के सिद्धांत के बिना क्यों बरकरार नहीं रखा जा सकता। उनके लिए गोपनीयता का आवरण क्यों आवश्यक है? कुछ ने राजनीतिक प्रतिकार की संभावना की ओर इशारा किया। एक प्रमुख प्रमोटर ने मुझसे कहा, मान लीजिए कि मैं पार्टी ए को फंड देता हूं और पार्टी बी चुनाव में जीत जाती है, तो क्या उसकी सरकार मुझ पर या मेरे कारोबार पर निशाना नहीं साधेगी? गर्ग ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स को 'पोलिटिकल फाइनेंसिंग के सभी उपलब्ध विकल्पों में से सबसे कम बुरा' बताया है। मैं उनके तर्कों को समझ सकती हूं लेकिन पोलिटिकल फाइनेंसिंग के पारदर्शी नहीं होने के विचार को स्वीकारना मेरे लिए आसान नहीं है। वैसे भी- जैसा कि हम द्रमुक, आप, जेडीएस और अन्नाद्रमुक द्वारा जारी पत्रों से देख सकते हैं- जिन पार्टियों ने उन्हें फंड देने वाली व्यावसायिक संस्थाओं के नामों को पूरी तरह या आंशिक रूप से प्रस्तुत किया है, उन पर बेनामी सिद्धांत लागू नहीं हुआ है। अगर बॉन्ड्स सच में ही गुमनाम होते हैं, तब तो पार्टियों को भी नहीं पता चलना चाहिए कि उन्हें किसने पैसा दिया है। लेकिन वो तो यह जानती हैं, लेकिन नागरिकों को इसे नहीं जानने देना चाहती हैं। क्या यह जवाबदेही का पूर्ण अभाव नहीं है? **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

दूरदृष्टि • ट्रम्प नाटो में बने रहने के पक्ष में नहीं हैं...

यदि अमेरिका 'नाटो' से बाहर चला गया तो क्या?



मनोज जोशी
'अंडरस्टैंडिंग द इंडिया चाइना बॉर्डर' के लेखक
manoj1951@gmail.com

गत 74 वर्षों से नाटो पश्चिम के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक गठबंधनों में से एक है। इसके अनुच्छेद 5 के तहत सहभागी-देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे यह अटलांटिक के दोनों किनारों पर मौजूद देशों को एकजुट करता है। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प शीत युद्ध में सोवियत संघ का मुकाबला करने के लिए बनाए इस गठबंधन को समय और धन की बर्बादी समझते हैं। उनका मानना है कि यूरोपियन मूलतः अमेरिका के खर्च पर नाटो की सुविधाएं भोग रहे हैं। 2000 से ही ट्रम्प अमेरिका के लाखों डॉलर बचाने के लिए नाटो से बाहर निकलने की वकालत कर रहे हैं। 2016 में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने कहा था कि यदि रूस बाल्टिक देशों पर हमला करता है, तो वे यह देखने के बाद ही मदद करेंगे कि क्या उन्होंने अमेरिका के प्रति अपने दायित्व निभाए हैं। 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद तो उन्होंने नाटो से निकलने की धमकी ही दे दी थी।

गत दिसंबर में, जैसे ही ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव अभियान शुरू किया, उन्होंने घोषणा कर दी कि यदि वे चुने गए तो उनका प्रशासन 'नाटो के उद्देश्य और उसके मिशन की फिर से नापजोख करने की पिछले कार्यकाल के दौरान शुरू की गई प्रक्रिया को पूरा करेगा।' यूरोपियन देशों का अब मानना है कि अगर ट्रम्प दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका नाटो से बाहर हो जाएगा। यह गत 10 फरवरी को स्पष्ट भी हो गया जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या वे किसी ऐसे नाटो सहयोगी की रक्षा करेंगे, जिसने डिफेंस पर अपने कुल जीडीपी का 2 प्रतिशत भी खर्च न किया हो? उन्होंने जवाब दिया, 'नहीं, मैं नहीं करूंगा!' बताया जाता है कि ट्रम्प ने कहा था, 'वास्तव में, मैं उन्हें (यानी रूसियों को) जो कुछ भी वे चाहते हैं, उसे करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा।' यूरोप पर ट्रम्प की इस सोच का सबसे तात्कालिक प्रभाव यूक्रेन पर पड़ेगा। रूसी आक्रमण के बाद से पिछले दो वर्षों में नाटो ने यूक्रेन को अपनी रक्षा में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जबकि यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं है। वास्तव में, माना जाता है कि यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की संभावनाओं ने ही फरवरी 2022 में रूस को उस पर चढ़ाई करने के लिए उकसाया था। अमेरिका ने यूक्रेन को भारी मात्रा में सैन्य सहायता प्रदान की है, जबकि यूरोपियनों ने उसे बड़े पैमाने पर आर्थिक सहायता दी है।

ट्रम्प का दावा है कि अगर वे राष्ट्रपति होते तो 24 घंटे में यूक्रेन युद्ध का समाधान कर देते। इससे उनका क्या अभिप्राय है, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन उनकी अन्य टिप्पणियों से पता चलता है कि उन्होंने यूक्रेन पर अपनी पूर्वी भूमि को रूस को सौंप देने के लिए दबाव डाला होगा। राष्ट्रपति जेलेंस्की का विचार है कि यूक्रेन रूसियों द्वारा कब्जा की गई सभी जमीनों को फिर से हासिल कर लेगा। लेकिन अमेरिकी सैन्य सहायता के बिना ऐसा होने की संभावना नहीं है। 2024 में यूक्रेन में युद्ध की फंडिंग के लिए 50 अरब डॉलर के बिल को पारित करने से रिपब्लिकन पार्टी के इनकार में पहले से ही ट्रम्प के प्रभाव के संकेत हैं। आज यूक्रेनी गोला-बारूद की कमी से जूझ रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी मदद का कुछ हिस्सा इजराइल की ओर भेज दिया गया है। दूसरी तरफ रूस का हथियार उद्योग पिछले दो वर्षों में नाटकीय रूप से आगे बढ़ा है। यूक्रेन के पतन का यूरोप में व्यापक असर होगा और एस्टोनिया और लातविया जैसे बाल्टिक देशों

यूके और फ्रांस जैसे नाटो सदस्य-देशों के पास 500 एटमी हथियार हैं, जबकि अकेले रूस के पास 6000 हैं। अगर अमेरिका नाटो से बाहर चला गया तो गठबंधन को अपनी न्यूक्लियर-पॉलिसी को नए सिरे से आकार देना होगा।

पर रूसी आक्रामकता की आशंका और बढ़ जाएगी। इन देशों में 25 प्रतिशत रूसी लोग रहते हैं।

इस तरह से यूरोपियनों को चेतावनी दी गई है और उन्हें अपनी हिफाजत की पूरी जिम्मेदारी खुद ही उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। फिनलैंड और स्वीडन के शामिल होने से नाटो काफी मजबूत हुआ है, क्योंकि इन दोनों ही देशों के पास मजबूत रक्षा प्रणालियां हैं। लेकिन आज उसके कई सदस्य-देश डिफेंस पर अपने जीडीपी का 2 प्रतिशत खर्च करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी सेनाएं इतनी कमजोर हो गई हैं कि उन्हें उबरने में समय लगेगा। अगर अमेरिका गठबंधन छोड़ देता है तो यूरोपियनों को अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए और खर्च करने की आवश्यकता होगी- शायद 3 प्रतिशत। उन्हें गोला-बारूद, परिवहन, ईंधन भरने वाले विमान, कमांड और नियंत्रण प्रणाली, उपग्रह, ड्रोन इत्यादि की कमी को पाटना होगा, जो वर्तमान में अमेरिका द्वारा मुहैया कराए जाते हैं। 27 देशों (साथ ही सहयोगी सदस्य नॉर्वे) का संघ होने के नाते ईयू को अपने किसी भी सदस्य-देश की उपेक्षा किए बिना धन खर्च करने में सक्षम होना चाहिए। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

जल दिवस विशेष

दुनिया की आधी आबादी जल संकट झेल रहे हैं। भारत और आसपास के देशों में 74% आबादी पानी के संकट से जूझ रही है। 2050 तक दुनिया की आबादी 9.7 अरब से अधिक होने का अनुमान है, तब जल संकट और विकराल होगा। पढ़िए, क्यों आज ही सचेत होने की जरूरत है। बता रहे हैं जल जोड़ो अभियान के संयोजक डॉ संजय सिंह और पीडब्ल्यूसीडीफ के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह।

पानी बचाना क्यों जरूरी है?

5 कारण बताते हैं पानी बचाना जरूरी क्यों है?

जल संकट हमें घेर रहा है। जानिए... हम कितने बड़े जल संकट के मुहाने पर हैं और आज से ही पानी बचाना जरूरी क्यों है-

1. क्योंकि भारत में 35 करोड़ और दुनिया में 220 करोड़ लोगों के सामने पेयजल संकट

भारत की 1.4 अरब आबादी में से 35 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिलता। दुनिया में 2.2 अरब लोगों के लिए पेय जल उपलब्ध नहीं है। सदी के अंत तक 7 अरब लोग जल संकट से जूझ रहे होंगे।

2. क्योंकि 2040 तक हर चार में एक बच्चे को जल संकट का सामना करना पड़ेगा

यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार 2040 तक दुनिया में हर चार में से एक बच्चा अत्यधिक जल संकट वाले क्षेत्र में रह रहा होगा। यानी दुनियाभर में बचपन जल संकट के कारण संकट में होगा।

3. क्योंकि भारत के 30 बड़े शहर गंभीर जल संकट के मुहाने तक पहुंच गए हैं



» वर्ल्ड वाइड फंड की रिपोर्ट के अनुसार जयपुर, इंदौर जैसे 30 भारतीय शहर गंभीर जल संकट के मुहाने पर हैं।

» बेंगलुरु इस साल डे जीरो यानी नलों से जल आपूर्ति न होने की स्थिति के करीब है। द. अफ्रीका में केप टाउन 2018 में डे जीरो आया था।

4. क्योंकि सिंधु बेसिन की नदियों पर 50% जनसंख्या का बोझ बढ़ जाएगा

दुनिया के 78 वाटर टावर्स के अध्ययन से पता चला है कि सबसे बड़ा खतरा भारतीय क्षेत्र पर है। 2050 तक सिंधु बेसिन पर जनसंख्या का दबाव 50% बढ़ जाएगा। यह जनसंख्या दबाव नहीं झेल पाएगा।

5. क्योंकि 2030 में ही 70 करोड़ लोगों के सामने विस्थापन का खतरा होगा

यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की आधी आबादी 2025 तक पानी की कमी वाले क्षेत्रों में रह रही होगी। 2030 तक भीषण जल संकट के कारण लगभग 700 करोड़ लोग विस्थापित हो सकते हैं।

पानी की कहानियां जो बताती हैं- हम जीत सकते हैं

जीरो डे के बाद देश का पहला पानी रिसाइकल करने वाला शहर चेन्नई

शिवानी चतुर्वेदी | चेन्नई

अन्ना विवि के अनुसार 2050 तक चेन्नई पानी की अपनी 50% जरूरतों को रीसाइकल करके पूरा करने लगेगा।


चेन्नई में 2019 में जल संकट इतना बढ़ गया कि डे जीरो घोषित करना पड़ा था। 200 किलोमीटर दूर से ट्रेन से पानी लाना पड़ा था। संकट से सबक लेते हुए शहर ने उद्योगों की गैर-पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किए जा चुके पानी को रिसाइकल करना शुरू किया। भारत में पानी को रिसाइकल करके इतने बड़े पैमाने पर उपयोग करने वाला चेन्नई पहला शहर है। यहां 2019 में दो टेरेटरी ट्रीटमेंट रिवर्स ओसमोसिस प्लांट लगाए गए। कोडुंगैयुर और कोयम्बेडु के इन दो प्लांट से उद्योगों को पानी सप्लाई किया जाता है। हर साल 1600 करोड़ लीटर से अधिक ताजा पानी की बचत इन प्रोजेक्ट से हो रही है।

जल संकट देखा नहीं गया तो इन्होंने 40 साल में अकेले खोद दिया तालाब

ऋषिकेश सिंह देव | चाईबासा

75 साल के चुम्बरू कहते हैं कि लोग पहले पागल और अब मुझे वाटरमैन कहते हैं। तालाब से सभी को लाभ हुआ।

1975 का साल था। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के कुमरिता गांव के चुम्बरू तामसोय को सूखे के कारण पलायन करना पड़ा। वापस लौटने पर बागवानी शुरू की, लेकिन पड़ोसी ने तालाब से पानी देने से मना कर दिया। यह बात चुम्बरू के दिल पर लगी और तालाब खोदने की जिद ठान ली। रोज दो-तीन घंटे खुदाई करने लगे। उन्हें पागल कहकर पत्नी ने भी साथ छोड़ दिया। लेकिन चुम्बरू ने अकेले 100 गुणा 100 फीट वाला 20 फीट गहरा तालाब खोद डाला। इस काम में उन्हें 40 साल का समय लगा।



दुनिया के सभी प्रमुख शहरों की तरह लंदन भी एक नदी किनारे बसा है। इस नदी का नाम है टेम्स। ब्रिटेन के औद्योगिक विकास का बड़ा खामियाजा टेम्स ने भुगता जब हजारों फैक्ट्रियों का कचरा इसमें आता था। लेकिन आज यह दुनिया की सबसे स्वच्छ नदी मानी जाती है।

कभी मृत कहा गया था टेम्स नदी को, अब लंदन को देती है पेयजल

टेम्स नदी में सीवेज का पानी मिलने से रोकने के लिए 25 किमी लंबी टाइडवे टनल बनाई जा रही है।

लंदन की टेम्स दुनिया की सबसे स्वच्छ नदी मानी जाती है। लेकिन 1800 की सदी में जब हैजा फैला तो तब इस नदी को द ग्रेट स्टिंक (दुर्गंध) कहा जाता था। 1957 में इसे मृत नदी घोषित कर दिया गया था। नदी में प्रदूषण का स्तर इतना था कि इसमें कोई जलीय प्राणी जीवित नहीं बचा था। लोगों के सामने लंदन छोड़कर जाने की नौबत आने लगी थी। इसके बाद ब्रिटिश सरकार ने सीवेज ढांचे में भारी निवेश किया और प्रदूषण से निपटने के लिए कड़े कदम उठाए। आज यह नदी इतनी साफ हो चुकी है कि लंदन में नल के पानी की आपूर्ति टेम्स के पानी से की जाती है। शहर में 70% पानी इस नदी से आता है। अब यह नदी मछलियों की लगभग 125 विभिन्न प्रजातियों का घर भी है।

न्यूजीलैंड की वांगानुई नदी को कानून रूप से इंसानों जैसे हक

कानूनी रूप से जीवित व्यक्ति के रूप में मान्यता प्राप्त वांगानुई नदी दुनिया में एकमात्र नदी है।


2017 में न्यूजीलैंड ने वांगानुई नदी को कानूनी व्यक्तित्व का दर्जा दिया था। वांगानुई नदी 290 किमी लंबी है। यह वांगानुई जनजातियों द्वारा सदियों से पूजनीय है। यह जनजातियां अपना नाम, आत्मा और शक्ति का केंद्र इसी नदी को मानती हैं। कानूनी रूप से किसी व्यक्ति के रूप में मान्यता प्राप्त यह दुनिया की पहली नदी है। यानी उसे नुकसान पहुंचाना जनजाति को नुकसान पहुंचाने के समान है। भारत में 2017 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गंगा और यमुना को लिविंग एंटिटी कहा था। देश में सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर नदियों के जीवित स्वरूप की बात कहता रहा है।

देश और दुनिया में पानी की चुनौती

देश : 87 हजार गांवों में पानी की किल्लत, हर साल 2 लाख मौतें

▪ 30% गांवों में जल संकट है। 87 हजार गांव देश में पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भूजल का दोहन करने वाला देश बन चुका है।

▪ देश की लगभग आधी आबादी किसी ने किसी रूप में जल संकट का सामना कर रही है। 2018 की नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत इतिहास में सबसे बड़े जल संकट से गुजर रहा है।



18% आबादी दुनिया की भारत में रहती है। जबकि दुनिया के जल संसाधनों को केवल 4 प्रतिशत हिस्सा ही हमारे पास है।

▪ **2 लाख लोग हर साल मर रहे हैं देश में पीने का साफ पानी न मिल पाने के कारण।**

▪ **2 गुना बढ़ जाएगी 2030 तक देश में पानी की कुल मांग पानी की आपूर्ति की तुलना में।**

दुनिया : 400 करोड़ लोग हर साल झेलते हैं भारी जल संकट

» 25 देश हर साल भारी जल संकट से गुजर रहे हैं। डब्ल्यूआर वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के एक्वाडक्ट वॉटर रिस्क एटलस के अनुसार ये वो देश हैं जहां दुनिया की आबादी का एकचौथाई हिस्सा रहता है।

» 50 फीसदी आबादी दुनिया की यानी 4 अरब लोग, साल के कम से कम एक महीने अत्यधिक जल संकट के हालात देखते हैं।

5 सबसे अधिक जल संकट वाले देश बहरीन, साइप्रस, कुवैत, लेबनान, ओमान और कतर हैं। शीर्ष वॉटर स्ट्रेस्ड देशों में इंग्लैंड, भारत, ईरान, मैक्सिको, द. अफ्रीका भी हैं।



83% आबादी मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भारी जल संकट की स्थिति में हैं। दक्षिण एशिया में 74% आबादी जल संकट के दायरे में है।

सुखद संकेत • अमेरिका में इस साल 0.75%, भारत में 0.50 फीसदी ब्याज दरें घटने के आसार

अगस्त से कम हो सकती है ईएमआई

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने लगातार 5वीं बार ब्याज दरें 5.25-5.50% के दायरे में स्थिर रखीं। लेकिन संकेत दिया कि इस साल तीन बार दरों में कटौती की जाएगी। बाजार विश्लेषकों और अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इसकी शुरुआत जून से होगी। भारत में भी इस साल अगस्त से रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती शुरू कर सकता है।

बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, 'देश में ब्याज दरों में कटौती इस बात पर निर्भर करेगी कि महंगाई कितनी रहती है। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 में महंगाई दर 4-4.7% रहेगी। इसे देखते हुए मुझे लगता है कि अगस्त से रेपो रेट में कटौती शुरू होगी, जो 0.25-0.50% हो सकती है।' हालांकि अमेरिका में दिसंबर तक तीन चरणों में 0.75% ब्याज दरें घटाई जा सकती हैं।

भारत में रियल रेट कम, इसलिए कटौती में देरी

ब्याज दरों में कटौती का फैसला सेंट्रल बैंकों के रियल पॉलिसी रेट के आधार पर किया जाता है। इसकी गणना पॉलिसी रेट (भारत में रेपो) में से रिटेल महंगाई दर घटाकर की जाती है। देश में रियल पॉलिसी रेट ब्रिटेन को छोड़कर अन्य देशों से कम है। इसलिए यहां ब्याज दरों में कटौती शुरू होने में ज्यादा वक्त लगेगा। ब्राजील में ये सबसे ज्यादा है, लिहाजा वहां दरों में कटौती शुरू हो चुकी है।

(स्रोतः बैंक ऑफ बड़ौदा रिसर्च)





इलस्ट्रेशनः गौतम चक्रवर्ती

हालात ऐसे कि जून से भी घटना शुरू हो सकती हैं ब्याज दरें

एलपीयू के इकोनॉमिस्ट विशाल सरीन ने कहा कि फरवरी में सब्जियों के दाम एक साल पहले के मुकाबले 30.25% बढ़ गए। इसके चलते रिटेल महंगाई दर 5.09% हो गई। लेकिन अक्टूबर-दिसंबर में देश की आर्थिक विकास दर 8.40% रही। इसके बाद महंगाई बढ़ी है, जो विकास दर घटा सकती है। देश में पर्याप्त नौकरियों के लिए 8% ग्रोथ जरूरी है। इसके लिए हो सकता है कि रिजर्व बैंक भी जून से ही दरें घटाना शुरू कर दे।

शुरुआत होने पर अन्य देशों के मुकाबले तेजी से घटेंगी दरें

बीओबी की इकोनॉमिस्ट अदिति गुप्ता के मुताबिक, भारत में सिर्फ 9 महीनों में पॉलिसी रेट 6.50 फीसदी पीक पर पहुंच गई थी। अमेरिका में इसमें 16 महीने और ब्रिटेन में 20 महीने लगे। इस मामले में पूरी दुनिया का औसत भी 20 महीने ही है। यदि यही ट्रेंड जारी रहा तो भारत में ब्याज दरें घटकर सामान्य स्तर पर आने में भी बाकी दुनिया से कम समय लगेगा। यानी देश में ज्यादा तेजी से ब्याज दरें घटाई जा सकती हैं।

थोक में शेयर बेचकर मुनाफा कमाने में जुटीं बड़ी कंपनियां

जनवरी-मार्च में 59,000 करोड़ के शेयरों की ब्लॉक डील, 14 साल का रिकॉर्ड

जूलिया फियोरेटी | मुंबई

शेयर बाजार में तेजी के बीच कंपनियां ब्लॉक डील के जरिये थोक में शेयर बेचकर मुनाफा कमा रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में कंपनियों ने ब्लॉक डील के माध्यम से शेयर बेचकर करीब 59 हजार करोड़ रुपए जुटाए, जो 14 साल में सबसे ज्यादा है। इस तिमाही जिन कॉरपोरेट ग्रुप ने सबसे ज्यादा ब्लॉक डील की, उनमें टाटा और बैट (ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको पीएलसी) शामिल हैं।

भारत में सिटीग्रुप के इन्वेस्टमेंट बैंकिंग हेड राहुल सराफ ने कहा कि चुनाव खत्म होने के साथ, ब्लॉक डील या सेल-डाउन का एक और दौर सामने आ सकता है। भारत का इक्विटी कैपिटल मार्केट बीते एक साल से उछाल देख रहा है। शेयर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। ऐसे में घरेलू शेयरधारक जहां अपने शेयर बेचकर कैश (लिक्विडाइज) भुना रहे हैं वहीं चीन से दूर जा रहे विदेशी निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। आम चुनावों के बाद भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना है। इससे बाजार की तेजी को सपोर्ट मिलेगा।

सेंसेक्स में 539 अंकों की तेजी, निफ्टी 22,000 के लेवल से ऊपर बंद

फेड द्वारा इस साल तीन बार ब्याज दरों में कटौती के संकेत के बाद गुरुवार को दुनिया के बाजारों सहित घरेलू शेयर बाजार में भी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 539 अंकों की बढ़त के साथ 72,641 पर बंद हुआ। निफ्टी में 173 अंकों की तेजी रही। यह 22 हजार से पार निकलकर 22,012 पर बंद हुआ। बीएसई के मिडकैप इंडेक्स 2.36% और स्मॉल कैप इंडेक्स 2.01% चढ़कर बंद हुए।



पर्सनल फाइनेंस कॉर्नर

निसंतान हिंदू महिला की संपत्ति का हकदार कौन?



बिंदिशा सारंग | कर्नाटक हाई कोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट किया है कि निसंतान महिला की मृत्यु होने पर उसे पिता से विरासत में मिली संपत्ति पिता के उत्तराधिकारियों को ट्रांसफर होगी। ये फैसला हिंदू सक्सेसशन एक्ट 1956 की धारा 15 (2) के अनुरूप है। जानें कि और क्या हैं नियम...

विवाहित महिला हिंदू सक्सेशन एक्ट के मुताबिक यदि किसी विवाहित हिंदू महिला की बिना वसीयत मृत्यु हो जाती है तो उसकी प्रॉपर्टी एक विशिष्ट क्रम में वितरित की जाएगी। सबसे पहले बेटे-बेटियों और पति को मिलेगी। इसके बाद पति के वारिसों को और माता-पिता को मिलेगी। फिर पिता के वारिसों को और अंत में मां के वारिसों को मिलेगी।

निसंतान दंपती निसंतान दंपती को एस्टेट प्लानिंग करते समय दोनों पार्टनर्स को प्रॉपर्टी के बंटवारे के लिए व्यक्तिगत वसीयत बनानी चाहिए। तय करें कि प्रॉपर्टी परिवार के सदस्य, दोस्त या धर्मार्थ संगठन किसे देना चाहते हैं। इसमें यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि एक पार्टनर की दूसरे से पहले मृत्यु हो जाती है तो संयुक्त स्वामित्व वाली संपत्तियों का प्रबंधन कैसे किया जाना चाहिए। म्यूचुअल वसीयत भी बना सकते हैं। लेकिन अलग-अलग वसीयत होने से दोनों पार्टनर्स की इच्छा के अनुरूप बंटवारा होता है।

निसंतान सिंगल्स परिवार के साथ वाले निसंतान सिंगल्स को अपनी इच्छा के अनुरूप प्रॉपर्टी का बंटवारा सुनिश्चित करने के लिए लीगली बाइंडिंग वसीयत बनानी चाहिए। बिना परिवार वाले निसंतान सिंगल्स को अपनी प्रॉपर्टी के लिए स्पष्ट लाभार्थियों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी उन्हें अपने लाभार्थियों की पहचान मित्रों, अन्य व्यक्तियों या धर्मार्थ संगठनों से करनी चाहिए। इन्हें वसीयत तैयार कर ट्रस्टियों की नियुक्ति करनी चाहिए।

बिजनेस ब्रीफ

आईटी कंपनी एक्सेंचर ने आय का अनुमान घटाया

मुंबई | आईटी कंपनी एक्सेंचर ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आय अनुमान घटाकर 1-3% कर दिया। पहले कंपनी को आय में 2-5% बढ़ोतरी की उम्मीद थी। कंपनियां कंसल्टेंसी सर्विसेज पर खर्च घटा रही हैं।

रेडिट का आईपीओ 5 गुना सब्सक्राइब; दाम 2,826 रु

न्यूयॉर्क | सबसे पुरानी सोशल मीडिया कंपनियों में से एक रेडिट का आईपीओ करीब पांच गुना सब्सक्राइब हुआ। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयरों की ट्रेडिंग गुरुवार से शुरू हुई। आईपीओ की कीमत 34 डॉलर (2,826 रुपए) प्रति शेयर थी।

टी+0 सेटलमेंट के बीटा वर्जन के दिशानिर्देश जारी

मुंबई | सेबी ने गुरुवार को वैकल्पिक आधार पर टी+0 सेटलमेंट साइकिल के बीटा वर्जन के लिए एक फ्रेमवर्क जारी किया। शुरुआत में ये विकल्प 25 शेयरों के सीमित सेट और सीमित ब्रोकरों के लिए उपलब्ध होगा। नया फ्रेमवर्क 28 मार्च से लागू होगा।

फंसे लोन संभालने में सरकारी बैंक प्राइवेट बैंकों से बेहतर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

सरकारी बैंक फंसे कर्ज (एनपीए) को मैनेज करने में प्राइवेट बैंकों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग संगठन फिक्की और बैंकिंग एसोसिएशन इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) के सर्वे में ज्यादातर सरकारी बैंकों ने प्राइवेट बैंकों की तुलना में एनपीए ज्यादा घटने की जानकारी दी है। आगामी महीनों में एनपीए स्थिर रहने या घटने की उम्मीद भी जताई गई है। सर्वे के मुताबिक, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एग्रीकल्चर, जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे सेक्टरों में एनपीए ज्यादा है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले बैंकों में से 77% ने कहा कि बीते छह महीनों में उनके एनपीए में कमी आई है। एक तरफ जहां सभी बैंकों ने एनपीए घटने की बात कही, वहीं सिर्फ 67% प्राइवेट बैंकों ने ही ऐसा दावा किया। 22% प्राइवेट बैंकों ने ये भी कहा कि बीते छह महीनों में उनके एनपीए में बढ़ोतरी हुई है। सर्वे में कुल 23 बैंकों ने हिस्सा लिया, जिनमें विदेशी बैंक भी शामिल हैं।



भारतीय परिवारों ने लोन के लिए गिरवी रखा 5,300 टन सोना

गोल्ड लोन का मार्केट करीब 15 लाख करोड़ का, 1 साल में 17% बढ़ा

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारतीय परिवारों के पास करीब 27,000 टन सोना है। इसमें से 20 फीसदी यानी करीब 5,300 टन सोना गोल्ड लोन के लिए गिरवी रखा हुआ है। देश में गोल्ड लोन का मार्केट करीब 15 लाख करोड़ का है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक ये बीते एक साल में 17% बढ़ा और इंडस्ट्री का अनुमान है कि 2029 तक सालाना 12.22% बढ़ेगा।

देश के गोल्ड लोन मार्केट में फिलहाल संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 40% है। यह आंकड़ा करीब 6 लाख करोड़ रुपए का है। इस हिसाब से देश का गोल्ड लोन मार्केट करीब 15 लाख करोड़ रुपए का है। इसमें से 60% यानी करीब 9 लाख करोड़ का मार्केट निजी वेंडरों और साहूकारों के हाथ में है। 2029 तक गोल्ड लोन का संगठित बिजनेस करीब 10 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें बैंकों की 40% और एनबीएफसी की 60% हिस्सेदारी होगी।



दाम से ज्यादा बढ़ी गोल्ड लोन इंडस्ट्री

सालभर में सोने की कीमत 16.6% बढ़ी, पर गोल्ड लोन में 17% बढ़ोतरी हुई। इस ट्रेंड को देखते हुए सरकार और आरबीआई ने गोल्ड लोन बांटने वाले बैंकों और एनबीएफसी पर सख्ती शुरू कर दी है।

नियम को ताक पर रख रहे हैं बैंक

वित्त मंत्रालय ने पाया कि बैंक गोल्ड लोन पोर्टफोलियो बढ़ाने के लिए नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। कई बैंक तय मात्रा में गोल्ड गिरवी रखे बिना लोन दे रहे थे। आरबीआई ने भी पाया है कि आईआईएफएल फाइनेंस के 67% गोल्ड लोन अकाउंट में लोन टू वैल्यू रेश्यो (एलटीवी) में गड़बड़ी है।

गोल्ड लोन मार्केट में एक समान स्टैंडर्ड की कमी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी प्रमुख अनुज गुप्ता के मुताबिक, होम लोन रेट की तरह गोल्ड लोन का कोई स्टैंडर्ड रेट न होने से कई कंपनियां मनमाना ब्याज वसूलती हैं। सरकारी बैंक 8.75% से 11% ब्याज पर गोल्ड लोन देते हैं। वहीं कई एनबीएफसी और प्राइवेट वेंडर का ब्याज 36% या इससे भी ज्यादा हो सकता है।

1 अप्रैल से म्यूचुअल फंड्स के विदेशी ईटीएफ में निवेश बंद

मुंबई | एक अप्रैल से म्यूचुअल फंड्स के विदेशी ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेट फंड) में निवेश बंद हो जाएगा। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड्स के संगठन एम्फी को ये आदेश दिया है। विदेशी ईटीएफ में निवेश की मौजूदा सीमा 1 अरब डॉलर (8300 करोड़ रुपए) है। ये सीमा अब पार होने वाली है। इससे पहले म्यूचुअल फंड्स की तरफ से विदेशी सिक्युरिटीज में अधिकतम 7 अरब डॉलर (करीब 58 हजार करोड़ रुपए) निवेश की सीमा जनवरी 2022 में पूरी हो गई थी। इसके बाद सेबी ने फंड हाउसों से विदेश में निवेश बंद करने को कहा था। भारत में 77 म्यूचुअल फंड स्कीम विदेश में निवेश करती हैं।'

मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर की ग्रोथ तेज

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की ग्रोथ मार्च में 8 महीनों की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है। एचएसबीसी के कम्पोजिट पीएमआई के फ्लैश डेटा में मजबूत डिमांड के कारण उत्पादन और बिक्री बढ़ना इसकी वजह बताई गई है। इसके मुताबिक मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की ग्रोथ मापने वाला फ्लैश कम्पोजिट पीएमआई मार्च में 61.3 पर पहुंच गया। यह जुलाई 2023 के बाद से अब तक की सबसे तेज ग्रोथ है।

इनपुट लागत बढ़ी, लेकिन दाम नहीं बढ़ाने से मार्जिन घटा



एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'सर्वे में शामिल कंपनियों ने नए ऑर्डर बढ़ने की जानकारी दी। लेकिन इस माह इनपुट लागत में तेज बढ़ोतरी हुई। बावजूद इसके कंपनियों ने प्रोडक्ट्स के दाम नहीं बढ़ाए। इससे उनके मार्जिन में कुछ कमी आई।'

फरवरी के अंत में ये इंडेक्स 60.6 पर था। इसका 50 से ऊपर होना बिजनेस बढ़ने का संकेत होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का फ्लैश पीएमआई मार्च में 59.2 पर पहुंच गया, जो फरवरी के अंत में 56.9 पर था। सर्विस सेक्टर का फ्लैश पीएमआई भी इस माह 60.3 पर रहा, जो फरवरी के अंत में 60.6 पर था। ये रिपोर्ट मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की 400-400 कंपनियों के सर्वे पर आधारित है।

भास्कर खास • बगैर सरकारी सहायता के 5 करोड़ रुपए में तैयार प्रोजेक्ट का आधा हिस्सा तबाह

मैसाचुसेट्स के तटीय इलाके में तूफान से प्रॉपर्टी बचाने के लिए 15,000 टन रेत खरीदकर खड़े किए गए टीले हफ्ते भर ही टिके

The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

लोला फादुलु | मैसाचुसेट्स

अमेरिका में मैसाचुसेट्स के सैलिसबरी बीच इलाके में इस साल जनवरी में बड़े तूफान आने के बाद लोगों ने अपने घर को तूफान से बचाने के लिए समुद्र और मकानों के बीच रेत के टीले खड़े करने का फैसला किया। सैलिसबरी बीच सिटीजंस फॉर चेंज नाम के इस प्रोजेक्ट के प्रेसिडेंट टॉम साब कहते हैं, 'जनवरी में आए तूफानों ने पूरे समुद्री तट को नष्ट कर दिया था। कई प्रॉपर्टीज को नुकसान हुआ, डेक नष्ट हो गए। सीढ़ियां और घरों के आंगनों को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद रेत के लंबे पहाड़ बनाने के लिए 15,000 टन रेत खरीदी गई। इसके लिए 60 लाख डॉलर (करीब 5 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया गया।' रेत का पहाड़ बनाने का दो माह चला ये प्रोजेक्ट इसी महीने 7 तारीख को पूरा हुआ था। करीब 4 मील लंबे समुद्र तट के 1.5 मील इलाके में यह पहाड़ बना और करीब 150 प्रॉपर्टीज को तूफानी समुद्री हवाओं से बचाने की उम्मीद जगी। लेकिन हफ्तेभर पहले इस इलाके में फिर से आए हाई टाइड (ज्वार) और तेज हवाओं ने इस रेत के टीले को आधा कर दिया। हालांकि रेत के इन टीलों ने अपना काम बखूबी किया और इस बार तूफान से किसी भी प्रॉपर्टी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन करीब 2.5 करोड़ रुपए कीमत की आधी रेत समुद्र बहा ले गया। टॉम साब कहते हैं 'लोग उदास, हतोत्साहित और क्रोधित हैं। उन्होंने किसी भी किस्म की सरकारी सहायता लिए बगैर ये टीले बनाए थे। अब इलाके के रहवासी सरकारी अधिकारियों और नेताओं से गुहार लगा रहे हैं कि वे इस खूबसूरत समुद्र तट को बचाने में उनकी मदद करें। उनका कहना है कि आगामी वर्षों में मौसम के और ज्यादा गंभीर होने की भविष्यवाणी के साथ, मैसाचुसेट्स शहर को निकट भविष्य में इसी तरह के रक्षकों की जरूरत होगी। नेशनल सेंटर फॉर एटमोस्फियरिक रिसर्च के अनुसार, पूर्वी तट पर नॉरएस्टर और अन्य तूफानों का आना सामान्य बात है। लेकिन, अब इससे तटीय इलाकों में प्रॉपर्टी को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है।

सैलिसबरी बीच पर 17 हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा की प्रॉपर्टी



सैलिसबरी के करीब 2.5 किलोमीटर लंबे इलाके में 150 से ज्यादा इमारतें, सिंगल हाउस और बंगले हैं। इनमें से अधिकांश मकान 1950 के दशक से भी पुराने हैं। इलाके की प्रॉपर्टी की कुल कीमत करीब 2 बिलियन डॉलर (करीब 17 हजार करोड़ रुपए) से भी ज्यादा है। हर साल छुट्टियों के दौरान इस इलाके में हजारों सैलानी आते हैं। सैलिसबरी बीच की लगभग आधी प्रॉपर्टी ऐसी हैं, जिनमें बीते 60-70 वर्षों से परिवार रह रहे हैं। टॉम साब कहते हैं इन लोगों को इस प्रॉपर्टी से बहुत लगाव है। वे समुद्री तूफानों के आगे हार नहीं मानने वाले हैं।

अमेरिका में सरकार ने एपल पर किया मुकदमा, मोनोपोली का आरोप

एजेंसी | न्यूयॉर्क

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट और 16 स्टेट अटॉर्नी जनरल ने एपल के खिलाफ गुरुवार को एंटी ट्रस्ट मुकदमा दायर किया है। इन्होंने अपनी याचिका में एपल पर मार्केट में आईफोन मोनोपोली को बनाए रखने का आरोप लगाया है। यह दुनिया की उस दिग्गज टेक कंपनी की पहुंच और प्रभाव के लिए संघीय सरकार की सबसे बड़ी चुनौती है, जो अब तक दुनियाभर में 100 करोड़ से अधिक लोगों के हाथों में आईफोन पहुंचा चुकी है।

सरकार का तर्क है कि एपल ने अन्य कंपनियों को अपने डिजिटल वॉलेट जैसे एपल प्रोडक्ट्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले एप पेश करने से रोककर एंटी ट्रस्ट कानून के नियमों का उल्लंघन किया है। ये सारे एप ऐसे हैं, जिनके चलते आईफोन की कीमत कम हो सकती है। सरकार ने याचिका में कहा है कि एपल के बिजनेस मॉडल ने उसकी स्मार्टफोन मोनोपोली को और बढ़ा दिया है। यह मुकदमा न्यू जर्सी में अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया गया है।

बिजनेस प्लस

क्रोमा पेश कर रहा है गर्मियों की सेल 2024 के तहत शानदार ऑफर

नई दिल्ली | क्रोमा ने अपने गर्मियों की सेल अभियान की घोषणा की है जो मई 2024 तक जारी रहेगा। गर्मी की शुरुआत के साथ, यह बहुप्रतीक्षित गर्मियों की सेल ग्राहकों के लिए अपने घरों को बढ़ते तापमान से बचाने और शानदार डील तथा भुगतान में आसानी के साथ ताज़ातरीन उपकरणों से लैस करने का सही अवसर प्रदान करती है।. उपभोक्ताओं को स्टोर और क्रोमा.कॉम (croma.com) पर 1.5 टन स्प्लिट एसी की कीमत बस 1,500 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान ला सकते हैं और नया एसी घर ले जा सकते हैं।

ग्राहक आकर्षक एक्सचेंज और अपग्रेड विकल्प, कैशबैक ऑफर और 24 महीने तक की लचीली ईएमआई योजनाओं के साथ 250+ एयर कंडीशनर, 300+ रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और पंखों की व्यापक रेंज पर 45,000 रुपये तक के लाभ और अन्य फायदों का आनंद ले सकते हैं। इस ऑफर में इन्वर्टर स्प्लिट एसी शामिल हैं जिनकी कीमत केवल 24,990 रुपये से शुरू होती है, जो आपके घर को ठंढा और आरामदायक रखने का एक किफायती तरीका प्रदान करते हैं, और एसी पर 6500 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ भी है। रूम कूलर की कीमत 4,500 रुपये से शुरू होती है, जो कम कीमत पर ठंढक पाने की तलाश करने वालों के लिए आदर्श हैं।

प्रीमियम कूलिंग में रुचि रखने वालों के लिए, एलजी आईएनवी/एसी 1.5 टन 5-स्टार एसी, जिसकी मूल कीमत 91,990 रुपये थी, अब केवल 53,490 रुपये में उपलब्ध है, जिससे 45,000 रुपये तक की बचत होगी। इसके अतिरिक्त, बजाज पीएमएच 18 डीएलएक्स रूम कूलर अब 4,500 रुपये में मिलेगा है, जो उच्च गुणवत्ता वाली कूलिंग को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और किफायती बनाता है। ग्राहक रेफ्रिजरेटर पर 24 महीने तक की आसान ईएमआई का भी लाभ उठा सकते हैं, जिससे आपके रसोई उपकरणों को अपग्रेड करना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा।

पीएसबी बैंकों का एनपीए 6 माह में 67 % तक कम, निजी बैंकों का 22 फीसदी बढ़ा

सर्वेक्षण में 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था।

सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा। सर्वेक्षण में कहा गया, "प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है।

41% बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ने की उम्मीद

किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जबकि 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी।

चुनाव में आइसक्रीम, डेयरी प्रोडक्ट्स की बिक्री 20% तक बढ़ने के आसार

शाइन जैकब और शर्लिन डिसूज़ा | चेन्नई/मुंबई



गर्मी के सीजन में होने वाले आम चुनाव के दौरान आइसक्रीम, पेय पदार्थ, बनाने वाली कंपनियों को बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। इनके अलावा डेयरी उत्पाद, पैकेज्ड वॉटर और अन्य खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनियां भी ऐसी उम्मीद कर रही हैं। शुरुआती ट्रेंड के मुताबिक, गर्मी के सीजन से पहले डीप फ्रीजर की बिक्री का 20 फीसदी बढ़ना बिक्री में संभावित वृद्धि की ओर संकेत कर रहा है। इंडियन डेयरी एसोसिएशन का अनुमान है कि आइसक्रीम और अन्य डेयरी उत्पादों की बिक्री 20% तक बढ़ जाएगी। वहीं, इंडस्ट्री के एक अन्य वर्ग का मानना है कि आम चुनाव से बिक्री में बहुत अधिक तेजी आने के आसार नहीं है। ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने कहा, 'कमर्शियल रेफ्रिजरेशन प्रोडक्ट्स की डिमांड में हम भारी उछाल देख रहे हैं। डीप फ्रीजर की बिक्री 20 फीसदी तक बढ़ चुकी है।'

डिमांड पूरी करने के लिए अभी से तैयारी कर रहीं कंपनियां

बिसलेरी को यह भी उम्मीद है कि चुनावी मौसम के दौरान उसके पैकेज्ड वॉटर की बिक्री में तेजी आएगी। कंपनी के सीईओ एंजेलो जॉर्ज ने कहा, 'चुनाव के दौरान के गर्मी के महीनों में राजनीतिक दल आउटडोर प्रचार सभाएं करते हैं। ऐसे आयोजन पैकेज्ड वॉटर की खपत बढ़ाने के बड़े मौके पैदा करते हैं। हम रियल टाइम में बढ़ी डिमांड पूरी करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को अलाइन कर रहे हैं।'

गेल में सतर्कता बैठक और जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन हुआ



पुडुचेरी | गेल (इंडिया) लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संदीप कुमार सरकार ने आज गेल पुडुचेरी में सतर्कता अधिकारियों के लिए वार्षिक सतर्कता कार्यकारी बैठक और जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन किया। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और मिधानि के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) डॉ. उपेन्द्र वेन्नम के साथ-साथ गेल और उसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों और हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के सतर्कता अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। दिन भर चले सेमिनार के दौरान सतर्कता प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किये गये। गेल कराईकल के ओआईसी (प्रभारी अधिकारी) श्री एन. सेल्वाराजू ने कावेरी बेसिन में गेल के परिचालन का एक सिंहावलोकन प्रस्तुत किया।

धोनी बनाम कोहली • आईपीएल-17 के ओपनिंग मैच में आज भिड़ेंगे चेन्नई और बेंगलुरु, आरसीबी पर दोगुने अंतर से हावी हैं सीएसके

आईपीएल की शुरुआत 10 vs 20 के साथ

चेन्नई के चेपक मैदान पर रात 8 बजे से मैच

भास्कर न्यूज़ | चेन्नई

चेन्नई में शुक्रवार को मैदान सजेगा। बीते दशक में भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े सुपरस्टार; एमएस धोनी और विराट कोहली आईपीएल-17 के ओपनिंग मुकाबले में आमने-सामने होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला चेन्नई के चेपक स्टेडियम पर रात 8 बजे से शुरू होगा। ऐसा नहीं है कि ये दोनों खिलाड़ी या टीमें पहली बार किसी आईपीएल मुकाबले में भिड़ रहे हैं, लेकिन क्रिकेट के मैदान पर यह लड़ाई इतनी दुर्लभ है कि रोमांच हमेशा रहता है। इसलिए ही मैदान पर मुकाबले के टिकट सोल्ड आउट हैं। साथ ही टीवी व डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी करोड़ों दर्शक जुड़ेंगे, तो कुर्सी की पेटियां बांध लीजिए। क्रिकेट का रोमांच एक बार फिर उड़ान भरने के लिए तैयार है।

वेन्यू नॉलेज: चेपक पर पहले बैटिंग करने वाली टीम का पलड़ा भारी

- आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर मुकाबले से हो रही है। इस मैदान पर टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक पहले बैटिंग करने वाली टीम हमेशा हावी रही है। यहां खेले गए कुल 76 मुकाबलों में से 46 यानी 61% मैच टारगेट सेट करने वाली टीम ने जीते हैं। वहीं, 30 में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को जीत मिली है।
- औसत रन रेट 7.98 प्रति ओवर व पहले बैटिंग करते हुए औसत स्कोर 163 है। अन्य मैदानों की तुलना में चेन्नई की पिच धीमी और स्पिन फ्रेंडली रहती है।
- हालांकि, घरेलू मैदान की धीमी पिच के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स यहां साल 2010 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 246/5 का स्कोर भी बना चुकी है। उस मैच में मुरली विजय ने 127 रन की शतकीय पारी खेली थी, जो कि अब तक यहां का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है।

" धोनी इस सीजन में पहले से ज्यादा फिट हैं। पिछली बार वे चोटिल घुटने से खेल रहे थे, लेकिन इस बार मैंने उन्हें दो घंटे तक लगातार फिकलबॉल (टेनिस, बैडमिंटन का मिक्स खेल) खेलते देखा है। ये फैंस के लिए बहुत रोचक समय होने वाला है।

–इरफान पठान, पूर्व भारतीय क्रिकेटर

चेन्नई ने सबसे ज्यादा आरसीबी को ही हराया



चेन्नई-आरसीबी के मुकाबलों में अब तक चेन्नई हावी रही है। दोनों टीमों के बीच कुल 31 मुकाबले खेले गए हैं।

रिकॉर्ड में पिछले 5 में से 4 मैच सीएसके के नाम रहे हैं।

एक मुकाबले का नतीजा नहीं।



10 कप्तानों में 8 भारतीय, सभी कुल 124 करोड़ के

इस बार आईपीएल की 10 टीमों में से 8 के कप्तान भारतीय हैं। इनमें भी दो को पहली बार कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डिफेंडिंग चैम्पियन चेन्नई ने धोनी की जगह रुतुराज गायकवाड़ को कमान सौंपी है जबकि, रनरअप गुजरात टाइटंस ने युवा शुभमन गिल को कप्तान बनाया है। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान विदेशी हैं। आरसीबी ने प्लेसिस (द. अफ्रीका) पर भरोसा कायम रखा है। वहीं, हैदराबाद ने मार्करम को हटाकर ऑस्ट्रेलियाई कमिंस को जिम्मेदारी दी। ये सभी 10 कप्तान 124 करोड़ रुपए के हैं।



चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के इतिहास में अपने सबसे ज्यादा मुकाबले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ही जीते हैं। आरसीबी के खिलाफ उसका जीत प्रतिशत 67.74 का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स है, जिसे सीएसके ने 19 मैच में शिकस्त दी है।

रन मशीन: विराट के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा रन, एक सीजन में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड भी इनके नाम

विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ पहले सीजन (2008) से ही जुड़े हैं। उन्होंने किसी और फ्रेंचाइजी के लिए कभी नहीं खेला है। इस दौरान कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वो आईपीएल में 7263 रन के साथ टॉप स्कोरर हैं। उनके अलावा कोई अन्य खिलाड़ी 7000 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका है। इसके अलावा कोहली एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 973 रन बनाने वाले भी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2016 में ही चार शतक भी लगाए थे। यह एक सीजन में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड भी है।

डेथ मॉन्स्टर: अंतिम ओवरों में सबसे ज्यादा रन धोनी के नाम, आईपीएल में सर्वाधिक मैच भी खेले

महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कुल 250 मैच खेले हैं। जिस दौरान उन्होंने अपनी कप्तानी में कुल पांच ट्रॉफी भी जीती हैं। इसके अलावा धोनी को आईपीएल का डेथ मॉन्स्टर भी कहा जा सकता है। धोनी ने आईपीएल में डेथ ओवर में सर्वाधिक 2632 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 187.33 का रहा है। दूसरे स्थान पर मौजूद कीरोन पोलार्ड (1708) धोनी से लगभग 1000 रन पीछे हैं। डेथ में सर्वाधिक 162 छक्के भी उनके नाम हैं।

विराट का धीमा S/R विराट तेज पारी से टी20 वर्ल्ड कप टीम का दावा पेश करेंगे। 2 महीने बाद मैदान पर उतर रहे विराट चेपक पर धीमी बल्लेबाजी करते हैं। यहां 12 पारियों में 30 के औसत से 362 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 111.38 का रहा है।

धोनी के धुआंधार छक्कों का इंतजार फैंस को धोनी के बड़े शॉट्स का भी इंतजार रहेगा। वे चेपक पर सबसे ज्यादा 73 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं। अन्य कोई बल्लेबाज 50 छक्कों तक भी नहीं पहुंचा है।

एलिस पैरी ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा वनडे खेलने वाली महिला खिलाड़ी

मीरपुर | ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले वनडे में बांग्लादेश को 118 रन से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 213/7 का स्कोर किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 36 ओवर में 95 रन पर ढेर हो गई। यह ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी का 145वां वनडे रहा। वे ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा वनडे खेलने वाली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने एलेक्स ब्लैकवेल का रिकॉर्ड तोड़ा।

वर्ड-प्ले-470


E	L	F	I	N
P	R	O	V	E
T	A	N	G	Y
S	K	E	N	E
S	T	I	R	K

आपको पांच अक्षर का एक सही शब्द खोजना है। नीचे दिए पांच खानों में सही शब्द लिखें। कुछ संकेत इस तरह हैं-

- सही शब्द हरे-पीले खानों में लिखे अक्षरों से ही बनेगा।
- हरे खानों के अक्षर जवाब में इसी क्रम में आएंगे।
- स्लेटी खानों में लिखे अक्षरों का प्रयोग नहीं होगा।

- कल का जवाब : SCOUT

क्रॉसवर्ड-470



© Bird Features & Writing Agency

बाएं से दाएं:-

1. जोश, गुस्सा, संचार, दौरा (3)। 3. रस से भरा हुआ (3)। 7. उपाय, तरीका, युक्ति, ढंग (4)। 8. उपेक्षा करने वाला, तिरस्कार (4)। 10. व्यर्थ की बात (4)। 12. घर, गृह, निवास स्थान (3)। 13. जिस समय, जब (2)। 15. पूर्णतया, बिल्कुल (4)। 18. शांत करना या बुझाना (3)। 20. हिम्मत, उग्रता, प्रचंडता (3)। 21. कृत्रिम जल स्रोत (3)। 22. एक और चौथाई (2)। 24. गिरने की क्रिया (3)। 26. युग, काल (3)। 27. मांगने वाला, भिक्षुक (3)।

ऊपर से नीचे:-

2. कष्ट, व्यथा (3)। 3. बाण (2)। 4. प्रमिका का दूसरा प्रेमी (3)। 5. नसीहत, सीख (3)। 6. प्रचंडता या हिम्मत (3)। 7. सब्जी, शाक (4)। 8. अपकीर्ति, बदनामी (4)। 9. जान, प्राण, सांस (2)। 11. लौटा हुआ या फेरा हुआ (3)। 14. पहाड़ के नीचे की जमीन (3)। 15. जिसका मत एक-दूसरे से मिलता हो (4)। 16. समूह या राशि, ढेर, विलास (2)। 17. रथ हांकने वाला, सारथी (2,3)। 19. किसी के संपूर्ण शरीर को पानी से धोना (4)। 23. गाने के साथ बजाया जाने वाला बाजा (2)। 24. समय का बहुत छोटा भाग, पलक (2)। 25. नवीन, नूतन, नवल (2)।

क्रॉसवर्ड 469 का उत्तर

प्रे	म	चं	द		हा	हा	का	र
	ज़ा		र	ह	स्य		ला	
वि	क	ल		ला		अ	ती	त
का		क	ल	ह		म	त	
र	ब	ड़		ल	ह	र		वा
	स	हा	रा		रि		स	दा
किं	ना	रा		क	त	रा	ना	
सा			दा	म			त	ना
न	का	र	ना		म	हा	न	ता

झटका • मुंबई इंडियंस को सबसे ज्यादा नुकसान

आईपीएल एक्शन से गायब रहेंगे 7 टीम के 13 खिलाड़ी, 3 की हो सकती है वापसी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

आईपीएल की शुरुआत शुक्रवार से हो रही है। सभी टीमों ने ऑक्शन के दिन रणनीतियों को ध्यान में रखते हुए कुछ विशेष खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया था, लेकिन 7 टीमों को अपने 13 खिलाड़ी टूर्नामेंट की शुरुआत होने से पहले ही खोने पड़े। कुछ खिलाड़ी इंजरी या कुछ निजी कारणों से लीग से हट गए। ज्यादा नुकसान मुंबई को हुआ है, जिसके दो खिलाड़ी रिप्लेस हो चुके हैं और एक खिलाड़ी सूर्या का पहला मैच खेलना संदिग्ध है।

बाहर हुए खिलाड़ी और उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ी

चोटिल	रिप्लेसमेंट
मुंबई इंडियंस	
दिलशान मदुशंका	क्वेना मफाका
जेसन बेहरेनडोर्फ	ल्यूक वुड
सूर्यकुमार यादव*	कोई नहीं
कोलकाता नाइट राइडर्स	
जेसन रॉय	फिल साल्ट
गस अटकिनसन	दुशमंथा चमीरा
चेन्नई सुपर किंग्स	
डेवोन कॉन्वे*	कोई नहीं
मथीषा पथिराना*	कोई नहीं

चोटिल	रिप्लेसमेंट
दिल्ली कैपिटल्स	
हैरी ब्रुक	कोई नहीं
लुनगी एनगिडी	जैक फ्रेजर
गुजरात टाइटंस	
मोहम्मद शमी	संदीप वॉरियर
लखनऊ सुपर जाएंट्स	
मार्क वुड	शमार जोसेफ
राजस्थान रॉयल्स	
प्रसिद्ध कृष्णा	कोई नहीं
एडम जम्पा	कोई नहीं

*ये खिलाड़ी आईपीएल के शुरुआती कुछ मैच ही मिस करेंगे।



तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने फरवरी में एड़ी की सर्जरी कराई थी। वे रिकवरी कर रहे हैं।

कैरेबियाई खिलाड़ी टीमों की पहली पसंद

डब्ल्यूपीएल चैम्पियन स्मृति व ऋचा 'द हंड्रेड' में बिखेरेंगी रंग

भास्कर न्यूज़ | लंदन

वीमेंस प्रीमियर लीग विजेता टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर ऋचा घोष इंग्लैंड की द हंड्रेड लीग में भी रंग बिखेरने को तैयार हैं। स्मृति को सदर्न ब्रेव ने 53 लाख की सैलरी में टीम से जोड़ा। वहीं, ऋचा बर्मिंघम का प्रतिनिधित्व 17 लाख रुपए में करेंगी। हरमनप्रीत, जेमिमा, दीप्ति शर्मा, रेणुका ठाकुर और श्रेयंका अनसोल्ड रहीं। पुरुषों के द हंड्रेड में वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की मांग रही। पूरन को 1.32 करोड़ में नॉर्दर्न सुपरचार्ज और रसेल को लंदन स्पिरिट ने 79 लाख में खरीदा। हेटमायर लंदन स्पिरिट, कीरोन पोलार्ड और रोवमैन पॉवेल ट्रेंट रॉकेट्स से जुड़ेंगे।



स्मृति मंधाना

बाबर, जेसन रॉय और नरेन जैसे बड़े नाम रहे अनसोल्ड

अनसोल्ड रहे खिलाड़ियों की सूची में पूर्व टी20 नंबर-1 बल्लेबाज बाबर आजम भी शामिल हैं। उनके अलावा टी20 के पूर्व नंबर-1 गेंदबाज सुनील नरेन भी अनसोल्ड रहे। इंग्लैंड के जेसन रॉय को भी खरीदार नहीं मिला। केन विलियम्सन, एंजेलो मैथ्यूज, मिचेल सेंटनर, शादाब खान और मैट हेनरी भी ड्राफ्ट में पिक नहीं किए गए।

आईपीएल बुलेटिन


50 शब्दों में खबर

रोहित शर्मा कर रहे खास ट्रेनिंग



मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अलीबाग में टीम के प्रैक्टिस गेम में शामिल नहीं हुए थे। इस पर मुंबई ने कहा कि रोहित तीन दिन के लिए स्पेशल ट्रेनिंग कर रहे हैं। इसमें कस्टमाइज्ड प्रैक्टिस सेशन, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग सेशन शामिल हैं, इसलिए वे गेम में नहीं आए।

आक्रामक शुरुआत चाहते हैं कमिंस



सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान पैट कमिंस आक्रामक शुरुआत की तैयारी कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया के कमिंस ने कहा, 'टी20 हमेशा मुश्किल होते हैं और हैदराबाद अच्छी टीम है। पर मैं आक्रामक शुरुआत करना चाहता हूं। मैंने खिलाड़ियों को जानने के लिए उनके साथ काम किया है।'

140 की रफ्तार से गेंद फेंकते हैं मफाका



मुंबई की टीम में 17 साल के दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी क्वेना मफाका शामिल हुए हैं। उन्होंने श्रीलंका के दिलशान मदुशंका को रिप्लेस किया है। तेज गेंदबाज मफाका ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 21 विकेट लिए थे। वह 140 किलोमीटर की रफ्तार से गेंद फेंकने में माहिर हैं।

मन्हास-निखिल चोपड़ा सलेक्टर बनने की रेस में

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

पूर्व भारतीय स्पिनर निखिल चोपड़ा और दिल्ली के वेटरन विकेटकीपर मिथुन मन्हास बीसीसीआई के सलेक्टर बनने की रेस में हैं। इनके अलावा मौजूदा जूनियर सलेक्टर कृष्ण मोहन ने भी इस पद के लिए अप्लाई किया है। बीसीसीआई की पांच सदस्यीय सलेक्शन कमेटी में एक पद खाली है। बोर्ड ने इसके लिए जनवरी में आवेदन मंगाए थे। कमेटी में वेस्ट जोन से अजीत आगरकर और सलिल अंकोला हैं। अंकोला नार्थ जोन के सलेक्टर के लिए जगह खाली कर सकते हैं। पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी अप्लाई किया है।

स्विस ओपन: त्रेसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

हमवतन प्रिया-श्रुति को 36 मिनट में मात दी

भास्कर न्यूज़ | बासेल

भारत की त्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी स्विस ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। आठवीं सीड त्रेसा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन के. प्रिया-श्रुति मिश्रा को लगातार गेम में मात दी। त्रेसा-गायत्री ने मुकाबला 36 मिनट में 21-10, 21-12 से अपने नाम किया। अब भारतीय जोड़ी का सामना ऑस्ट्रेलिया की सेतयाना मापासा और एंजेला यू की जोड़ी से होगा। इस बीच, तनिषा क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की एक अन्य भारतीय जोड़ी को दूसरे राउंड में हार मिली। तनिषा-अश्विनी को जापान की रुई हिरोकामी-युना काटो ने 21-17, 21-16 से हराया।



वॉटसन के इंकार के बाद पीसीबी का कर्स्टन-हेडन से कोच के लिए संपर्क

एजेंसी | कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की नए कोच की तलाश खत्म नहीं हो रही है। पीसीबी ने शेन वॉटसन के इंकार करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन से संपर्क साधा है। पीसीबी चाहता है कि कोई विदेशी कोच पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक काम करे, लेकिन विदेशी कोचों के साथ पीसीबी के इतिहास को देखते हुए वे दायित्व लेने से हिचक रहे हैं। कर्स्टन, हेडन के अलावा पाक ने जस्टिन लैंगर, माइक हेसन, डेरेन सैमी, इयोन मॉर्गन और फिल सिमंस की भी मुख्य कोच के पद के लिए संपर्क किया है। माना जा रहा है कि कोच को टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी तक का कॉन्ट्रैक्ट दिया जाएगा। कर्स्टन भारत के साथ 2011 वर्ल्ड कप जीत चुके हैं। वहीं, हेडन पहले भी पाक की कोचिंग कर चुके हैं। लैंगर के पास ऑस्ट्रेलिया को कोच करने का अनुभव है।

प्राइम वॉलीबॉल लीग: कालीकट हीरोज पहली बार चैम्पियन, दिल्ली को हराया



चेन्नई | प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन में कालीकट हीरोज ने खिताब अपने नाम किया। चेन्नई के नेहरू इंडोर स्टेडियम में फाइनल में कालीकट हीरोज ने दिल्ली तूफान्स को 15-13, 15-10, 13-15, 15-12 से हराया।

भास्कर खास • बुंदेसलिगा में बायर लेवरकुसेन मौजूदा टैली में टॉप पर, पहली बार टाइटल जीतने के करीब

फुटबॉल: जर्मनी में चैम्पियन बदलेंगे स्पेन के स्टार जाबी

गौरव मारवाह | चंडीगढ़

स्पेन के मिडफील्डर जाबी अलोंसो जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलिगा को नया चैम्पियन देने के करीब हैं। जाबी बायर लेवरकुसेन टीम के चीफ कोच हैं और उनकी टीम पूर्व चैम्पियन बायर्न म्यूनिख से 10 अंक आगे है। बुंदेसलिगा के मौजूदा सीजन में लेवरकुसेन अब तक अजेय है और 26 मैच में से 22 जीत, 4 ड्रॉ के बाद उसके 70 अंक हैं। लेवरकुसेन सबसे सफल बायर्न म्यूनिख को भी मौजूदा सीजन में 3-0 से हरा चुका है। कोच जाबी भले ही टाइटल की बात नहीं कर रहे, लेकिन उनकी टीम एक चैम्पियन की तरह खेल रही है। उनसे जब टाइटल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। 42 वर्षीय कोच स्पेन, रियल मैड्रिड, लिवरपूल, रियल सोसाइडाड और बायर्न के लिए शानदार खेल के बाद लेवरकुसेन को लीड कर रहे हैं।


• जिस क्लब से खेले, उसे पछाड़ा

बुंदेसलिगा में अब तक बायर्न म्यूनिख का दबदबा रहा है। वे 32 बार टाइटल पर कब्जा कर चुके हैं। जाबी 2014 से 2017 तक बायर्न के लिए खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इस बार वे उसे ही खिताब जीतने से रोक रहे हैं। पिछले 11 साल से बायर्न ने ही टाइटल जीता है। इस बार नया विजेता मिलेगा।



• मौजूदा पॉइंट्स टैली...

टीम	मैच	जीत	हार	ड्रॉ	अंक
लेवरकुसेन	26	22	04	00	70
बायर्न म्यूनिख	26	19	03	04	60
स्टटगार्ट	26	18	02	06	56
बोरुसिया	26	14	08	04	50
लिपजिग	26	15	04	07	49
फ्रैंकफर्ट	26	10	10	06	40



• 1979 में हुआ लेवरकुसेन का डेब्यू...

लेवरकुसेन का बुंदेसलिगा डेब्यू 1979 में हुआ और अब वे बायर्न म्यूनिख का दबदबा तोड़ने के करीब हैं। पिछले साल वे टॉप-5 में भी शामिल नहीं थे और छठे स्थान पर रहते हुए टीम ने अभियान समाप्त किया। 45 सीजन खेलने के बाद टीम टाइटल जीतने के करीब है।


पेरिस ओलिंपिक: टेबल टेनिस के दिग्गज शरत कमल होंगे फ्लैगबियरर

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



टेबल टेनिस दिग्गज शरत कमल को पेरिस ओलिंपिक के लिए भारत का फ्लैगबियरर बनाया गया है। वहीं, चीफ डी मिशन बॉक्सर एमसी मैरीकॉम को चुना है। विंटर ओलिंपियन शिवा केशवन को डिप्टी चीफ डी मिशन बनाया गया है। इस बीच, पेरिस ओलिंपिक के लिए फुटबॉल का शेड्यूल भी जारी हो गया है। पुरुषों के मुकाबले 24 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेंगे। वहीं, महिलाओं के मुकाबले 25 जुलाई से 10 अगस्त तक खेले जाएंगे।

वाराणसी में 'मसान की होली'






चंदन पांडेय | वाराणसी. बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में गुरुवार को मणिकर्णिका घाट पर मसान की होली खेली गई। जलती चिता की राख और अबीर गुलाल से खेली जाने वाली इस होली में करीब 50 हजार लोग पहुंचे। बीते 360 सालों से काशी की यह परम्परा जारी है। बीच में कुछ साल यह बंद हो गई थी। लगभग 30 वर्ष पहले मणिकर्णिका घाट व श्मशानेश्वर महादेव मंदिर के लोगों ने मिल कर इसे दोबारा शुरू किया। मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ जब माता पार्वती का गौना कराकर लौटे थे तो उसकी खुशी में इस होली की शुरुआत हुई।

विश्व जल दिवस आज • बड़े शहरों में डेवलपमेंट जल समृद्ध क्षेत्र में किया जा रहा, योजनाकारों की ये बड़ी गलती...

6 बड़े शहरों में 25% तक कम सप्लाई; प्रति व्यक्ति जरूरत का आधा पानी मिल रहा, रिचार्ज सिस्टम कारगर नहीं, इससे जल संकट

भास्कर एक्सपर्ट
सुधींद्र मोहन शर्मा



जियोलॉजिस्ट, भूजल वैज्ञानिक व जल प्रबंधन सलाहकार। पेयजल मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सलाहकार।

भास्कर एक्सपर्ट के साथ **सचिन गुप्ता** की रिपोर्ट

दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में जल संकट के हालात बन रहे हैं। इसकी 5 वजह हैं। **पहली-** इंदौर, दिल्ली, चेन्नई समेत बड़े शहरों की जियोलॉजी, वाटर इंफ्रास्ट्रक्टचर, पानी का इस्तेमाल-मैनेज करने का तरीका समान है। ज्यादातर शहर हार्ड रॉक पर बसे हैं। इस कारण ग्राउंड वाटर स्टोरेज की क्षमता सीमित है। डेवलपमेंट में ध्यान नहीं दिया गया कि शहरों के कुछ क्षेत्र ही जल समृद्ध होते है। ऐसे इलाकों की मैपिंग कर उन्हें डेवलपमेंट से दूर रखा जाना चाहिए था, पर ऐसा नहीं हुआ। **दूसरी-** शहरी जरूरतों के लिए बोरवेल आधारित सिस्टम अपनाया जा रहा है। योजनाकारों की इन बड़ी गलतियों से धरती से वो पानी निकाल गया, जो आपातकाल में काम आता। अब संकट में धरती रीत चुकी है। **तीसरी-** हार्ड रॉक के कारण वाटर एब्सॉर्पशन क्षमता कम है। मिट्टी के कटाव से टॉप लेयर में पानी अवशोषित करने वाला स्पंज गायब हो चुका है। ऐसे में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर हार्वेस्टिंग वाला रिचार्ज मॉडल कारगर ही नहीं है। **चौथी-** झीलों, वेटलैंड्स पर अतिक्रमण ने समस्या बढ़ा दी है। **5वीं-** ग्रीन कवर लगातार घटता गया। घास वाले क्षेत्र कम होते जा रहे हैं। ये खतरे की घंटी है।

विसंगतिः दिल्ली-मुंबई में प्रति व्यक्ति पानी की सप्लाई 240 लीटर, तो बेंगलुरू में 55 लीटर ही

अधिकांश शहरों में पानी की मांग और सप्लाई का अंतर बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु समेत 6 शहरों में 25% तक सप्लाई है। दिल्ली-मुंबई को छोड़ अन्य शहरों में प्रति व्यक्ति 68 लीटर तक ही रोज पानी मिल रहा है, जो आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के मानक (135 लीटर प्रति दिन) से आधा भी नहीं हैं।

शहर	जरूरत	उपलब्ध	आबादी	प्रति व्यक्ति पानी की सप्लाई
बेंगलुरु	2600 एमएलडी	2100 एमएलडी	1.2 करोड़	55 लीटर
हैदराबाद	2760 एमएलडी	2500 एमएलडी	1.1 करोड़	68 लीटर
चेन्नई	1400 एमएलडी	1060 एमएलडी	1.22 करोड़	55 लीटर
मुंबई	4200 एमएलडी	3950 एमएलडी	2.16 करोड़	232 लीटर
जयपुर	700 एमएलडी	630 एमएलडी	43 लाख	55 लीटर
दिल्ली	1290 एमएलडी	943 एमएलडी	3.38 करोड़	240 लीटर

मौजूदा संकटः अल नीनो की वजह से कम बारिश हुई, इससे पानी की कमी

जल संकट का मुख्य कारण कम बारिश है। इस साल जनवरी से अब तक देश के 60% हिस्से में बारिश कम या बिलकुल नहीं हुई।

- देश के 75 बड़े जलाशयों में पानी क्षमता से 40% से नीचे है। 21 में यह 50% नीचे है।
- **दक्षिण में संकट ज्यादा गंभीरः** 57% जलाशय सूखने की कगार पर हैं। यह लगातार 23वां हफ्ता है, जब जल स्तर में तेज गिरावट आई है।



आंध्र के तालाब आधे खाली

राज्य	
आंध्र	49%
कर्नाटक	28%
तमिलनाडु	20%
बिहार	44%
उत्तर प्रदेश	33%
राजस्थान	15%
पंजाब	16%

(स्रोतः कर्नाटक वेदर, नीति आयोग, डाउन टू अर्थ और अन्य रिपोर्ट)

दिल्ली-मुंबई में प्रति व्यक्ति औसत से पानी ज्यादा क्यों

दिल्ली में प्रति व्यक्ति पानी की खपत 240 लीटर है, जो देश के औसत से ज्यादा है। पानी की अनियमित सप्लाई के कारण लोगों में पानी स्टोर करने की आदत है। दिल्ली-मुंबई में सरफेस वाटर की कमी नहीं है। इस कारण ज्यादा पानी देने में दिक्कत नहीं होती।

बेंगलुरु बेहाल क्यों? 50 साल में सरफेस वाटर 70% घटा

आईआईएससी के प्रोफेसर टीवी रामचंद्र के मुताबिक बेंगलुरु में 1973 में 2,324 हेक्टेयर में सरफेस वाटर था। 2023 में ये 696 हेक्टेयर बचा। 98% जल स्रोतों पर अतिक्रमण हुआ।

योजनाकार ये करेंः बोरवेल के बजाय नदियों-तालाबों से हो शहरों में पानी सप्लाई, ग्रीन कवर बढ़ाएं

ग्राउंड वाटर (बोरवेल) के बजाय सरफेस वाटर यानी जलाशयों, नदी, झील आदि से पानी लाकर शहरों की जरूरतें पूरी की जानी चाहिए। इससे जल स्त्रोत सूखने के बजाय मानसून के बाद भी लबालब रहेंगे। वे ग्राउंड वाटर रिचार्ज भी करते रहते हैं। जल समृद्ध क्षेत्र में डेवलपमेंट पर रोक लगे। ग्रास आधारित ग्रीन कवर बढ़ाएं।

पन्नू मामले में जवाबदेही के लिए भारत के साथ काम कर रहा बाइडेन प्रशासन

एजेंसी | वॉशिंगटन

खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश की जवाबदेही के लिए बाइडेन प्रशासन भारत सरकार के साथ काम कर रहा है। दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस ऑफ फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा कि भारत को इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए हम भारत के साथ काम कर रहे हैं। भारत ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति भी गठित कर दी है।

बदायूं हत्याकांडः बच्चों को 24 बार चाकू मारा; दूसरे आरोपी ने सरेंडर किया

एजेंसी | बदायूं/बरेली

दो बच्चों की हत्या के बाद फरार मुख्य आरोपी के भाई जावेद ने बरेली में एक पुलिस चौकी में आत्मसमर्पण कर दिया। उसे आगे की पूछताछ के लिए बदायूं लाया गया। इस मामले में एक ऑनलाइन वीडियो में जावेद कह रहा है कि उसका इन हत्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उसके बड़े भाई साजिद ने घटना को अंजाम दिया है। बच्चों की प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि हमलावर ने एक बच्चे पर 13 बार और दूसरे बच्चे पर 11 बार चाकू से वार किया था।

कैश फॉर क्वेरीः टीएमसी नेता के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

एजेंसी | नई दिल्ली

पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। सीबीआई की यह कार्रवाई लोकपाल की ओर से निर्देश दिए जाने के संदर्भ में की गई है। लोकपाल ने सीबीआई की प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों को सही माना है। इस आधार पर एजेंसी से विस्तृत जांच कर 6 महीने में रिपोर्ट मांगी गई है। इस मामले में महुआ की लोकसभा सदस्यता चली गई।

चीन-पाक अफसरों की बैठक के दौरान किया गया हमला

ग्वादर हमलाः पाकिस्तान के 25 जवान मारे गए, चीन के 3 अफसर भी घायल

भास्कर न्यूज | ग्वादर

पाकिस्तान में ग्वादर पोर्ट अथॉरिटी कॉम्पलेक्स पर हमले के दूसरे दिन 25 सुरक्षाकर्मियों के मारे जाने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा किए गए इस हमले में 6 आईएसआई, 4 मिलिट्री इंटेलिजेंस और 15 नेवल कमांडो मारे गए। तीन घंटे चले हमले में 3 चीनी अधिकारी भी घायल हुए हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की मीटिंग के दौरान हमला होने से सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है। सवाल उठ रहे हैं कि हमलावरों को पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों के एक ही कमरे में होने की जानकारी कैसे मिली।

अब खुफिया नेटवर्क बनाएगा चीन

हमले के बाद चीन बलूचिस्तान में अपना खुफिया नेटवर्क स्थापित करने के बारे में सोच सकता है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अगर चीन बलूचिस्तान या खैबर पख्तूनख्वा में खुफिया नेटवर्क बनाने के लिए मंजूरी मांगता है, तो पाकिस्तान मना भी नहीं कर पाएगा।

दैनिक भास्कर
महाभारत 2024

इलेक्शन एक्सप्रेस
40 शब्दों में खबर

यूपीः सपा-पल्लवी पटेल का गठबंधन टूटा

लखनऊ | सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान कर दिया है कि यूपी में सपा और पल्लवी पटेल की अपना दल कमेरावादी का गठबंधन टूट गया है, इस गठबंधन के टूटने की वजह लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग बताई जा रही है।

बिहारः गया से लड़ेंगे जीतन राम मांझी

पटना | गया लोकसभा सीट पर एनडीए की तरफ से हिंदुस्तान अवाम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। मांझी को राजद के सर्वजीत चुनौती देंगे। 2014 में गया सीट से जदयू के टिकट पर उतरे मांझी चुनाव हार गए थे।

मिजोरम : कांग्रेस ने पूर्व गृह सचिव को उतारा

आईजोल | कांग्रेस ने मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट पर पूर्व गृह सचिव लालबियाकजामा को उतारा है। वे आईपीएस अफसर भी रहे हैं। 2020 में रिटायर होने के बाद वे 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए थे।

महाराष्ट्रः अजित के करीबी अब शरद के साथ

पुणे | एनसीपी को बड़ा झटका लगा है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के करीबी माने जाने वाले बजरंग सोनवणे शरद पवार की पार्टी से जुड़ गए। बीड जिले के रहने वाले सोनवणे को अजित पवार और धनंजय मुंडे का वफादार माना जाता था।



अब तक 138 कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के दामाद को कर्नाटक के गुलबर्ग से टिकट

कांग्रेस ने 56 प्रत्याशियों की सूची जारी की

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची में 57 प्रत्याशी हैं। तीसरी सूची में पार्टी ने 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश है। गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और पुडुचेरी की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। सबसे ज्यादा कर्नाटक से 17 और गुजरात से 11 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।

पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधाकृष्ण को कर्नाटक के गुलबर्ग से प्रत्याशी बनाया है। वहीं 2 सांसदो का टिकट रिपीट हुआ है। इसमें पश्चिम बंगाल के बहरामपुर से अधीर रंजन और पुडुचेरी से वी वैथीलिंगम हैं। अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी को अरुणाचल वेस्ट से टिकट मिला है। वहीं (मलकाजगिरी) तेलंगाना से ऐ.आर.रेड्डी का टिकट काट सुनीता महेंद्र रेड्डी और मालदा उत्तर (पश्चिम बंगाल) से अबु हसीम खान की जगह बेटे इशा खान को टिकट दिया है।

पार्टी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर से छत्रपति शिवाजी के वंशज शाहू शाहजी छत्रपति को मैदान में उतारा है। वहीं सीकर (राजस्थान) को सीपीआईएम के लिए छोड़ा है। अब तक 138 नामों की घोषणा हुई है।

तीन दलबदलू नेताओं को टिकट

तीसरी सूची में कांग्रेस ने तीन दलबदलू उम्मीदवार को टिकट दिया है। तीनों तमिलनाडु के हैं। इसमें बीआरएस सांसद रंजीत रेड्डी, बीआरएस विधायक दानम नागेंद्र और बीआरएस नेता सुनीता महेंद्र रेड्डी हैं। हाल के दिनों में ये कांग्रेस में शामिल हुए थे। 17 सीटों वाले राज्य में अब तक 9 को टिकट दिया गया है।

कांग्रेस ने अरुणाचल विधानसभा के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की

ईटानगर | अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 34 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। प्रदेश में कुल 60 विधानसभा सीटें हैं। राज्य की सभी सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। भाजपा बीते हफ्ते ही प्रदेश की सभी 60 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है।

भाजपाः 9 प्रत्याशी घोषित, अब तक 276 टिकट बांटे

नई दिल्ली | भाजपा ने लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट गुरुवार को जारी कर दी। इस सूची में पार्टी ने 9 प्रत्याशियों को टिकट दिया है। सभी तमिलनाडु के हैं। तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। पार्टी अब तक 276 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर नेताओं की प्रतिक्रिया

ये गिरफ्तारी नई जन-क्रांति को जन्म देगीः अखिलेश यादव

- जो खुद हैं शिकस्त के खौफ में कैद 'वो' क्या करेंगे किसी और को कैद... भाजपा जानती है कि वो दोबारा सत्ता में नहीं आनेवाली, इसी डर से वो चुनाव के समय, विपक्ष के नेताओं को किसी भी तरह से जनता से दूर करना चाहती है, गिरफ्तारी तो बस बहाना है। ये गिरफ्तारी एक नई जन-क्रांति को जन्म देगी। **- अखिलेश यादव, सपा नेता**
- वे विपक्ष से डरते हैं, वे जानते हैं कि जीतने का एकमात्र तरीका विपक्ष को चुप कराना या गिरफ्तार करना है। इसे भारत में लोकतंत्र की हत्या कहना सही होगा, न कि भारत को लोकतंत्र की जननी। **- प्रियंका चतुर्वेदी, शिवसेना**
- आज दिल्ली का हर नागरिक संतुष्ट है कि भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे मुख्यमंत्री को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार की हार है। उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। **- वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष**
- भाजपा की राजनीतिक टीम ईडी, केजरीवाल की सोच को कैद नहीं कर सकती क्योंकि आप ही भाजपा को रोक सकती है। सोच को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। **- भगवंत मान, पंजाब के मुख्यमंत्री**
- अरविंद केजरीवाल पर ईडी की छापेमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन है और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। **- क्लाइड क्रैस्टो, एनसीपी (एसपी)**
- ये एक तरह से अत्याचार है। पार्टी को कुचलने के लिए पूरी केंद्र सरकार ताकत लगा चुकी है। केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा सकता है लेकिन सोच को गिरफ्तार नहीं कर सकते।' **- सौरभ भारद्वाज, दिल्ली के मंत्री**
- यह कानून की एक प्रक्रिया है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के उद्देश्य से की जा रही है... हम तो यही कहेंगे कानून को अपना काम करने दीजिए **- रविशंकर प्रसाद, भाजपा प्रवक्ता**
- अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बेहद आपत्तिजनक है। यह कार्रवाई चुनाव प्रक्रिया के स्तर पर विपक्षी आवाज को बंद करने के प्रयास का हिस्सा है। यह उन लोगों की कायरता है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया से डरते हैं। **-पी. विजयन, केरल के सीएम**
- केजरीवाल की जिम्मेदारी बनती थी कि ईडी के समन जाएं और ईडी के सवालों का जवाब दें। ईडी नौ समन भेजे पर केजरीवाल ने सुध नहीं। आज ईडी ने कार्रवाई की है, वह पूरी तरह न्याय संगत है। **- गौरव भाटिया, भाजपा प्रवक्ता**

तमिलनाडुः केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे पर एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु | तमिलनाडु कैफे ब्लास्ट घटना पर टिप्पणी के मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शोभा करंदलाजे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शोभा ने कहा था कि तमिलनाडु के लोग राज्य में आकर बम लगाते हैं। आयोग ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना था और सीईओ को 48 घंटे में कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था। इधर, मदुरै पुलिस ने भी शोभा पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का मामला दर्ज किया है। **रवि पर एफआईआरः** कर्नाटक में राहुल गांधी और हिंदुओं पर की गई सोशल मीडिया पोस्ट मामले में भाजपा नेता सीटी रवि के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

नेताओं की कमी से जूझ रही गुजरात कांग्रेस, जेब से चुनावी खर्च की नौबत...

गुजरातः सात कांग्रेस नेताओं का लड़ने से इनकार

चिंतन आचार्य | गांधीनगर

गुजरात में कांग्रेस नेताओं की कमी से जूझ रही है। स्थिति यह आ गई है कि अब तक पार्टी के 7 नेता चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं। बैकफुट पर जाने की एक वजह यह भी है कि चुनाव में खर्च जेब से करने की नौबत आ गई है। इसके चलते गुजरात कांग्रेस के नेता कोई न कोई बहाना कर मैदान में उतरने से बचते नजर आ रहे हैं। हाल ही में अहमदाबाद पूर्व से रोहन गुप्ता ने उम्मीदवारी छोड़ दी थी।

रोहन से पहले परेश धानानी (पूर्व नेता प्रतिपक्ष), प्रताप दूधात, भरत सोलंकी और जगदीश ठाकोर (दोनों गुजरात कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष), हिम्मत सिंह पटेल (2019 में लोकसभा प्रत्याशी) और शैलेष परमार (विस. में कांग्रेस दल के नेता)। इसके अलावा गुजरात कांग्रेस के जुझारू चेहरा रहे अर्जुन मोढवाडिया, सी.जे. चावडा, नारण राठवा और अंबरीश डेर भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार-फंड सबसे प्रमुख वजह है। आलाकमान का संदेश है कि पार्टी हर सीट पर 3 से 4 करोड़ रु. तक खर्च कर सकती है। पर भाजपा से मुकाबले के लिए प्रत्याशी को जेब से खर्च करना पड़ेगा। चिंता यह भी है कि जेब खर्च के बाद भी जीत की गारंटी नहीं है।

भाजपा नेता गुंजल कांग्रेस में, बोले-कोटा में एक परिवार का कब्जा

कोटा/जयपुर | राजस्थान में भाजपा के पूर्व विधायक और हाड़ौती के कद्दावर नेता प्रहलाद गुंजल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का नाम लिए बिना कहा कि हाड़ौती में दो भाई साहब हैं, एक बड़े भाई साहब, एक छोटे भाई साहब। गुंजल ने कहा कि अब महसूस होने लगा है कि कोटा में तो सिर्फ एक परिवार का कब्जा है। गुंजल के पार्टी छोड़ने पर भाजपा नेता सतीश पूनिया ने कहा कि यह मामला अपवाद है। भाजपा के बहुत ही कम नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं।



भाजपा को वंशवाद से नहीं, विरोध करने वाले परिवारों से समस्याः उमर

श्रीनगर | नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वंशवाद की राजनीति से कोई समस्या नहीं है, लेकिन उन परिवारों से समस्या है जो भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं। उमर ने सवाल उठाए कि बिहार में चिराग पासवान के साथ भाजपा के गठबंधन और महाराष्ट्र में गठबंधन की अटकलों के बीच गृहमंत्री अमित शाह की राज ठाकरे के साथ मुलाकात परिवारवाद या पारिवारिक राजनीति के उदाहरण नहीं हैं?

इलेक्शन इन्फोग्राफिक

सात दशक में सियासी पार्टियां 53 से 2500 हुईं

अभी देश में छह राष्ट्रीय पार्टी हैं। इनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, सीपीआईएम, एनपीपी और आप हैं। बीते साल आप ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाया, जबकि टीएमसी, एनसीपी और सीपीआई ने अपना दर्जा खो दिया।

चुनाव	कुल पार्टी	नेशनल पार्टी
1951	53	14
1957	15	04
1962	27	06
1996	209	08
1998	176	07
1999	160	07
2014	464	06
2019	674	07
2024	2500	06

नेशनल पार्टी 14 से 6 रह गईं

स्रोत : चुनाव आयोग

धन-बल 2022-23 में चुनाव आयोग ने 3,400 करोड़ रु की नकदी और सामान जब्त किए

चुनाव में काले धन की जब्ती बढ़कर 8 गुना हुई

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

चुनाव के दौरान काले धन की जब्ती लगातार बढ़ती जा रही है। नेताओं और पार्टियों द्वारा काले धन के इस्तेमाल से निष्पक्ष चुनाव करा पाना चुनाव आयोग के लिए मुश्किल होता जा रहा है। गौरतलब है कि 2022-23 में हुए 11 विधानसभा चुनाव में आयोग ने 3,400 करोड़ रु नकद और बाकी सामानों की जब्ती की। 2017-18 के मुकाबले इसमें 8 गुना यानी की 835% की बढ़ोतरी हुई है। आम चुनाव की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव में बढ़ते खर्च पर चिंता जताई थी।

पिछले 5 साल में चुनाव पर 4-7 लाख करोड़ रु खर्च



1999 लोकसभा में चुनावी खर्च 10 हजार करोड़ रुपए था, जो की बढ़ कर 2004 में 14 हजार करोड़ हो गया। 2009 में यह आंकड़ा 20 हजार करोड़ पंहुच गया। जबकि 2014 में चुनावी खर्च 30 हजार करोड़ हो गया। एक साथ चुनाव कराने पर बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि पिछले 5 सालों में हुए चुनाव में 4 लाख करोड़ से लेकर 7 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

2019 में प्रति लोकसभा 100 करोड़ रुपए खर्च

2019 लोकसभा में चुनावी खर्च का आधिकारिक आंकड़ा 7 हजार करोड़ रुपए था। हालांकि सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के अनुसार इस चुनाव में 55 हजार से 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इस चुनाव में हर लोकसभा में औसतन 100 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

दैनिक भास्कर

कोलंबिया • परिवार के साथ रहने की ट्रेनिंग दे रही बोगोटा सरकार

पत्नी से कैसे बात करें, ये सिखाने के लिए अलग से स्कूल खोले गए

बोगोटा | दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में घरेलू हिंसा से निपटने के लिए सरकार पुरुषों को ट्रेनिंग दे रही है। इसके लिए अलग से स्कूल खोले गए हैं, जहां उन्हें परिवार के साथ रहने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि पत्नी से कैसे बातचीत करें... बच्चों के डायपर बदलने से लेकर बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना तक सिखाया जा रहा है। दरअसल, घरेलू हिंसा से निपटने में नाकाम बोगोटा की स्थानीय सरकार ने 2021 में पुरुषों के लिए केयर स्कूल खोले, जहां उन्हें अच्छा पति, पिता और बेटा बनने की सीख दी जा रही है।

घरेलू काम कराने के लिए मुफ्त सेंटर भी खोले गए हैं



बोगोटा की स्थानीय सरकार ऐसे सेंटर भी चलाती है, जहां कई घरेलू काम के लिए मुफ्त में मदद ली जा सकती है। ऐसे सेंटर्स में कपड़े धुलवाए जा सकते हैं। बच्चों को कुछ देर के लिए छोड़ा जा सकता है। कानूनी सलाह और मानसिक समस्याएं बता सकते हैं।

महिलाएं 10, पुरुष 2.19 घंटे देखभाल करते हैं

नेशनल टाइम यूज सर्वे के मुताबिक, देखभाल के लिए महिलाओं को पेमेंट की जाए तो बोगोटा की कुल जीडीपी का 13% होगी। शहर की 30% महिलाएं रोजाना 10 घंटे देखभाल करती हैं। जो नौकरी करती हैं वे भी औसतन 5.32 घंटे देखभाल करती हैं। जबकि पुरुष सिर्फ 2 घंटे 19 मिनट ही देखभाल करते हैं।

परिंदे भी खेल सकते हैं मोबाइल गेम, तोता इसमें सबसे आगे

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

लंदन| बच्चों की तरह परिंदे भी मोबाइल पर गेम खेल सकते हैं। इस पर की गई एक स्टडी में कहा गया है कि परिंदों के लिए लिंकिंग एप बनाने की जरूरत है। नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक रेबेका क्लेनबर्गर ने कहती हैं कि कुछ तोता मालिकों ने पाया है कि बच्चों के मोबाइल गेम उनके परिंदे भी खेलते हैं। इनमें ड्राइंग और संगीत वाले एप तोतों को ज्यादा भाते हैं।

पक्षियों के लिए खास एप

डॉ. क्लेनबर्गर का सुझाव है कि मर्लिन बर्ड आईडी एप जैसे डिजिटल उपकरण तोता मालिकों की मदद कर सकते हैं। क्योंकि पक्षियों को आकार, रंग, व्यवहार आसानी से समझ आते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में कीड़े की एक नई प्रजाति मिली



ब्रिसबेन| ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य में शोधकर्ताओं को कीड़े की एक नई प्रजाति मिली है। लगभग एक सेमी के इस कीड़े के पूरे शरीर पर सफेद रंग के मुलायम बाल हैं। राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी सीएसआईआरओ के अनुसार, ये कीड़ा लॉन्गहॉर्न बीटल परिवार का सदस्य है।

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ भरत अग्रवाल द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादक: अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001